बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-93, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज 16

इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय 2


## लखनऊ में राजनाथ और अमेठी से स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन





लखनऊ। भाजपा उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय सीट और केंद्रीय नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज संसदीय सीट से पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। वहीं, केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी से नामांकन दाखिल किया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे।

## नीट पीजी : इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित की याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने इस साल 23 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कुछ समय तक दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस पर विचार नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि मेरा मतलब है कि जब कोई कटऑफ होता है तो लोग एक विशेष रेखा के पक्ष में जाने के लिए बाध्य होते हैं।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

नई दिल्ली। यूजीसी ने नेट की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। परीक्षा की तिथि को 18 जून को इसलिए किया गया है क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश ने कहा अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से कहा ट्रायल कोर्ट में क्यों नहीं दी अर्जी

नई दिल्ली, एजेंसी



- धनशोधन के एक मामले में जामानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अपनी जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका क्यों नहीं दायर की।

केजरीवाल ने ईडी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। पीठ ने केजरीवाल की ओर से कोर्ट में पेश अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया? डॉ. सिंघवी ने जवाब दिया कि हमने याचिका दायर कर ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस पर पीठ ने आश्चर्य प्रकट किया और कहा तो फिर कोई जमानत याचिका नहीं? सिंघवी ने जवाब दिया हां, इस अदालत का क्षेत्राधिकार व्यापक है। पीठ ने आगे कहा हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि क्यों... हम सिर्फ तथ्य की बता रहे हैं। सिंघवी ने कहा मैंने एक प्रत्युत्तर नोट और एक प्रारंभिक नोट भी भर दिया है। पीठ ने पूछा आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? सिंघवी ने कहा कि सबसे पहले तो इसलिए कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है।






# अल्पसंख्यकों के लिए कांग्रेस कर रही धर्म आधारित आरक्षण की बात

## प्रधानमंत्री ने कहा- किसी सूरत में सफल नहीं होने देंगे उसके मंसूबे

बागलकोट (कर्नाटक), एजेंसी



कर्नाटक में एक जनसभा में लोगों का अभिवादन करते नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समुदाय अब भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है।

हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है। उन्होंने कहा वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।

मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं। ये लोग धर्म के आधार पर, अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए, आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है। संसद में एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकतर सांसदों के भाजपा के साथ होने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं।

### इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगी : मोदी

सोलापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडी समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए, तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा एक तरफ मोदी है, जिसको 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडी समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

## नास्तिक मुस्लिम महिला की याचिका पर सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक नास्तिक मुस्लिम महिला की उस याचिका पर केंद्र और केरल सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उसने अपने पैतृक संपत्ति अधिकार के मामले में शरीयत के बजाय धर्मनिरपेक्ष भारतीय उत्तराधिकार कानून को लागू करने का अनुरोध किया है।

अलप्पुझा की रहने वाली और 'एक्स-मुस्लिम्स ऑफ केरल' की महासचिव सफिया पी.एम. ने कहा कि हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस्लाम नहीं छोड़ा है, लेकिन वह इसमें विश्वास नहीं रखती हैं और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म के अपने मौलिक अधिकार का उपयोग करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी घोषित करने की मांग की है कि जो व्यक्ति वसीयत और वसीयतनामा उत्तराधिकार के मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ द्वारा शासित नहीं होना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानून यानी भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 द्वारा शासित होने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में कहा कि अदालत पर्सनल लॉ के मामले में यह घोषणा नहीं कर सकती है कि नास्तिक व्यक्ति भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होगा।

## राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालु की मौत

अयोध्या कार्यालय

- हार्ट अटैक से मौत की जताई जा रही है आशंका
- एक की पहचान राजस्थान निवासी, दूसरी की पहचान नहीं

अमृत विचार : राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान बनवारी लाल (70) निवासी राजस्थान के रूप में हुई, जबकि दूसरी मृत महिला श्रद्धालु (50) की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हालांकि घटना का कारण तेज धूप गर्मी के साथ-साथ श्रद्धालु के द्वारा पानी न पीए जाने का कारण बताया जा रहा है। फिलहाल मृत महिला श्रद्धालुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सोमवार को राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये बनवारी लाल मंदिर परिसर से बाहर निकलने के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना मन्दिर में दर्शन कर प्रसाद काउंटर पर पहुंची एक महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें परिसर के निकट स्थित श्रीराम चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी परिसर के अधिकारियों को दी गई। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने बताया कि महिला श्रद्धालु की पहचान नहीं हो पाई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है

> बहुत से श्रद्धालु संकल्प लेकर आते हैं कि दर्शन के बाद ही पानी पीयेंगे। ऐसी स्थिति में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील है कि बढ़ती गर्मी का ध्यान रखते हुए श्रद्धालु पानी जरूर पीएं। अगर वह स्वस्थ रहेंगे तो उनका परिवार भी खुश रहेगा। - **डॉ. अनिल मिश्र**, सदस्य, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

> जानकारी कराई जा रही है। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। - **डॉ. संजय जैन**, सीएमओ

## एक नजर

### प्रोफेसर पर छात्रा का यौन उत्पीड़न करने का आरोप

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। छात्र संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण मजबूर होकर छात्रा ने परिसर छोड़ दिया। छात्र संघ ने कहा कि पीड़िता की महिला साथियों ने भी उसी शिक्षक पर यौन और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है, लेकिन इसके बावजूद छात्राओं की एक अन्य शिकायत पर भी जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी का इस्तीफा

नई दिल्ली। ऑनलाइन कैब बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने नियुक्ति के चार महीने के भीतर ही इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने कहा कि कंपनी 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। बख्शी जनवरी, 2024 में कंपनी में शामिल हुए थे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि कंपनी के ओला कैब्स डिवीजन में जनवरी में करीब 900 लोग थे और छंटनी से 90-140 लोग प्रभावित हो सकते हैं। संपर्क करने पर ओला ने इस सूचना पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं व 12वीं के नतीजे आज

रामनगर। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षाफल मंगलवार (आज) को घोषित किया जाएगा। इसके साथ सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023 का परीक्षाफल भी घोषित किया जाएगा।

## इंदौर में कांग्रेस को झटका, अंतिम दिन अक्षय ने की नामांकन वापसी

इंदौर, एजेंसी



- कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम हो सकते है भाजपा में शामिल

पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन पर्चा वापस ले लिया। वह जल्द ही भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल हो सकते हैं।

अक्षय बम, स्थानीय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपना पर्चा वापस लिया। लौटते वक्त वह मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने ने बताया कि कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन उम्मीदवारों ने सोमवार को तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस बीच, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने एक्स खाते पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें बम उनके साथ कार में बैठे नजर आ रहे हैं। मेंदोला को विजयवर्गीय का विश्वस्त माना जाता है। विजयवर्गीय ने तस्वीर के साथ लिखा इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है।

## मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गयी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है। देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है।

## उत्तराखंड में आग की 47 घटनाएं

संवाददाता, नैनीताल



- वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती, 39 पकड़े

अमृत विचार : उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर सरकार की सख्ती पिछले कुछ दिनों में काम आयी है। वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सैकड़ों अभियोग पंजीकृत किये हैं जबकि 39 लोगों को पकड़ा है।

पूरे प्रदेश में आग की अभी तक 653 घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। इनमें लगभग 814 हेक्टेअर जगंल खाक हो चुका है। इसमें से 480 हेक्टेअर से अधिक जगंल अकेले कुमाऊं परिक्षेत्र में है।

खास बात यह है कि सरकार के सख्त रुख के बाद वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में आग लगाने वालों के खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं और 31 मामलों में 39 लोगों को पकड़ा गया है। अधिकांश मुकदमे अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किये गये हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। यही नहीं आने वाले दिनों में और सख्ती की जाएगी। प्रदेश में इन सब के बावजूद आग की घटनाओं में कमी नहीं आयी है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में आग की 47 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इनमें से 30 घटनायें कुमाऊं और 16 गढ़वाल मंडल में हैं। एक घटना वन्य जीव रिजर्व में है।

वनाग्नि की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त तेवर दिखाये और गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में उच्च अधिकारियों के साथ पृथक पृथक बैठक की। मुख्यमंत्री ने जगंलों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों, नव युवक मंगल दलों के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य कायम करने को कहा था।

## मां ने दो बेटों के साथ कुएं में कूदकर जान दी

कार्यालय, चित्रकूट

- मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे का मामला
- घटना के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है

अमृत विचार : मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे झलमल में मां ने सोमवार को अपने दो बेटों के साथ कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। मामले के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

झलमल निवासी सबित लाल कोल की पत्नी अंजू (28) ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दो बेटों सुदीप (1) और सुधीर (3) को एक-एक कर कुएं में फेंका और फिर वह भी कूद गई। घटना के समय पति घर पर नहीं था। लौटने पर पत्नी-बच्चों को घर में न पाकर ढूंढने निकला तो किसी ग्रामीण ने बताया कि कुएं में तीनों के शव पड़े हैं। इसके बाद गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि गृहकलह की वजह से विवाहिता ने अपने बेटों के साथ जान दे दी है। मामले की जांच और पति से पूछताछ की जा रही है।

## गुलदार का वन क्षेत्राधिकारी पर हमला, हालत गंभीर

नगीना (बिजनौर)। क्षेत्र में पिंजरा व जाल लगा रही वन विभाग की टीम में शामिल वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर गुलदार ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। नगीना-नहटौर मार्ग स्थित गांव ज्ञानपुर बघाला स्थित के आश्रम के संचालक महात्मा सुनील कुमार ने वन विभाग से आश्रम के चारों ओर जाल और पिंजरा लगाने की मांग की थी। सोमवार दोपहर एक बजे वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में वन दरोगा जगत सिंह राणा, वन रक्षक अनिल कुमार, पौधमाली मोहम्मद अब्बास, मुजीब, लाल सिंह, ऋषिपाल की टीम आश्रम के चारों ओर जाल व पिंजरा लगाने के लिए गई थी।

## 46 प्रत्याशी करोड़पति, 25 पर आपराधिक मामले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**तीसरा चरण : भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी करोड़पति, बरेली के सपा प्रत्याशी सबसे अधिक धनवान**

अमृत विचार : उप्र. की 10 सीटों पर हो रहे तीसरे चरण के चुनाव में सपा, भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा धनवान हैं, इनकी औसत संपत्ति 47.67 करोड़ रुपये है। लगभग 182 करोड़ रुपये संपत्ति के साथ बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह एरन सबसे ज्यादा धनवान हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम के पास मात्र 12 हजार की संपत्ति ही बताई गई है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों के शपथपत्रों की पड़ताल करने के बाद उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह ने सोमवार को बताया कि भाजपा के सभी 10 उम्मीदवार, सपा व बसपा के सभी नौ-नौ प्रत्याशी, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक प्रत्याशी और जन शक्ति एकता पार्टी का इकलौता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.94 करोड़ है। दलों की बात करें तो सपा के बाद दूसरे नंबर पर भाजपा के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 11.74 करोड़ है। जबकि, बसपा के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.45 करोड़ है। वहीं, पीस पार्टी के तीन उम्मीदवारों के पास 1.13 करोड़ रुपये औसत संपत्ति है।

तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 25 पर आपराधिक मामले घोषित हैं। इनमें भाजपा व बसपा के चार-चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं, सपा के पांच प्रत्याशी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से एक उम्मीदवार ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें गंभीर मामलों की बात करें तो 20 उम्मीदवारों ने बताया कि उन पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### सपा प्रत्याशी ज्यादा धनवान

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि सपा के धनवान उम्मीदवारों में प्रवीन सिंह एरन के बाद दूसरे नंबर पर फिरोजाबाद के अक्षय यादव हैं। जिनकी संपत्ति 136 करोड़ रुपये के करीब है। वहीं, मैनपुरी से चुनाव लड़ रही अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव के पास करीब 42 करोड़ की संपत्ति है।

### मात्र 12 हजार की संपत्ति लेकर उतरे हसनुराम

सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम अम्बेडकरी के पास मात्र 12 हज़ार की संपत्ति हैं। दूसरे नंबर पर एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कैलाश कुमार हैं जिनकी संपत्ति 19 हज़ार बताई गई है। तीसरे नंबर पर निर्दल प्रत्याशी रवि कुमार की कुल संपत्ति 21 हज़ार रुपये है।

### कांग्रेस उम्मीदवार पर सबसे अधिक 17 मामले

फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर सबसे ज्यादा 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर बसपा के फिरोजाबाद प्रत्याशी चौधरी बशीर हैं, इनके खिलाफ नौ मामले हैं। वहीं, तीन आपराधिक मामलों के साथ संभल सीट के उम्मीदवार पवन कुमार तीसरे नंबर पर हैं।

## आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जाइंट्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
दोपहर 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

## एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी में बृजेश, सागर, सुमित के पदक पक्के

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी



भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए।

बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेगी।

## पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे सात बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालीफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो बीडब्ल्यूएफ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी। सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक के रूप में ओलंपिक में जाएगी।

## भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई मुकाबले में नजर राहुल पर



लखनऊ, एजेंसी

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# वरुण के आगे नतमस्तक हुई दिल्ली कैपिटल्स

## वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा ने चटकाए दो-दो विकेट, कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली को 153 पर रोका



वरुण चक्रवर्ती
3 विकेट
4 ओवर
16 रन

कोलकाता, एजेंसी



वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को नौ विकेट पर 153 रन के स्कोर पर रोक दिया।

चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। सुनील नारायण (24 रन पर एक विकेट) और मिशेल स्टार्क (43 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही। पृथ्वी साव (13) ने मिशेल स्टार्क के पहले ओवर में तीन चौके मारे लेकिन अगले ओवर में अरोड़ा की गेंद पर विकेटकीपर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क (12) ने स्टार्क की लगातार गेंदों पर कैच थमा दिया। शाई होप (06) ने अरोड़ा पर छक्के के साथ खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड को गए जिससे दिल्ली का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन हो गया।

पंत ने अरोड़ा पर चौका मारा जबकि अभिषेक पोरेल ने हर्षित राणा का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 67 रन बनाए। राणा ने पोरेल (18) को बोल्ड करके दिल्ली को चौथा झटका दिया। पंत 18 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब चक्रवर्ती की पहली ही गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर राणा ने उनका कैच टपका दिया। पंत हालांकि इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और चक्रवर्ती की गेंद पर कैच दे बैठे। चक्रवर्ती ने अगले ओवर में अच्छी फॉर्म में चल रहे ट्रिस्टन स्टब्स (04) को सॉल्ट के हाथों कैच कराया। दिल्ली के रनों का शतक 13वें ओवर में पूरा हुआ। अक्षर पटेल (15) को सुनील नारायण ने बोल्ड कर दिया। चक्रवर्ती ने कुमार कुशाग्र (01) को सॉल्ट के हाथों कैच कराके तीसरी सफलता हासिल की। कुलदीप ने मिशेल स्टार्क पर छक्के और चौके के साथ रन गति में इजाफा किया। उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।

### दिल्ली 153/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 | 7 | 3/0 |
| मैकगुर्क का वेंकटेश अय्यर बो स्टार्क | 12 | 7 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 | 15 | 2/1 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 6 | 3 | 0/1 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 | 20 | 2/1 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 | 21 | 2/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 4 | 7 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 1 | 3 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 5/1 |
| रसिक सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 8 | 10 | 1/0 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी

### तीरंदाज दीपिका कुमारी टॉप्स में फिर शामिल

**नई दिल्ली।** शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। अभी तक पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ धीरज बोम्मादेवरा ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सके हैं। आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तुर्की के अंताल्या में 15 और 16 जून को होगा। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है।

### दीक्षा एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 10 में

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में एक और अच्छे प्रदर्शन के बाद लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) के ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष -10 में पहुंच गईं। दीक्षा अब 455 अंकों के साथ एलईटी में नौवें स्थान पर है। इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ शीर्ष पर हैं। प्रणवी उर्स अपने पहले वर्ष में 25वें स्थान के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दीक्षा का आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेना लगभग तय है जो तोक्या में पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के बाद उनका दूसरा ओलंपिक होगा। वह अदिति अशोक के साथ खेलेंगी, जो अपने तीसरे ओलंपिक में खेलेंगी।

### वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता

**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।



### आर्सनल-मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी

**लंदन।** आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाये रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

### स्याही लगी उंगली दिखाने पर मिलेगी 25 प्रतिशत छूट

**जालंधर।** खेल उद्योग संघ ने आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने वालों को खेल सामानों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने आज व्यापारी संघों, स्पोर्ट्स गुड्स एसोसिएशन के सदस्यों से एक जून को लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनने का आग्रह किया। इस दौरान खेल उद्योग से जुड़े व्यापारियों/ उद्योगपतियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने उनसे कहा कि वे अपनी-अपनी औद्योगिक इकाइयों पर मतदाता जागरूकता के संबंध में साइन बोर्ड/बैनर आदि लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें ताकि कर्मचारी/श्रमिक अपने मतदान के अधिकार के प्रति संवेदनशील बनें।

## ऐसे मत बनो जैसे तुम नहीं हो : गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी



● पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के नवनियुक्त मुख्य जेसन ने पढ़ाया दिग्गज टीम को पाठ

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पीसीबी के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। गिलेस्पी ने कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! उन्होंने कहा आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर कराची, रावलपिंडी को चुना

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

## भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू, एजेंसी



● किदांबी श्रीकांत और सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी प्रतिद्वंद्वियों को हराया

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।

## ओलंपिक क्वालीफायर टीम में कोई बदलाव नहीं : डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



● इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले हैं विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा कि अगर महासंघ के पास एशियाई प्रतियोगिता और इस्तांबुल में आगामी विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के बीच एक महीने का समय होता तो भी वह पेरिस खेलों के आखिरी क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित कराता। नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के लिए शायद ही कोई समय था। इसलिए विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के लिए वही प्रविष्टियां भेजने का निर्णय लिया गया। पहलवानों के लिए अपने संबंधित भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कम समय में दो बार वजन घटाना बहुत मुश्किल होता।

## टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता आज करेंगे बैठक

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात करेगी लेकिन टीम की आधिकारिक घोषणा एक दिन बाद हो सकती है।

बीसीसीआई सचिव सीनियर चयन समिति (पुरुष) के संयोजक हैं और उनके अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के कारण यह समझा जाता है कि बैठक अहमदाबाद में होगी। दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का स्थान चयन बैठक में चर्चा के दो महत्वपूर्ण बिंदू होंगे। ऐसा समझा जाता है कि लोकेश राहुल (आईपीएल में अब तक 144 के स्ट्राइक रेट और 378 रन) और संजू सैमसन (161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन) के बीच दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अब भी संघर्ष चल रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय

**मुंबई।** बॉलीवुड में इरफान खान को ऐसे दमदार अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी आंखें भी अभिनय करती थीं। गहरी नशीली आंखे, ठहरी आवाज, वह बॉलीवुड के हीरो की तरह नहीं था लेकिन उसके चुंबकीय व्यक्तित्व में कुछ ऐसा था जो लोगों को बरबस जोड़ लेता सम्मोहित कर लेता। इरफान खान का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी आंखें याद आती हैं। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जो बड़ी ही संजीदगी से अपनी आंखों से अभिनय करते थे। इरफान के पिता भी कहते थे कि ये आंखें हैं या प्याला हैं। राजस्थान के जयपुर में इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम पठान परिवार में 07 जनवरी 1967 को हुआ था। इरफान खान उन दिनों क्रिकेटर बनना चाह रहे थे। इस बात का खुलासा इरफान ने खुद ही एक इंटरव्यू के दौरान किया था। इरफान खान ने कहा था, एक वक्त था जब मैं क्रिकेट खेलता था। मेरा सेलेक्शन सीके नायडू टूर्नामेंट के लिए हुआ था। उसमें मेरे 26 साथी चुने गए थे जिन्हें एक कैंप में जाना था, लेकिन मैं नहीं जा पाया, क्योंकि कैंप में जाने के लिए मैं पैसे का इंतजाम नहीं कर पाया। मैंने डिसीजन लिया कि क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इरफान खान अभिनेता बनना चाहते थे तो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया था। इरफान खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में दूरदर्शन के सीरियल ''श्रीकांत'' से की। कहा जाता था कि इरफान की आंखें दमदार अभिनय करती हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर टॉम हैंक्स ने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा था कि इरफान की आंखें भी अभिनय करती हैं। 'बीहड़ में तो बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में' इरफान की फिल्म पान सिंह तोमर का ये डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। इरफान खान ने अपने करियर के दौरान मकबूल, लंच बॉक्स, हासिल, लाइफ ऑफ पाइ, हिंदी मीडियम, हैदर, पीकू जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम किया। 'अंग्रेजी मीडियम' इरफान खान की आखिरी फिल्म थी, जो 2017 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल थी। इरफान खान ने अपने सिने करियर में ऐसी कई फिल्में की हैं, जो मील का पत्थर साबित हुई। तिग्मांशु धूलिया की फिल्म ''हासिल'' के लिए उन्हें ''बेस्ट विलेन'' का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। इरफान खान को फिल्म ''पान सिंह तोमर'' के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2011 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इरफान आज ही के दिन 29 अप्रैल को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गए।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# आयुष्मान भारत: साढ़े पांच साल में 47 फीसदी बने गोल्डन कार्ड

## 4.3 प्रतिशत कार्ड धारकों के इलाज पर खर्च हुए 58 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आयुष्मान भारत योजना वर्ष 2018 में शुरू हुई। मगर, साढ़े पांच साल का लंबा समय व्यतीत होने के बाद भी योजना जिले में पूरी तरह से परवान नहीं चढ़ पाई है। अब तक सिर्फ 47 फीसद लोगों के ही कार्ड बन पाए हैं। जिले में कार्ड धारकों की संख्या 10 लाख 28 हजार 184 है। जबकि आयुष्मान योजना के तहत 21,43,521 लोग चिंहित हैं।

सीएमओ कार्यालय में करीब 150 निजी अस्पताल पंजीकृत हैं। इनमें नर्सिंग होम से लेकर क्लीनिक तक शामिल है। मगर, इनमें से 15 में ही आयुष्मान गोल्डन कार्ड धारकों के इलाज की सुविधा है। हालांकि योजना में जिला एवं महिला अस्पताल सहित 65 सीएचसी पीएचसी शामिल है। योजना के तहत जिले में 10,28,184 लाभार्थी ही ऐसे हैं, जिनके साढ़े पांच साल में गोल्डन कार्ड बन पाए हैं। वहीं 11,15,337 लाभार्थियों के स्वास्थ्य विभाग अब तक कार्ड तक नहीं बनवा पाया है। बता दें कि योजना के तहत लाभार्थी परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रूपये तक के इलाज की सुविधा मिलती है।


आयुष्मान एप से गोल्डन कार्ड बनवाते नोडल अफसर डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी।

### योजना में शामिल सरकारी अस्पताल

| जिला अस्पताल | महिला अस्पताल |
|---|---|
| सीएचसी- 16 | पीएचसी- 47 |

### फैक्ट फाइल

| योजना की शुरुआत | वर्ष 2018 |
|---|---|
| कुल चिंहित परिवार | 5,02,619 |
| कुल लाभार्थी | 21,43,521 |
| अप्रैल-24 तक बने कार्ड | 10,28,184 |
| इलाज कराने वाले लाभार्थी | 44551 |
| खर्च धनराशि | करीब 58 करोड़ |

## 2143521 लाभार्थियों के जिले में बनने हैं गोल्डन कार्ड

"योजना के तहत चिन्हित लाभार्थियों के कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा कार्ड बनने की निरंतर निगरानी भी की जा रही है। लाभार्थी प्ले स्टोर से आयुष्मान एप डाउनलोड कर स्वयं कार्ड बना सकते हैं। सूची में शामिल सभी निजी अस्पतालों को निर्देशित किया जाता है कि कार्ड धारक मरीज का प्राथमिकता के साथ इलाज करें।"
-डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ एवं नोडल आयुष्मान भारत योजना

### निजी अस्पतालों को योजना से जोड़ने में अफसर नाकाम

जिले में निजी अस्पतालों की संख्या करीब 150 है। इनका पंजीकरण से लेकर नवीनीकरण सीएमओ कार्यालय से होता है। इसके बावजूद विभागीय जिम्मेदार सिर्फ 15 निजी अस्पतालों को ही योजना में शामिल करवा पाएं है। जबकि अन्य को सूचीबद्ध कराने में नाकाम ही हैं।

### नि:शुल्क बन रहे आयुष्मान गोल्डन कार्ड


नोडल अधिकारी ने बताया कि जिला एवं महिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी एवं योजना में शामिल निजी अस्पतालों में आयुष्मान मित्र तैनात है। इनमें गोल्डन कार्ड नि:शुल्क बनते हैं। साल 2011 की आर्थिक जनगणना में शामिल लोग इन केंद्रों पर राशनकार्ड के साथ सूची में अपना नाम चेक करवा लें। इसमें नाम होने पर कार्ड बन जाएगा।

### आयुष्मान गोल्डन कार्डधारकों का इन निजी अस्पतालों में होगा मुफ्त इलाज

1. सलूजा नर्सिंग होम- अस्थि रोग
2. एसएस हॉस्पिटल - जनरल सर्जरी एवं मेडिसिन
3. मोहन आई केयर - नेत्र रोग
4. सृजन हॉस्पिटल - जनरल सर्जरी
5. आयुष हॉस्पिटल - जनरल सर्जरी
6. शिवलोक हॉस्पिटल - अस्थि रोग
7. वन बीट हॉस्पिटल, भीरा- जनरल सर्जरी व मेडिसिन, स्त्री रोग, नेत्र रोग एवं बाल रोग
8. डॉ. श्रॉफ आई केयर, मोहम्मदी - नेत्र रोग
9. नाईस नर्सिंग होम - जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन
10. उमा प्रभा नेत्रालय- नेत्र रोग
11. टंडन आई हॉस्पिटल -नेत्र रोग
12. एस के मुजूमदार, क्लीनिक मैलानी- जनरल सर्जरी व मेडिसिन, स्त्री रोग, इमरजेंसी, यूरोलॉजी
13. चंद्रानी हॉस्पिटल - जनरल सर्जरी
14. रघुनाथ हॉस्पिटल - जनरल सर्जरी
15. अनुपम नर्सिंग होम - जनरल सर्जरी

# शारदा नगर और ओयल में फंदे पर लटके मिले दो युवकों के शव

## ओयल में मिले शव की नहीं हुई पहचान, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका


घटनास्थल का निरीक्षण करती ओयल चौकी पुलिस।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन के किनारे स्थित झाड़ियों में सोमवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका बरामद हुआ है। पास में ही उसकी साइकिल खड़ी मिली है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उधर, शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव सोहरिया के निकट संदिग्ध हालातों में गांव के ही कल्लू का शव पेड़ से लटकता बरामद हुआ है। परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जाहिर की है।

लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर ओयल में स्थित राजा ओयल के रिसॉर्ट के निकट झाड़ियों में सोमवार को एक युवक का शव लटका देखा गया। उसके गले में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा कसा हुआ था। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। शव के पास ही उसकी साइकिल खड़ी थी। सूचना पाकर मौके पर चौकी ओयल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव नीचे उतारा और शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। चौकी इंचार्ज लल्ला सिंह ने बताया कि शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के हाथ पर अजीत गुदा हुआ है। घटना स्थल पर एक साइकिल भी मिली है। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है और पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

### संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना शारदा नगर क्षेत्र के गांव सोहरिया निवासी कल्लू (40) पुत्र विसोसर का शव सोमवार की तड़के गांव से कुछ दूरी पर आम के एक पेड़ से लटका देखा गया। शव मिलने की जानकारी पर उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई राजेश ने बताया कि गांव के ही जामिल के खेत में बने तालाब में गांव के ही कुछ लोग साझे में मछली पालन करते हैं। विपक्षियों ने खुद शिकार कर मछलियां तालाब से निकालकर बेच डाली और उसके भाई पर मछली बेचने का आरोप लगाते हुए डेढ़ लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये न देने पर जान से मार देने की धमकी दे रहे थे। आरोप है कि विपक्षी दो दिनों से उसके भाई कल्लू को तलाश रहे थे। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे भाई का शव आम के पेड़ से लटका हुआ बरामद हुआ है। उन्होंने आरोपियों पर हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उधार दिया रुपया न मिलने से महिला ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **समूह की किस्त जमा न होने पर अवसाद में रहती थी महिला**

**अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में अपने मायके में रह रही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार वालों का कहना है कि महिला ने अपने एक परिचित युवक को समूह से रुपये निकाल कर दिए थे, लेकिन युवक अब उसे रुपये वापस नहीं कर रहा था। किस्त जमा न हो पाने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

थाना व कस्बा फूलबेहड़ निवासी रेशमा (32) का निकाह करीब 15 साल पहले सदर कोतवाली के कस्बा महेवागंज से हुआ था। उसके पिता असगर अली ने बताया कि पुत्री का पति नशेड़ी किस्म का है। इस वजह से रेशमा तीन सालों से पति से अलग मायके में रह रही थी। सोमवार को गांव के उत्तर आम की बाग में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो घर वालों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेशमा समूह चलाती थी। उसने अपने परिचित एक युवक को समूह से करीब 20 हजार रुपये निकाल कर उसे दे दिया थे। समूह की हर माह किस्त जमा करने के लिए उसके पास रुपये नहीं होते थे। इसलिए वह कुछ दिन पहले हरियाणा मजदूरी करने भी चली गई थी, फिर भी अरशद से रुपया न मिलने और लगातार किस्तें टूटने से वह अवसाद में रहने लगी थी। इसलिए उसने तनाव में आकर आत्महत्या की है। मृतका के दो बेटियां व एक बेटा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि पिता की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक की जांच में आया है कि किसी परिचित को उसने 20 हजार रुपये उधार दिए थे। रुपया वापस न मिलने से वह परेशान रहती थी। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# तीन बहनों से छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा

संवाददाता, पलिया कलां

▸▸ **परिजनों के विरोध पर धारदार हथियार व पेचकश से किया हमला, भाई समेत तीन घायल**

**अमृत विचार:** भाई की शादी का सामान लेकर पलिया से घर वापस जा रही तीन सगी बहनें मोहल्ला सिंगहिया में लगे ठेले पर रुक गईं और चाट खाने लगीं। पांच युवकों ने उनके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी पिटाई कर दी। सूचना पर रिश्तेदारों के संग मौके पर पहुंचे भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार और पेचकस से हमला कर दिया। इससे भाई समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायल भाई की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना रविवार रात करीब आठ बजे की है। पलिया क्षेत्र की तीन सगी बहनें भाई की शादी के लिए सामान खरीदने पलिया बाजार आईं थीं। मोहल्ला सिंगहिया में रास्ते पर लगे एक चाट के ठेले पर रुक गईं और टिक्की -बतासे खाने लगीं। पीड़ित बहनों ने बताया कि ठेले पर पहले से ही मोहल्ला सिंगहिया निवासी राहुल पुत्र मनोज शर्मा, सर्वेश पुत्र चेतराम, धीरज पुत्र मेवालाल, पुन्नी पुत्र सुरेश, गोलू पुत्र छविनाथ मौजूद थे और बताशे खा रहे थे। आरोप है कि आरोपी बहनों का दुपट्टा खींचने लगे और अश्लील बातें कर छेड़छाड़ करने लगे। तीनों बहनों ने जब विरोध किया तो गाली गलौज की और मारपीट करने लगे। बहनों ने घटना की सूचना परिवार वालों को दी। भाई अपने दो बहनोई के साथ मौके पर पहुंचकर विरोध किया तो धारदार हथियार व लोहे के पेचकस से प्रहार करने लगे। तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। चौकी कस्बा पलिया प्रभारी उदयवीर यादव ने बताया कि घायलों के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा जाएगा।

# दिव्यांग महिला से पांच महीने से कर रहा था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **पीड़िता ने एसपी को बताई आपबीती, सीओ करेंगे जांच**

▸▸ **थाना पुलिस पर मारपीट करने और सादे कागज पर दस्तखत कराने का भी आरोप**

**अमृत विचार:** महिला अपराधों को दर्ज न करने और कार्रवाई करने में हीलाहवाली को लेकर लखीमपुर खीरी पुलिस एक बार फिर कठघरे में खड़ी हो गई है। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र की एक दिव्यांग महिला ने गांव के ही युवक पर नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर पांच महीने से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि सात अप्रैल को उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस उसे आजकल करती टरकाती रही। रविवार को पुलिस ने उसे थाने बुलाया, जब वह पहुंची तो उस पर तहरीर बदलवाने का दबाव बनाने लगी। पीड़िता सोमवार को एसपी से मिली और रोरोकर आपबीती बताई। साथ ही कार्रवाई की मांग की। एसपी ने सीओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

थाना फूलबेहड़ की एक दिव्यांग महिला परिवार वालों के साथ सोमवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा से मिली। महिला ने एसपी को तहरीर देकर बताया कि उसका घर खरफूस से बना है। खरफूस की टटिया लगाकर बनाए गए अपने बाथरूम में 12 दिसंबर 2023 को नहा कर रही थी। इसी बीच गांव के ही उत्तम ने चोरी से उसका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में उसे वीडियो दिखाया। उसने जब वीडियो डलीट करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके सामने शर्त रख दी। अगले दिन आरोपी ने शाम करीब आठ बजे घर क बगल वाली गली में बुलाया और जबरन दुष्कर्म किया। धमकी देते हुए कहा कि अगर कहीं शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे। उसे और उसके पति को जान से मार देंगे। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी तब से उसका लगातार शारीरिक शोषण करता चला आ रहा है। विरोध करने पर अश्लील बातें कीं और वायस रिकार्डिंग कर पति व अन्य रिश्तेदारो के फोन भेज रहा है। इससे वह और उसके पति भयभीत हैं। महिला का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का है। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर वह अपने पति के साथ 07 अप्रैल 24 को थाना फूलबेहड़ गई और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस जांच की बात कह आज कल करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने से कतराती रही। इस पर वह 14 अप्रैल को सीओ से मिली और प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

### मारपीट कर पुलिस ने सादे कागज पर लगवाया अंगूठा

दुष्कर्म पीड़ित दिव्यांग महिला ने बताया कि सीओ के निर्देश पर थाना फूलबेहड़ पुलिस ने उसे रविवार को थाने पर बुलाया था। जब वह अपने पति के साथ थाने गई तो पुलिस उस पर तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। उसने तहरीर बदलने से मना कर दिया और विरोध किया तो पुलिस वालों ने उसे और उसके पति को मारा-पीटा। उसके जबरन सादे कागज पर दस्तखत करवा लिए और धक्का देकर भगा दिया। पति को जेल भेजने की धमकी दी, जिससे वह और उसका परिवार डरा सहमा है।

"पीड़ित महिला आई थी। उसने पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उसके प्रार्थना पत्र की जांच सीओ धौरहरा से कराई जा रही है। साथ ही दुष्कर्म मामले में कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। जांच में यदि पुलिस पर लगे आरोप सही साबित होते हैं तो दोषियों पर कार्रवाई होगी।"
-गणेश प्रसाद साहा, एसपी

### अभिभावक शिक्षक संघ की अध्यक्ष बनी गायत्री

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे ने बताया कि सोमवार को शिक्षक अभिभावक संघ की प्रथम आम सभा की बैठक हुई। इसमें शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें गायत्री रस्तोगी अध्यक्ष, प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे- उपाध्यक्ष और प्रवक्ता दीपिका वर्मा- मंत्री निर्वाचित घोषित की गईं। इसके अलावा छात्राओं को संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर जोर दिया गया। बैठक में डॉ. शशि तिवारी, शैलजा मिश्रा, अंजना गुप्ता, रीतू वर्मा सहित अन्य शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हमें जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया


खाटू श्याम मंदिर में भजन संध्या में झूमते श्याम भक्त।

**संवाददाता, रकेहटी, अमृत विचार :** कस्बा रकेहटी में निघासन रोड पर निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर पर रविवार की शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पलिया कलां, भीरा और तिकुनिया से आई कीर्तन टोली ने खाटू श्याम के भजनों को प्रस्तुत किया। इस दौरान श्याम भक्त पूरी रात भजनों पर झूमते रहे। श्याम कीर्तन मंडली ने सर्व प्रथम हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया भजन प्रस्तुत किया। इसके अलावा हारा हूं बाबा तुझपे भरोसा है, सहित खाटू श्याम के कई मनमोहक भजनों को प्रस्तुत किया। श्याम भक्त पूरी रात भजनों पर झूमते रहे। भजन संध्या कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया। जिसमें सभी श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न,

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा आश्रम में रविवार की शाम परशुराम जयंती के कार्यक्रम को लेकर एक बैठक नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एके अवस्थी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें तमाम सेवादार मौजूद रहे। आगामी 10 मई को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर में पांच तोरण द्वार बनाए जाएंगे। मंदिरों में पूर्व निर्धारित तीन दिवसीय भव्य सजावट की जाएगी। 8 मई को सुबह 9 :00 बजे श्री रामचरितमानस का पाठ प्रारंभ होगा। 9 मई को पाठ के समापन के बाद प्रसाद वितरण, भण्डारा कर रात में कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 10 मई की सुबह हवन- पूजन कर षोडशोपचार दुग्धाभिषेक, एवं माता रेणुका रसोई कन्या भोज होगा। एक कोसीय नगर परिक्रमा आयोजित की जाएगी। यज्ञोपवीत संस्कार नहीं कराए जाएंगे। बैठक में गोविंद माधव मिश्रा, कृष्ण कुमार गोपी, धनेंद्र शुक्ला, सुनील गुप्ता सुरेश कुमार मिश्रा, चांद कुमार जैन, विश्वकांत त्रिपाठी आदि सेवादार मौजूद रहे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, पथराव से दंपती घायल

**संवाददाता, मोहम्मदी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी के गांव दिलावरपुर में जमीन को लेकर चल रहे विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। उनमें मारपीट और पथराव हुआ। जिसमें दंपती घायल हुए हैं। पुलिस ने दूसरे पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव दिलावरपुर निवासी मुजीव ने बताया कि घटना रविवार की देर शाम करीब आठ की है। जमीन की कब्जेदारी को लेकर बातचीत हो रही थी। तभी गांव के ही जाबिर, निसारुद्दीन, मोहम्मद हसीब और सालिम गाली गलौज करने लगे, जिसका जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और अपनी छत पर चले गए, जहां से पथराव शुरू कर दिया। ईंट लगने से वह घायल हो गया। शोर शराबा करने पर उसकी पत्नी सवीना मौके पर पहुंची तो उसे भी ऊंट-पत्थर मारे। इससे उसकी पत्नी की दाहिनी दाहिनी आंख के ऊपर चोट लगी है। घायल मुजीब ने सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि घायल दंपती को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दो पक्षों में मारपीट से पांच घायल

पसगवां अमृत विचार । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया पासी में आई एक बारात के दौरान किसी बात पर दो पक्षों में हुई मारपीट हो गई जिसमें दोनों में पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। ढखिया पास में दिनेश कुमार की पुत्री रीतू की शादी थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर गांव के ही शिवराम, पवन, संदीप ने दिनेश के दामाद संजीव कुमार को गाली गलौज कर डंडे से कर दी । जिससे संजीव चोटिल हो गया। दूसरी ओर पवन कुमार ने आरोप लगाया है कि दिनेश कुमार, सोनू, छोटू, छोटू के भाई ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीट कर उसे, संदीप कुमार, उसकी बहन सुरभि और उसके चाचा शिवराम को घायल कर दिया। आरोपियों ने ने सोलर प्लेट भी तोड दी। पवन कुमार का कहना है कि किसी का पर्स उसके घर के सामने गिर गया था जिसे उसकी बहन सुरभि ने पाया। इसी को लेकर विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से घटना की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही घायल

पसगवां अमृत विचार । लोकसभा चुनाव ड्यूटी से वापस लौट रहा पसगवां थाने का आरक्षी कपिल भारद्वाज अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। वह चुनाव ड्यूटी से वापस बाइक से आ रहा था कि उचौलिया थाना क्षेत्र में ग्राम हर्नखुदा के पास लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसके कंधे और कलाई में गंभीर चोट आई है।उसे सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे शाहजहांपुर रेफर किया गया है। आरक्षी के कंधे और कलाई में गंभीर चोट लगी है।

### तहसीलदार ने बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



तहसील सभागार में बीएलओ के साथ बैठक करते तहसीलदार।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को व्यवस्थित सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को तहसील सभागार में बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार सुखवीर सिंह ने बीएलओ को मतदान के लिए तमाम टिप्स देकर उनका पालन करने का निर्देश दिया हैं। तहसीलदार ने बीएलओ को मतदाता पर्ची वितरण, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, वेब कास्टिंग, वोटर गाइड, मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए जाने इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षित किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील है कि अधिक से अधिक मतदान करें। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, भानु प्रताप सहित तमाम बीएलओ मौजूद रहे।

### ग्रामीण की सीओ ऑफिस के पास से बाइक चोरी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** छोटी काशी का ऐतिहासिक चैती मेला देखने आए ग्रामीण की सीओ ऑफिस के पास से बाइक चोरी हो गई है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खम्हौल निवासी हशमत अली उर्फ राजू अपने परिवार के साथ दोपहर में स्पलेंडर बाइक से चैती मेला देखने आए थे। जिन्होंने अपनी बाइक सीओ आफिस के पास खड़ी कर दी और मेले में आवश्यक सामान की खरीदारी में व्यस्त हो गए। डेढ़ घंटे बाद जब वापस आए तो बाइक गायब थी। उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**लोकतंत्र का महत्व** | छात्राओं से लेकर शिक्षिकाओं ने निर्वाचन में लिया हिस्सा, निर्वाचन नियमावली के मुताबिक हुआ मतदान व मतगणना

# छात्र संसद का गठन : आकृति पीएम तो सेनापति बनीं इंदिरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


मतगणना के लिए बैलेट पेपर की गड्डी बनाते शिक्षक। अमृत विचार



मतदान करती प्रधानाचार्य एवं लाइन में लगी शिक्षिकाएं व छात्राएं।

**अमृत विचार:** सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को छात्र संसद के गठन को लेकर निर्वाचन प्रक्रिया हुई। मतगणना में आकृति श्रीवास्तव प्रधानमंत्री और इंदिरा गोस्वामी सेनापति निर्वाचित हुई।

प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि विद्या भारती के सभी स्कूलों में छात्र एवं छात्रा संसद का गठन होता है। इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसका उद्देश्य छात्राओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दायित्व बोध कराना एवं उनमें लोकतंत्र के प्रति लगाव उत्पन्न करना है। जिससे छात्राएं भविष्य में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासित रह कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें। छात्राओं को चुनाव प्रक्रिया और संसदीय कार्य प्रणाली का ज्ञान कराने के लिए प्रधानमंत्री एवं सेनापति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया कराई गई। इसके तहत छात्राओं ने पहले नामांकन किया और फिर उन्हे चुनाव चिंह आवंटित किए गए। प्रत्याशी छात्राओं ने अन्य छात्राओं के बीच जाकर अपना पक्ष रखकर उनसे वोट मांगे, जिसके बाद मतदान अधिकारी, पीठासीन एवं चुनाव सहायक के माध्यम से मतदान प्रक्रिया हुई। चुनाव में कक्षा छह से 12 तक की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने दो बूथों पर मतदान किया। इसमें 875 वोट पड़े, जिसमें से आठ निरस्त हो गए। मतगणना बाद घोषित चुनाव परिणाम में आकृति श्रीवास्तव प्रधानमंत्री और इंदिरा गोस्वामी सेनापति एवं प्रगति वर्मा उप प्रधानमंत्री व अंतरा गुप्ता उप सेनापति निर्वाचित हुई। छात्रा संसद प्रमुख प्रीति अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# 55 महिलाओं सहित 140 का हुआ टीकाकरण


हज यात्रा पर जाने वाले को पोलियो ड्रॉप पिलाते पेश इमाम


जामा मस्जिद में महिला को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**हज यात्रा**

▸▸ **नौ मई को रवाना होगा मक्का मदीना के लिए पहला जत्था**

**अमृत विचार:** मक्का मदीना जाने वालों का पहला जत्था नौ मई को रवाना होगा। इसके लिए सोमवार को थरबरनगंज की जामा मस्जिद में शिविर लगाकर 140 लोगों का टीकाकरण हुआ।

जामा मस्जिद के पेश इमाम मौला इसहाक ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने 55 महिलाओं और 85 पुरुषों का वैक्सीनेशन कर पोलियो ड्राप पिलाई। उन्होंने बताया हज जाने वाले सभी लोगों को यात्रा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के अलावा मक्का और मदीना पहुंचने के बारे में जानकारी देकर मुल्क की सलामती और उन्नति के लिए दुआ करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि जिले से सभी लोग आठ मई को लखनऊ पहुंचेंगे और फिर वहां से नौ मई को हज यात्रा के लिए रवाना होंगे।

अमृत विचार www.amritvichar.com

# मै जट यमला पगला दीवाना हो रब्बा इत्ती सी बात न जाना...

## नगर की युवा प्रतिभाओं ने अपने सुरों से देर रात तक बांधा शमा, चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुई सीनियर गायन प्रतियोगिता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।



गायन प्रतियोगिता के पुरस्कृत प्रतिभागी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुई सीनियर गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भजन, फिल्मी गीत सुना कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

सीनियर गायन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि चिल्ड्रेंस एकेडमी के एमडी अनुभव गुप्ता, विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल महामंत्री अनुराग गुप्ता, जिला ब्यूरो चीफ रविसुत शुक्ला, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व सभासद हरिओम मिश्र और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। सीनियर वर्ग गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ सक्षम वर्मा ने -तुझे कितना चाहने लगे हम, तेरे साथ हो जायेगें खत्म। रितिक वर्मा ने- चाहूंगा मै तुम्हे सांझ सवेरे। अभय गुप्ता ने-चांद से पर्दा कीजिए। साक्ष्य अवस्थी ने- चांद छुपा बादल में। मानसी वर्मा ने- हम तुम्हे इतना प्यार करेंगे, कि लोग हमे फिर याद करेंगे। श्लोक कुमार शुक्ला ने- इतना भी न चाहूं तुझे, एक पल भी दूर रह न सकूं। अमन सूर्या ने- तेरी काली अंखियों से जिंदगी मेरी जागे। विकास ने- ओरे पिया उड़ने लगा मन बाबला रे। निर्मल ने- मै जट यमला पगला दीवाना, हो रब्बा इत्ती सी बात न जाना कि ओ मैनू प्यार करदी है। प्रगति सिंह ने- बिंदिया चमकेगी, चूड़ियां खनकेगी। दिपेश शुक्ला ने- कितनी चाहत छुपाये बैठा हूं। प्रांशी गुप्ता ने-उनसे मिली नजर कि मेरे होश उड़ गए।

आरती राठौर ने-आपकी नजरों ने समझा, प्यार के काबिल नहीं। शक्ति तिवारी ने-अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम राम नारायणम जानकी बल्लभम। आमिर ने-हुस्न जाना कि तारीफ मुमकिन नहीं। आफरीन आफरीन। कविता अवस्थी ने- पत्ता पत्ता, बूटा बूटा हाल हमारा जाने। शिवांशू सेन, शैलेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद दीप्त तिवारी, नईमुद्दीन, धीरेंद्र कुमार, परमानन्द, आलोक वर्मा, आकाश शर्मा, प्रतिमा सक्सेना, अंकित विश्वकर्मा, राची राठौर, अरविंद कुमार, रामकिशोर, मोहम्मद इमरान, काजल, हामिद अंसारी, अन्नू भारती, सगुन भारती, प्रिंश कुमार, आकाश सिंह और साजन कुमार ने गीत गाकर महफिल को देर रात तक रोके रखा। सीनियर गायन प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में कंटक तिवारी, दीनानाथ झा और सुनील यादव रहे। संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने अतिथियों का आभार जताया। सभासद साहिद अंसारी, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, हर्ष अवस्थी, संदीप कुमार वर्मा, लिपिक अमित श्रीवास्तव, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, ऋषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर समापन समारोह होगा, जिसमें विभिन्न प्रतिभाओं, दुकानदारों को पुरुस्कृत किया जाएगा। विपिन सचदेवा प्ले बैक गायक, राजन श्रीवास्तव कमेडियन, राडनी त्यागराज गायक एवं अन्य द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रात नौ बजे से।



सांस्कृतिक मंच पर गीत गाती कविता अवस्थी।

# गन्ने की पताई जला रहे किसान की जलकर मौत

## थाना भीरा के गांव अमिरतापुर में दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ हादसा

संवाददाता, भानपुर (लखीमपुर खीरी)



जमुना प्रसाद (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनपीपर के मजरा गांव अमिरतापुर में सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। गन्ने की पताई और घास फूस जला रहे गांव निवासी किसान 58 वर्षीय जमुना प्रसाद की जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें लेकर सीएचसी गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गांव अमिरतापुर निवासी रामदेवी ने रोरोकर बताया कि पति जमुना प्रसाद सोमवार को दोपहर गांव के पास में ही अपने खेत पर काम करने गए थे, जहां उन्होंने गन्ने की सूखी पताई और घास फूस को जलाने के लिए आग लगाई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोसी धनीराम के खेत में लगी पताई को भी अपने आगोश में ले लिया। पड़ोसी के खेत को बचाने के लिए उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे वह लपटों से घिर गए। वह अकेले थे और आसपास के खेतों में भी कोई नहीं था, जिससे काफी कोशिश के बाद भी वह आग की लपटों की चपेट में आने से गिर गए और जिंदा जल गए। किसान जमुना प्रसाद के चार बेटियां हैं, जिनमें से तीन विवाहित हैं। चौथी बेटी की शादी की कोशिश में लगे थे, लेकिन यह दर्दनाक हादसा हो गया। पत्नी, बेटी सहित परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। इस बाबत थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। साथ ही दर्दनाक हादसे की सूचना तहसीलदार, एसडीएम सहित उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

### थारू ग्राम सुरमा के निवासियों ने लगाया रोड नहीं तो वोट नहीं लिखा बैनर

**संवाददाता, पलिया कला, अमृत विचार :** चंदन चौकी के आदिवासी थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी के प्रमुख ग्राम सुरमा वी गोलबूजी के निवासियों ने रोड नहीं तो वोट नहीं लिखा बैनर पालिया से चंदन चौकी जानने वाली मुख्य सड़क पर टांग अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाई है। सुरमा निवासी लंबे समय से सड़क की मांग करते रहे हैं पिछले चुनाव में भी इसी तरह ग्राम वासियों ने वोट न देने का बैनर टांगा था लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा दिये गये आश्वासन पर उन्होंने बाद में मतदान में भाग ले लिया था। किन्तु अभी तक सड़क न बन पाने से नाराज़ ग्राम वासियों के द्वारा दुधवा चंदन चौकी रोड पर बैनर लगा कर अपनी मांग दोहराई है वह लंबे समय से दुधवा चंदन चौकी मुख्य मार्ग से अपने गांव तक की सड़क की मांग कर रहे हैं। जो दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है।

# शादी का झांसा देकर दो साल तक किया दुष्कर्म

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले में एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा कर महोलिया निवासी एक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाएं और फिर शादी से मना कर दिया। परेशान युवती ने तेजाब पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दबाव बनाकर सुलह समझौता करा दिया, पर पीड़ित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। मोहल्ले की एक युवती को ग्राम महोलिया निवासी अमित राठौर ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और फिर दो सालों तक उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। जब शादी की बात कही तो मुकर गया। परेशान युवती ने उसे वीडियो कॉल की, मना करने पर उसने तेजाब पी लिया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती के पिता का कहना है कि उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पर पुलिस ने उसकी एक न सुनी बल्कि दबाव बनाकर सुलह समझौता लिखा दिया। अब पीड़िता का पिता न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है।

**▸▸ आरोपी पर कार्रवाई के लिए दर-दर भटक रहा युवती का पिता**

### मीटर रीडर की बाइक पेड़ से टकराई, मौत

**संवाददाता पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा मार्ग पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे मीटर रीडर की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पलिया कलां निवासी शिवलाल पुत्र केशव राम (25) मीटर रीडर का कार्य करता था। सोमवार की सुबह करीब 6:30 बजे अपनी गौरीफंटा से वह पलिया के लिए चला था। दुधवा रोड पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की खबर पुलिस और परिजनों को दी। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# खेत में जला शव देख सिहर उठे लोग



बिलख रहीं परिवार की महिलाओं को ढांढस बंधाती महिलाएं।

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** गांव सोनपीपर के मजरा अमिरतापुर में जब किसान के खेत में आग बुझाते जिंदा जलने की खबर आई तो लोग आवाक रह गए। जिसने सुना वही घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़ा। जो भी मौके पर पहुंचा। वह शव की हालत देख सिहर उठा। हादसे के बाद से मृतक के घर पर चीख पुकार मची हुई है।

थाना भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोनपीपर में सोमवार की दोपहर गांव मजरा गांव अमिरतापुर निवासी किसान जमुना प्रसाद ने गन्ने की पताई और घास फूस जला रहे गांव निवासी किसान जमुना प्रसाद (58) तेज हवा टलने के कारण आग से घिर गए। तमाम कोशिश के बाद भी वह उसके घेरे से बाहर नहीं आ सके और उनकी मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। दोपहर करीब 12:30 बजे उनके जिंदा जलने की सूचना परिवार वालों को मिली। इससे उनके चीख पुकार मच गई। गांव के किसान के जिंदा जलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते तमाम लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। किसान की मौत से उसके परिवार में चीख पुकार मची हुई है। महिलाएं और बच्चे बिलख रहे हैं। गांव और रिश्तेदारी से आए लोग और महिलाएं बिलख रहे परिवार वालों को ढांढस बंधा रही थीं।

**▸▸ तेज हवा बनी मौत की वजह, गांव में मातमी सन्नाटा**

# धौरहरा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने नाम वापस लिया



कलेक्ट्रेट में नाम वापसी के बाद हस्ताक्षर करते प्रत्याशी।

**▸▸ खीरी में 11 और धौरहरा में 12 प्रत्याशी मैदान में**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी लोकसभा क्षेत्र के लिए जांच के बाद 11 और धौरहरा क्षेत्र से 13 नामांकन पत्र वैध पाए गए थे। सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान धौरहरा सीट से निर्दली प्रत्याशी नर सिंह ने अपना आवेदन वापस ले लिया। अब खीरी सीट से 11, जबकि धौरहरा से 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष बचे हैं। इस तरह दोनों सीटों पर 23 उम्मीदवार मैदान में हैं।

खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 25 अप्रैल को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। खीरी सीट पर 12 प्रत्याशियों ने, जबकि धौरहरा सीट पर 16 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए गए थे। 26 अप्रैल को जांच के दौरान खीरी सीट पर एक पर्चा खारिज किया गया। रिटर्निंग ऑफीसर के अनुसार, खीरी सीट से नर नारी रक्षक पार्टी के विजय पाल के शपथ पत्र में खामियां थीं और ओवरराइटिंग के कारण उनका पर्चा खारिज कर दिया गया। इस तरह खीरी सीट पर 11 नामांकन पत्रों को वैध घोषित कर दिया गया था। उधर, धौरहरा से उप्र रिपब्लिकन पार्टी के भगौती प्रसाद, अखिल राष्ट्रवादी पार्टी के नरेंद्र कुमार और नर नारी रक्षक पार्टी के ब्रजलाल के भी पर्चे खामियों के चलते खारिज कर दिए गए थे। इसके बाद यहां 13 प्रत्याशी बचे थे। सोमवार को नाम वापसी के दौरान धौरहरा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले नर सिंह ने अपना पर्चा वापस ले लिया, जिसके बाद अब इस सीट पर 12 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। नामांकन प्रक्रिया 13 मई को मतदान कराया जाना है।

### खीरी लोकसभा से वैध नामांकन

1- अजय कुमार भाजपा
2- उत्कर्ष वर्मा सपा
3- अंशय कालरा बसपा
4- ओमनाथ-राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी
5- खंजन -राष्ट्रीय आजाद पार्टी
6- दरबारी उर्फ दरबारी लाल चौहान - जनता क्रांति पार्टी
7- कु. पंचशीला आनंद-उप्र रिपब्लिकन पार्टी
8- मुकेश कुमार -राष्ट्रीय विकल्प पार्टी
9- संध्या जायसवाल-परिवर्तन समाज पार्टी
10- नरेश सिंह भदौरिया -निर्दलीय
11- सतेंद्र कुमार मौर्य -निर्दलीय

### धौरहरा लोकसभा से वैध नामांकन

1- आनंद भदौरिया सपा
2- रेखा वर्मा भाजपा
3- श्याम किशोर अवस्थी बसपा
4- आशुतोष पाठक-आप (इंडिया)
5- काशिम अली - पीस पार्टी
6- जनार्दन प्रसाद - कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया
7- राजेश कुमार - पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी
8- सकसेन - सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी
9- सुदेश कुमार - लोकजन संघर्ष पार्टी
10- राम नरेश - निर्दलीय
11- विजय कुमार तिवारी - निर्दलीय
12- समरेंद्र कुमार - निर्दलीय

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नष्ट कराया बतासे का पानी, फिंगर चिप्स और चटनी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक चैती मेले में खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों पर पहुंच कर चाट, फिंगर चिप्स, बतासे का पानी और चटनी मानक अनुरूप न बनने पर नष्ट करा दी है। उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा यदि मिलावट बंद न की तो कार्रवाई की जाएगी। नगर के चैती मेले में दुकानों पर खाद्य पदार्थों में जमकर मिलावट खोरी हो रही है, जिससे लोगों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। जिसे लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को शिकायत भेजी गई थी। लोगों की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नत्थू कुशवाहा सोमवार को चैती मेला में लगी फास्ट फूड और चाट की दुकानों पर पहुंचे। जहां उन्होंने पानी चेक किया तो वह ठीक नहीं लगा। चटनी भी ठीक नहीं लगी। उसमें किसी रसायन की महक आ रही थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लोगों को सेहत को ध्यान में रखते हुए फिंगर, चिप्स, चटनी और पानी नष्ट कर दिया। हिदायत दी कि वह पानी को खट्टा करने में किसी रसायन का प्रयोग नहीं करेंगे।

**प्रतियोगिता** आरएन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता दिवस

# नन्हे-मुन्ने बच्चों के नृत्य ने दर्शकों का मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



नृत्य प्रतियोगिता में शामिल बच्चों के साथ शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तिकुनिया स्थित आरएन इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के नन्ने-मुन्ने बच्चों ने नृत्य कर जमकर धमाल मचाया। बच्चों की प्रस्तुतियां देख अभिभावकों ने खूब तालियां बजाईं। वहीं बच्चे भी खुशी से झूम उठे।

सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता दिवस आरएन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार गर्ग ने मां शारदे की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया। वाद्य यंत्रों पर अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की वंदना से हुई। इस दौरान नन्ने-मुन्ने बच्चों ने नृत्य कर खूब धमाल मचाया।

बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को देखकर अभिभावक भी अपने को रोक नहीं पाए। पूरा सभागार तालियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से झूम उठे। प्रबंधक शिव कुमार गर्ग ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्कूल में समय समय पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के होने छात्रों में भी उत्साह रहता है। इस दौरान प्रधानाचार्य अजय अवस्थी, संजीव कुमार कुशवाहा, शशांक दीक्षित, शैलेश शुक्ला, इष्मिता शाह, अर्चना शाक्य, उजाला शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्य विक्रांत दीक्षित ने किया।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से घर गृहस्थी का सामान जलकर राख



मूड़ा बुजुर्ग में आग से जलता घर। अमृत विचार

**संवाददाता, बिजुआ, अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र के गांव मूड़ा बुजुर्ग में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई। जिससे घर गृहस्थी का सामान, चारपाई, बिस्तर, अनाज, बाइक आदि जलकर राख हो गई। तहसील गोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा बुजुर्ग में सोमवार दोपहर गांव निवासी कौशल किशोर के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग की लपटे उठने लगीं। आग लगने के समय परिवार के लोग खेतों पर काम करने गए थे। लपटों को देखकर घर की तरफ दौड़े। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। आग से घर में रखा गेहूं, चारपाई, सरसों, बाइक, बिस्तर, चारा मशीन आदि जल गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल इंद्रभान मौर्य ने आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी है।

## सार-संक्षेप

### कागज पूरे न होने पर पुलिस सीज की निजी बस

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया पुलिस ने भीड़ व जाम की स्थिति से निजात हेदिलाने के लिए पलिया बस यूनियन, ट्रक यूनियन सहित वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर बस आदि भारी वाहन मुख्य चौराहों पर रोकने पर प्रतिबंध लगाया गया था। रविवार शाम पलिया कोतवाली प्रभारी विवेक उपाध्याय ने फोर्स के साथ सिनेमा रोड पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। तभी सिनेमा चौराहे के निकट एक निजी बस खड़ी थी। उसमें सवारियां बैठी हुई थीं। पुलिस ने जब बस के कागज चेक किए तो अधूरे मिले। इस पर पुलिस ने सवारियों को उतार दिया और बस सीज कर दी।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ विष्णु महायज्ञ

**संवाददाता, बिझौली। अमृत विचार :** मसाय वाले फकीर बाबा स्थान पर सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ की शुरूआत क्षेत्र में कलश यात्रा निकालकर की गई। कलश यात्रा फकीर बाबा स्थान से, जमुनाबाद फार्म के ब्लाक नम्बर 2 व प्रखंड तीन होते हुए फकीर बाबा स्थान पर पहुंची। यज्ञा अध्यक्ष पवनानंद फलाहारी बाबा, यज्ञाचार्य दुर्गेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 101 कलशों में जल भरवाया। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान से कलश पूजन कर यज्ञ मंडप में स्थापित कराया। यज्ञ समिति के सदस्य पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व जिलापंचायत सदस्य महेशचन्द्र कनौजिया, महेंद्र वर्मा ने बताया कि सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ का चार मई को हवन पूजन के साथ समापन होगा। इस दिन भंडारा आयोजित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्रक्षेत्र मैनेजर संजीव कुमार सिंह, हरिपाल सिंह, गोकुल, शिवराज सिंह (जौहरी) चमन वर्मा, अम्बिका प्रसाद वर्मा, रोशनलाल वर्मा, प्रमोद वर्मा, जगन्नाथ कश्यप, मुन्ना कश्यप, पुजारी अजय पाल, अभय वर्मा, रोहित वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, सतवीर सिंह, ओमप्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बस्तौली इंटर कालेज में मेधावी पुरस्कृत



रामचंद्र स्मारक इंटर कालेज में टापर छात्रा को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य।

**संवाददाता, बग्घून। अमृत विचार :** कुंभी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम बस्तौली स्थित रामचंद्र स्मारक इंटर कालेज में हाईस्कूल और इंटरमीडियट के मेधावियों, कालेज टापर को पुरस्कृत किया गया। कालेज की प्रबंधक सुनीता शुक्ला, प्रधानाचार्य प्रताप शंकर शुक्ला ने हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा स्नेहा बाजपेई को 600 में 514 अंक प्राप्त करने एवं इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शालिनी देवी को 500 में 380 अंक प्राप्त करने के कारण उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर पुरसूत किया गया। प्रधानाचार्य प्रताप शंकर शुक्ला ने बताया कि कालेज में इंटर और हाईस्कूल में प्रथम स्थान पाने वाले सभी छात्रों को सम्मानित किया गया है।

### संत न होते जगत में तो जर उठता संसार

**संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार :** कस्बा संसारपुर के बाबा जय गुरुदेव आश्रम पर सोमवार सुबह बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत उमाकांत जी महराज ने सत्संग कर अपने अनुयायियों को नामदान देते हुए कहा कि संतों के संतत्व से संसार चल रहा है। हजारों अनुयायियों ने नाम दान लिया। सोमवार को कस्बे के बाबा जय गुरुदेव आश्रम में बाबा जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी संत उमाकांत महाराज ने सत्संग कर सत्संग स्थल में मौजूद अनुयायियों को नामदान देकर कहा कि घिरी बंदरिया पाप की वर्ष देत अंगार, संत न होते जगत में तो जर उठता संसार। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि कलयुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर नर उतराहि पारा। बताया कि भक्ति में लगना चाहिए, लीन होना चाहिए। भक्ति ऐसी कीजिए, जान सके न कोये, जो मेहंदी के पात में, रंग रही डूबकोय। बाबा जी ने कहा यदि शराब बंद कर दी जाए तो अपराध अपने आप ही कम हो जायेंगे। मानव शरीर का लक्ष्य परमात्मा की प्राप्ति है। जिसके लिए गुरु से रास्ता लेना आवश्यक है। और इसे ही नाम दान कहते हैं। प्रदेश संचालक मंगूलाल, देशराज वर्मा, सुरेंद्र पाल, दोखनलाल, हरिओम वर्मा, ओम प्रकाश कुशवाहा, सुंदरलाल वर्मा, बालकराम, लालचंद शर्मा, राजेंद्र, रोशनलाल आदि अनुयायी मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मैनें अपना नाम इन्द्रसेन से बदलकर इन्द्रसेन गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना-पहचाना जाय। **इन्द्रसेन गौतम पुत्र राकेश कुमार, पता- बैरी, पो0-खख्रेरू, फतेहपुर, उ0प्र0-212656**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे भवन सं0 सी 35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र 4/ JS (A) 89 दिनांक 10/03/89 एवं मूल कब्जा प्रमाण पत्र न0-2094/JS (A) दिनांक 05/04/1989 जो लखनऊ विकास प्रधिकरण लखनऊ द्वारा रामचन्द्र कनौजिया पुत्र कुलंची कनौजिया के नाम से जारी किया गया था। मूलरूप से खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। **-रामचन्द्र कनौजिया, निवासी- सी-35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ**

### तलाश गुमशुदा



नाम - **गुमशुदा मोहनलाल**
**पुत्र-** जित्ता
**हुलिया-** लम्बा चेहरा, रंग सांवला ऊंचाई करीब 05 फुट
**उम्र-** 60 साल
**पहनावा -** लाइनदार सफेद शर्ट, चॉकलेटी रंग का लोवर, चॉकलेटी रंग के जूते हांथ मे लाठी

गुमशुदा मोहनलाल पुत्र जित्ता, ग्राम- रामसिंह खेड़ा, मजरा- थाना, पो0- थाना, जनपद- उन्नाव का निवासी है जो कि दिनांक 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रातः 9: 30 बजे से अपने गांव से यह कहकर निकले की दवा लेने जा रहा हूँ दोपहर 12 बजे तक कोई खोज खबर नही मिलने पर घर वाले ढूंढने के लिये निकले हैं। नजदीकी पुलिस स्टेशन माखी थाना में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। यदि किसी थानें में इस हुलिया/पहिचान का गुमशुदगी/लापता का कोई व्यक्ति किसी की जानकारी में हो तो निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेंगा।

**क्षेत्राधिकारी उन्नाव मो. 9454401528**
**(प्रभारी निरीक्षक) माखी-उन्नाव मो. 8081211202 8960871819**

रामबिलास - 8009226388
धर्मेश- 7607047430

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

## वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

### वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित बस, 15 यात्री घायल

## ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा, 9 लोगों को फतेहपुर चौरासी सीएचसी व बांगरमऊ में कराया गया भर्ती

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

● छह घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भेजा घर

**अमृत विचार।** उन्नाव-हरदोई हाइवे पर दूसरे दिन फिर से हादसा हो गया। इसमें ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस रोड किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। इनमें से 9 गंभीर लोगों को सीएचसी फतेहपुर चौरासी व बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। जबकि, 6 लोगों को प्राथमिक इलाज देकर घर भेज दिया गया।

बीते रविवार दोपहर हुई ट्रक-बस की टक्कर में घायल हुए लोग अभी इलाज कराकर घर नहीं पहुंच पाए थे कि सोमवार सुबह फिर एक बस की ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मनीष (16) पुत्र राम सजीवन निवासी सदमपुर, हड़हा निवासी शबनम पत्नी चांद बाबू, सलीम पुत्र जमील, गंजमुरादाबाद में कार्यरत व मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी शुभम (25) पुत्र रंजीत को फतेहपुर चौरासी सीएचसी में भर्ती कराया। इसके साथ ही गांव गढ़ा बेहटा मुजावर निवासी शिवकली, हरदोई निवासी ज्योति, आंचल (10), शिवा (5), दिव्यांशु (5 माह) को बांगरमऊ सीएचसी भेजा गया। जहां उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही करीब 6 अन्य मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना के पीछे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक घायल को गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



हादसे का शिकार हुई निजी बस।


घटना के बाद रोड किनारे बैठे यात्री, जांच करती पुलिस। अमृत विचार


आपबीती बताता हादसे में घायल हुआ नरेंद्र। अमृत विचार

**लगातार दूसरे दिन हादसे का शिकार हुआ हरदोई का नरेंद्र**

❍ इसी बस में नरेंद्र कुमार निवासी सिखराया थाना टड़ियांवा हरदोई भी था। वह रविवार को जमालुद्दीनपुर में हुए बस-ट्रक हादसे के दौरान भी उस बस में था। हादसे में वह भी घायल हुआ था और उसके चाचा आशा राम की मौत हो गई थी। नरेंद्र इलाज कराकर चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने हरदोई जा रहा था और सोमवार को हुए हादसे का वह दोबारा शिकार हो गया।

# नहीं दिखे बीमारी संबंधी पोस्टर, जिला मलेरिया अधिकारी खफा, लगाई फटकार

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने सोमवार को सीएचसी पहुंचकर आशा वर्कर्स को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें 10-10 मलेरिया किट बांटे। वहीं, गावों में जाकर हाईग्रेट बुखार के मरीजों की भी जांच की। इसके अलावा लैब में विभिन्न बीमारियों के पोस्टर न लगे देख लैब टेक्नीशियन अमरीश कुमार को फटकार लगाई।

जिला मलेरिया अधिकारी ने सीएचसी सभागार में 107 आशाओं को दिये जा रहे प्रशिक्षण के दौरान कहा कि गावों में गंभीर बुखार के रोगियों पर नजर रखें और मलेरिया की 10 किट भी दीं। उन्होंने आशा वर्कर्स से कहा कि गावों में जाकर बुखार के रोगियों की मलेरिया किट से जांच करें। लैब में मलेरिया व टाइफाइड की स्लाइड के बारे में जानकारी लेने पर लैब टेक्नीशियन अमरीश कुमार ने अप्रैल में मलेरिया की 320 जांचें व टाइफाइड की 15 जांचे होने की बात बताई। साथ ही लैब में विभिन्न बीमारियों का पोस्टर लगे न होने पर लैब टेक्नीशियन को फटकार लगाई। साथ ही पोस्टर लगवाने के निर्देश दिये। स्टाफ नर्स किरन ने बताया कि हाईग्रेड बुखार के मार्च माह में 26 व अप्रैल में 34 मरीज भर्ती हुए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डा. दिनेश कुमार, लैब टेक्नीशियन अमरीश कुमार व स्टाफ नर्स किरन मौजूद रहीं।

● आशा वर्कर्स को प्रशिक्षण देने के बाद मलेरिया किट बांटे


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र। अमृत विचार

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे अधिवक्ता, कार्य का बहिष्कार

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

● अधिवक्ता तहसील में भ्रष्टाचार का लगा रहे हैं आरोप

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील बार अध्यक्ष सजीवन सिंह व बार महामंत्री राजीव सिंह के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने सोमवार से रजिस्ट्री दफ्तर हसनगंज व तहसील स्थित न्यायालय के कार्य का बहिष्कार करने की बात कही है।

बार महामंत्री ने बताया कि तहसील के सभी अधिवक्ता स्टांप वेंडर व डीड राइटर सोमवार से किसी भी तरह का कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि हसनगंज तहसील कार्यालय में बाहरी लोग काम कर रहे हैं। जो सरकारी अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। पूर्व में नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी के चालक से दो अधिवक्ताओं सुधीर सिंह व अखिलेश यादव से किसी बात पर कहासुनी हो गयी थी। जिसमें कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार की तहरीर पर अधिवक्ताओ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। जबकि, अधिवक्ताओं की ओर से दी तहरीर पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उनकी मांग थी कि जब तक अधिवक्ताओं की रिपोर्ट दर्ज नहीं होती और तहसील कार्यालय से बाहरियों नहीं निकाला जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी।


तहसील परिसर में धरना देते अधिवक्ता। अमृत विचार

# सड़क हादसों में एक की मौत, सात लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के थाना फतेहपुर चौरासी के अलावा पुरवा, सफीपुर व बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक की मौत हो गई। जबकि, सात लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ शव पोस्टमार्टम को भेजा है।


गुड्डू।

**केस 01 फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव सैंता निवासी गुड्डू (35) पुत्र राजाराम बीती रविवार शाम आठ बजे गांव शकूराबाद से पैदल घर लौट रहा था। अभी वह गांव के पास पहुंचा ही था कि हुलासी कुआं-तकिया मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी सफीपुर लाये। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां देररात उसकी मौत हो गयी। वह मजदूरी कर परिवार पालता था। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते गुड्डू के परिजन। अमृत विचार

● फतेहपुर चौरासी, पुरवा सफीपुर व बांगरमऊ क्षेत्रों में हुए हादसे

**केस 02 पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पासाखेड़ा निवासी 48 वर्षीय विनोद अपने रिश्तेदार अनिल (45) निवासी महराजखेड़ा के साथ सोमवार दोपहर बाइक से पुरवा जा रहा था। तभी गदोरवा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी भेजा। जहां उन्हें गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। तहरीर आने पर कार्रवाई होगी।

**केस 03 सफीपुर।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के खैरी चंदेला गांव निवासी मदन कश्यप का 19 वर्षीय बेटा विशाल अपनी बहन शीलू व रोली के साथ सफीपुर कस्बा घरेलू सामान खरीदने आया था। खरीददारी कर तीनों घर लौट रहे थे। तभी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर-सफीपुर मार्ग पर गहोली के पसा आगे जा रहा साइकिल सवार अचानक बीच सड़क पर आ गया। उसे बचाने में बाइक अनियंत्रित हो गई और घिसटती हुई खंती में चली गई। इसमें बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**केस 04 बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ततियापुर निवासी ओमप्रकाश 55 वर्ष पुत्र जोद्धी आज सोमवार को बांगरमऊ की बाजार आया था। वह घरेलू उपभोग का सामान खरीदने के बाद पैदल बस अड्डे की तरह जा रहा था। तभी रास्ते में तिकोनिया पार्क के निकट अचानक अज्ञात वाहन ने उसके टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद नागरिकों ने आनन-फानन घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**केस 05 फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे कस्बा स्थित अपनी दुकान पर जा रहे मोहल्ला मोती नगर निवासी जहीर पुत्र अब्दुल शकूर को पीछे से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आनन-फानन उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए।


साक्षी महाराज का स्वागत करते विधायक श्रीकांत कटियार, अतुल मिश्रा, अवधेश लोधी व पुष्कर शुक्ला। अमृत विचार

# भाजपा प्रत्याशी ने गांवों का भ्रमण कर मांगे वोट

संवाददाता फतेहपुर, चौरासी उन्नाव

● मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाकर किया प्रचार

**अमृत विचार।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने सोमवार को क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से उनके पक्ष में वोट करने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी ने सोमवार को फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के तीन दर्जन गांवों का दौरा कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने लोगों से अपने व भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कस्बा में अतुल मिश्रा, गोरिमऊ में गोपाल पांडे, दबौली में नीरज पांडे, खानपुर कुरौली में गोविंद पांडे, हरदासपुर में ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, राजेपुर में शरद दिक्षित आदि के यहां पहुंचकर लोगों को सम्बोधित किया। इसमें उन्होंने भाजपा सरकार में आतंकवाद को शून्य पर लाने, जनकल्याणकारी योजनाएं चलाने व लोगों को सुरक्षित होने का एहसास कराने आदि बिंदुओं को प्रमुख रूप से पेश किया।

# खेत से माफिया खोद ले गये मिट्टी

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरसई निवासी व्यक्ति ने पीएनसी कंपनी द्वारा उसके खेत की मिट्टी खोद लेने का आरोप लगा एसडीएम से शिकायत की है। अतरसई निवासी राजेश कुमार ने एसडीएम को दिये शिकायती पत्र में बताया कि रविवार रात पीएनसी कंपनी द्वारा बिना सूचना के उसके खेत से 6 फीट मिट्टी खोद ली। जब उसे जानकारी उसे हुई तो वह खेत पहुंचा तो देखा कि वहां मिट्टी खुदी हुई थी। इस संबंध में जब उसने पीएनसी के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया। एसडीएम रनवीर सिंह ने जांचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# छत से गिरी तीन साल की बच्ची, हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के मुंडा रोलिया गांव में रविवार रात छत से गिरकर तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी।

मुण्डा रोलिया गांव निवासी रमेश की बेटी चंदा की शादी पांच वर्ष पूर्व बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तेरवा जहांगीराबाद गांव निवासी गुड्डू से हुई थी। शादी के बाद से पति-पत्नी में अनबन रहने लगी। दो साल पहले विवाद बढ़कर कोर्ट पहुंच गया। तभी से चंदा अपने तीन वर्षीय बेटे अंश के साथ मायके आ गई और वहीं रहने लगी। रविवार को खाना खाने के बाद वह बेटे के साथ छत पर सोने चली गई। सोमवार सुबह पांच बजे बेटा सोकर उठा और छत के किनारे पहुंच गया। पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। जब तक परिजन उसे अस्पताल ले जाते इससे पहले उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत से मां चंदा व नानी जसमति सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# चढ़ रहा पारा, बढ़ रही मौसमी बीमारी

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

● अस्पतालों में सांस व टीबी के मरीजों की भी बढ़ी संख्या
● दो बेड का इमर्जेंसी वार्ड और ओआरएस भी है उपलब्ध

**अमृत विचार।** अप्रैल में ही पारा 41-42 पहुंचने से लू का प्रकोप बढ़ गया है। इससे अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों के अलावा पूर्व से बीमार लोगों की कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। डाक्टर गर्मियों में अधिक पानी पीने व बेवजह घरों के बाहर न निकलने की सलाह दे रहे हैं।

इस बार अप्रैल में ही मई-जून की गर्मी का एहसास होने लगा है। दिन चढ़ने के साथ ही सूर्य की किरणें शरीर को झुलसाना शुरू कर देती हैं। वहीं दोपहर में धूलभरी गर्म हवाएं (लू) चलना शुरू हो जाती हैं। गर्म हवा के थपेड़े घरों से निकलते ही लोगों का हलक सूखाने लगते हैं। इसलिए मौसम की मार से लोग सीजनल बीमारियों सर्दी, जुकाम, शरीर दर्द, उल्टी व दस्त से पीड़ित होने लगे हैं। गावों में खेत कटाई व थ्रेसरिंग का कार्य चल रहा है। इससे न सिर्फ खेतों से धूल उड़ रही है बल्कि, थ्रेसरिंग के दौरान मशीन से निकलने वाली गेहूं की बालियों के छोटे कण सांस के साथ लोगों के फेपड़ों में समा रहे हैं। इससे दमा व टीबी के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही हैं। इसके अलावा डस्ट, धूप व गर्मी से एलर्जी संबंधी त्वचा रोग भी हो रहे हैं। यही कारण है कि राजकीय चिकित्सालयों में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को स्थानीय सीएचसी की ओपीडी में 266 मरीजों का पंजीयन हुआ। जिसमें बुजुर्गों व बच्चों की संख्या अधिक रही।


सीएचसी प्रभारी डा. प्रमोद।


ओपीडी में इलाज कराने को लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**प्यास नहीं लगे फिर भी पीते रहें पानी**

सीएचसी में हीटवेव की एडवाइजरी जारी होने के साथ ही दो बेड का इमरजेंसी कोल्ड वार्ड बनाया गया है। साथ ही मरीजों व तीमारदारों को ओआरएस भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सीएचसी प्रभारी डा. प्रमोद ने बताया कि लू व धूप से बचाव के लिए घरों में ही रहना चाहिए। बहुत जरूरी होने पर घर से निकलें और पेट भरकर पानी पीकर चलें। टोपी या अंगौछे से सिर ढंके रहें। प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। खाली पेट कतई न रहें और हल्के भोजन के साथ सलाद व दही का अधिक इस्तेमाल करें।

समस्या | किराये का मकान बदलते ही बदल जाता है आवास विहीनों का पता

# यूएसडीए को नहीं मिल रहे पीएम आवास के 119 लाभार्थी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण (यूएसडीए) को उसकी प्रमुख पीएम आवास योजना में चयनित 119 लोग ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। उनके द्वारा दर्शाए गए पते पर आवंटी के न मिलने पर डाक विभाग यूएसडीए को पत्र वापस भेज रहा है। वहीं यूएसडीए पत्रों को डूडा कार्यालय भेजकर चयनितों को तलाश कर आवंटन प्रक्रिया आगे बढ़ाने की जद्दोजहद कर रहा है।

बता दें कि वर्ष-2018 में पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवासहीनों के लिये घर आवंटन को नगरीय विकास अभिकरण ने 624 आवास आवंटित कराने को आवेदन निकाले थे। दो कमरों सहित एक परिवार के लिए अन्य सुविधाओं वाले भवन आवंटन के पूर्व चयनित लाभार्थी को मात्र 48 हजार रुपए प्राधिकरण के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराने थे। जबकि, शेष धनराशि शासन को वहन करनी है। नाममात्र की पूंजी में सिर छिपाने के लिए पक्की छत मिलने के लिए शहरी गरीबों ने बड़ी संख्या में आवेदन किया था। शासन के निर्देश पर आवंटियों का पात्रता के आधार पर चयन कर प्राधिकरण कार्यालय के बाहर सूची चस्पा की गई थी। आवास निर्माण का अधिकांश कार्य पूरा होने पर अब प्राधिकरण द्वारा आवास आवंटन की औपचारिकता पूरी कराई जा रही है। इसके लिए चयनितों को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर फोटो व आधार कार्ड के साथ कार्यालय बुलाया जा रहा है। जिससे संबंधित लोगों से उनके हिस्से की धनराशि जमा कराकर आवंटन पत्र जारी किया जा सके। हालांकि प्राधिकरण द्वारा भेजे गए 166 आवंटियों के पत्र संबंधित पते पर आवंटी के न मिलने से वापस लौट आए हैं। आवंटी के न मिलने से लौटे पत्रों को यूएसडीए अफसर डूडा कार्यालय भेज रहे हैं। जहां व्यक्तिगत तौर पर आवंटियों को तलाशा जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप 47 आवंटियों को तलाशकर उनके नए पते पर पत्र भेजे जा रहे हैं। डूडा के प्रभारी अधिकारी एके सिंह ने बताया कि सत्यापन में उपलब्ध न होने वालों को नोटिस जारी करने के साथ अन्य माध्यम से तलाशा जाएगा। यदि इसके बाद भी वे नहीं मिलते हैं तो उनका आवंटन निरस्त कर शासन की स्वीकृति लेकर नए लोगों का चयन होगा। बताया कि आमतौर पर आवासहीन परिवार किराए पर रहते हैं।

● 48 हजार रुपये में प्राधिकरण के माध्यम से मिलने हैं चयनितों को आवास



यूएसडीए कार्यालय। अमृत विचार

**34 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के हैं आवास**

पीएम आवास योजना के तहत शहर की कांशीराम आवास योजना के तहत दो कमरे, लैट्रिन-बाथरूम व लाबी का निर्माण हो रहा है। कांशीराम योजना में बने भवन का आकार 27 वर्ग मीटर था। जबकि, पीएम आवास योजना के तहत तैयार आवासों का निर्माण 34 वर्ग मीटर भूखंड में कराना निर्धारित है।

# दामाद व उसकी मां पर बेटी को पीटने का आरोप

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

● अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मानपुर गांव का मामला
● 5 साल पहले मानपुर निवासी से की थी शादी

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव मानपुर में एक विवाहिता ने पति को शराब पीने के लिये पैसे नहीं दिये तो पति ने उसे कमरे में बंद कर जमकर पीट दिया। सूचना पर युवती के परिजन कोतवाली पहुंचे और प्रार्थनापत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के असेहरु गांव निवासी रामसुमेर ने कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसने बेटी लक्ष्मी की शादी 5 साल पहले मानपुर निवासी रमेश से की थी। शादी के बाद से उसकी बेटी को पति मारता-पीटता था। उसमें उसकी सास भी उसका साथ देती थी। इसका कोतवाली में दो बार फैसला भी हो चुका है। बीती रविवार शाम को दामाद ने बेटी से शराब पीने के लिये पैसे मांगे। इस पर बेटी ने मना कर दिया। इससे नाराज दामाद ने बेटी को जमकर पीट दिया। उसकी सास ने भी उसे पीटा और कमरे में बंद कर दिया।

गांव वालों ने जब इस बारे में उसे सूचना दी तो वह आनन-फानन गांव पहुंचा और पीआरवी को बुलाकर कमरे से बेटी का बाहर निकलवाया। इसके बाद कोतवाली पहुंचकर प्रार्थनापत्र दिया। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# सबसे मिल, फोन पर बात कर सकेंगे प्रेक्षक

**उन्नाव।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपंन कराने को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए व्यय व अनुवीक्षण कार्य के लिए तैनात प्रेक्षकगण नवाबगंज पक्षी विहार स्थित पर्यटन गृह में रुके हुए हैं। कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन पर समय निर्धारित कराकर उनसे मुलाकात व बात कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रेक्षक व्यय कलाकांत सिंह के मोबाइल नंबर-6306669494 व उनके लाइजन अफसर मनोज सिंह के मोबाइल नंबर-8299442807 पर संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह प्रेक्षक व्यय कृष्णा राव सिगिलीपेल्ली से मोबाइल नंबर-6388778728 और उनके लाइजन अफसर अनिल दुबे से मोबाइल नंबर-9044159496 पर बात की जा सकती है।

## एक नजर

### पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कांशीराम कालोनी निवासी युवक पर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। शहर के एक मोहल्ले निवासी महिला ने बताया वह और उसका पति मजदूरी करते हैं। सोमवार को पुत्री अकेले घर पर थी। दोपहर में उसके छोटे पुत्र ने काम पर आकर बताया कि उसकी पुत्री काफी देर से घर से कहीं चली गई है। वह काम छोड़ कर आई और काफी तलाश किया लेकिन बेटी नहीं मिली। उसने कांशीराम कालोनी के ब्लॉक 41 में रहने वाला रहमान पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़ित महिला का प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवती घर से हुई लापता गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती लापता हो गई है। पीड़ित पिता की लिखित सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। मंझिला थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित पिता ने बताया 26 अप्रैल को सभी घर पर सोए थे। रात तकरीबन 11 बजे उसकी खुली तो उसकी 18 वर्षीय पुत्री अपने बिस्तर पर नहीं थी। बकौल पिता उसने पूरे घर और छत पर तलाश फिर रात भर गांव में ढूंढा। सभी नाते रिश्तेदारों से फोन से पता किया लेकिन कोई पता नहीं चला। उसे विश्वास है कोई उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। घटना की लिखित सूचना उसने पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### भाजपा की जनसभा का आयोजन कल

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** एएसबीडी महाविद्यालय नहरपुल दौलतयारपुर में 1 मई को भाजपा की विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल, मुख्य वक्ता मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा, प्रत्याशी अशोक रावत, जिलाध्यक्ष अजीत बब्बन, जिलाध्यक्ष उन्नाव अवधेश कटियार, विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य इं. अवनीश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता कर पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता विवेक कुमार पटेल ने दी।

# हरदोई संसदीय सीट : बेहतर प्रदर्शन तक ही सिमट कर रह गई बसपा

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** 1952 में गठित 31-लोकसभा हरदोई संसदीय सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने कई बार बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन जीत एक बार भी हासिल नहीं कर सकी। इसका एक कारण यह रहा कि संगठन तो मजबूत रहा, लेकिन पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी डोर टू डोर आम जनता तक नहीं पहुंच पाए। परिणामतः बहुजन समाज पार्टी बेहतर प्रदर्शन करने के बाद भी हरदोई संसदीय सीट से अपने प्रत्याशी को संसद नहीं पहुंच पाई।

इस बार बसपा ने देर से और बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतार दिया, जिससे संगठन के लोग भी हताश और निराशा से लग रहे हैं। पार्टी की ओर से कोई खास प्रदर्शन भी धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि पार्टी प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। कभी हरदोई सीट पर कांग्रेस का डंका बजा करता था, लेकिन 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से चुनाव मैदान में उतरे जयप्रकाश रावत ने कांग्रेस की



जयप्रकाश, ऊषा वर्मा, भीमराव अम्बेडकर

ऐसी लुटिया डुबोयी जो आज तक ऊपर नहीं आ सकी। इस चुनाव में जयप्रकाश रावत ने 1,33,025 मत प्राप्त कर कांग्रेस प्रत्याशी मितान को 38,257 मतों के भारी अन्तर से हराकर पहली बार भाजपा का कमल खिलाया। 1996 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अपने सिटिंग सांसद जयप्रकाश रावत पर ही दांव लगाया। जयप्रकाश रावत ने एक बार फिर कमल खिलाने में कामयाबी हासिल की। लेकिन इस बार इस सीट पर चुनावी समीकरण बदल गये। इस बार इस सीट पर बसपा से चुनाव मैदान में उतरे श्याम प्रकाश शानदार प्रदर्शन करते हुए बसपा की जबरदस्त उपस्थित दर्ज करायी। कांग्रेस तीसरे पायदान पर चली गयी। इस चुनाव में भाजपा के जयप्रकाश रावत को 1,92, 278 मत मिले वहीं बीएसपी को 1,18,960 मत प्राप्त हुये।

### वर्ष 1998 सपा की ऊषा वर्मा जीतीं, राजनीति ने बदली करवट

1998 के लोक सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया। ऊषा वर्मा ने अपनी जीत दर्ज कराते हुए 2,06,634 मत प्राप्त कर भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को कड़े मुकाबले में 15,426 मतों से करारी शिकस्त दी। इस चुनाव में बसपा तीसरे पायदान पर चली गयी। वहीं कांग्रेस चौथे स्थान पर रही। इस चुनाव के बाद हरदोई की राजनीति ने बड़ी करवट ले लिया। इस दौरान नरेश अग्रवाल ने कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर एक नयी पार्टी लोकतांत्रिक कांग्रेस का गठन किया। पार्टी गठन के बाद जयप्रकाश रावत भाजपा छोड़कर लोकतांत्रिक कांग्रेस में सम्मिलित हो गये।

### वर्ष 1999 जयप्रकाश ने ऊषा को हराकर हिसाब किया बराबर

इसके बाद 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में उतरे जयप्रकाश रावत ने सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को करारी पटखनी देते हुए अपना हिसाब बराबर कर लिया। इस चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

### वर्ष 2004 ऊषा वर्मा फिर जीतीं

इसके बाद 2004 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिर ऊषा वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा इस बार के चुनाव में सपा बसपा का सीधा मुकाबला दिखाई दिया। सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा को जहां 2,23,445 मत मिले वहीं बीएसपी के शिवप्रसाद वर्मा को 1,64, 242 मत प्राप्त हुये। कड़े संघर्ष में ऊषा वर्मा ने 43,242 मतों से जीत दर्ज की।

### वर्ष 2009 सपा की ऊषा वर्मा ने लगाई जीत की हैट्रिक

2009 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिर अपने सिटिंग सांसद को चुनावी मैदान में उतारा। वहीं बीएसपी ने रामकुमार कुरील को प्रत्याशी घोषित किया। इस चुनाव में भी हाथी साइकिल की जबरदस्त टक्कर हुई, लेकिन सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा एक बार फिर जीत दर्ज कराने में कामयाब रहीं। इस चुनाव में ऊषा वर्मा को 2,94,030 मत मिले, वहीं बीएसपी के रामकुमार कुरील को 2,01,095 मत मिले। समाजवादी पार्टी की ऊषा वर्मा ने बीएसपी प्रत्याशी रामकुमार कुरील को 92,935 मतों से हराकर जीत दर्ज कराई। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा वर्मा को 54,115 मतों से ही सन्तोष करना पड़ा। जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार शिवकुमार को 13,000 मत प्राप्त हुए।

### वर्ष 2014 अंशुल वर्मा ने एक बार फिर खिलाया कमल

इसके बाद वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में सपा से ऊषा वर्मा, बीएसपी से शिवप्रसाद वर्मा, और भाजपा से अंशुल वर्मा चुनाव मैदान में उतरे। इस चुनाव में मोदी लहर में एक बार फिर अंशुल वर्मा कमल खिलाने में कामयाब रहे। वहीं हाथी की मतवाली चाल में साइकिल फंस कर रह गयी। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंशुल वर्मा को 36,0501 मत मिले, वहीं बीएसपी प्रत्याशी शिवप्रसाद वर्मा को 2,79,158 मत प्राप्त हुये सपा तीसरे पायदान पर चली गयी। ऊषा वर्मा को 2,76,543 मत ही प्राप्त हो सके।

### वर्ष 2019 जयप्रकाश रावत ने भाजपा में की वापसी, चुनाव में दर्ज की जीत

2019 के लोकसभा चुनाव में दलों के दल में फंसे जयप्रकाश रावत सभी दलों से होते हुए अपने घर भाजपा में लौटे आये। जयप्रकाश रावत की वापसी पर भाजपा ने अपने सिटिंग सांसद अंशुल वर्मा का टिकट काट कर घर लौटे जयप्रकाश रावत को दे दिया। सपा ने इस बार बीएसपी से गठबंधन कर लिया। सपा ने ऊषा वर्मा पर जीत का भरोसा कर गठबंधन प्रत्याशी घोषित किया। लेकिन इस चुनाव में बीएसपी का कैडर वोटर साइकिल में शिफ्ट नहीं हो सका। भाजपा अपना जीत का सिलसिला बरकरार रखने में कामयाब रही। मत प्रतिशत बढ़ने के बावजूद भी सपा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को 5,68,143 मत प्राप्त हुए वहीं ऊषा वर्मा को 4,35,669 मत प्राप्त हुए।

### वर्ष 2024 इस बार भी जयप्रकाश और ऊषा वर्मा आमने-सामने




इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से अपने सिटिंग सांसद जयप्रकाश रावत को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने फिर एक बार से अपनी जुझारू प्रत्याशी ऊषा वर्मा पर भरोसा जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने अपने एमएलसी भीमराव अम्बेडकर को प्रत्याशी घोषित किया है। इस चुनाव में जहां एक ओर सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर जीत दर्ज करने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, वहीं सपा प्रत्याशी को मोदी विरोधी वोट से जीत की उम्मीद है। लेकिन बसपा प्रत्याशी दलित वोटरों को एकजुट कर जीत दर्ज कराने की उम्मीद पाले हैं। इस सीट पर बसपा लगातार शानदार प्रदर्शन करने के बाद भी आजतक जीत का स्वाद नहीं चख सकी है, लेकिन हाथी की मस्त चाल ने इस सीट कई बार राजनीतिक दलों के चुनावी समीकरण बिगाड़ने में कामयाबी हासिल की है। ऐसे में इस बार के चुनाव में भी हाथी किसका चुनावी समीकरण बिगाड़ेगा देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल चुनाव इस बार दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# उल्टी-दस्त व बुखार के मरीजों की बढ़ी संख्या

## गर्मी बढ़ते ही अस्पतालों की ओपीडी में उमड़ रही भीड़, धूप से बचाव की दी गई सलाह

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले का तापमान बढ़ने और गर्म हवा लू चलने के साथ ही अस्पतालों में बुखार, उल्टी दस्त के मरीज बढ़ने शुरू हो गए हैं। सरकारी अस्पतालों में पिछले एक सप्ताह में 15 से 20 प्रतिशत तक मरीज बढ़ गए हैं। चिकित्सक मरीजों को धूप से बचाव करने और गर्मी में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

जिले में कई दिन से तापमान बढ़ने से मौसम गरम हो रहा है। गर्म हवा व लू चलने से त्वचा भी झुलसने लगी है। सोमवार का दिन काफी गर्म रहा। गर्मी बढ़ने के साथ ही सरकारी अस्पतालों में मरीज भी बढ़ने लगे हैं। इनमें बुखार और उल्टी दस्त के मरीज अधिक हैं। एक सप्ताह में अस्पतालों में 15 से 20 प्रतिशत मरीज बुखार के पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में तैनात डॉ. मोहम्मद नौशाद ने बताया कि गर्मी के कारण बुखार, उल्टी-दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। बुखार से बचाव के लिए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। लोगों को धूप से बचाव करना चाहिए और दोपहर में घर से बाहर निकलने से परहेज करना चाहिए। बिलग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि गर्मी में तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करना चाहिए और ज्यादा ठंडा पानी या अन्य शीतल पेय पदार्थ नहीं लेने चाहिए। लोगों को धूप में नहीं निकलना चाहिए।

संडीला सीएचसी इन्चार्ज डॉ शरद वैश्य ने बताया कि गर्मी की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा धूप दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक होती है। इस समय धूप में निकलने से बचना चाहिए। अगर किसी मरीज को कोई समस्या होती है तो चिकित्सक की सलाह से उपचार कराना चाहिए। अपने आप कोई दवा नहीं लेनी चाहिए।



सोमवार को मेडिकल कालेज के पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों व तीमारदारों की भीड़। अमृत विचार

**इस तरह करें बचाव**

- दोपहर में तेज धूप में घर से बाहर निकलने से बचें।
- घर से बाहर निकलते समय छाता या कैप लगाएं।
- शरीर को ज्यादा ढकने वाले सूती कपड़े पहनें।
- तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें।
- ताजा और सुपाच्य भोजन करें।
- ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचें।
- कोई समस्या होने पर चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

# मंत्री के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट ने तीन को कुचला

शाहाबाद, हरदोई

**घायलों में डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल, सभी को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज किया रेफर**

**अमृत विचार।** ककरघटा के पास से गुजर रही मंत्री के काफिले की पुलिस स्कार्ट ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया। जिनमें डेढ़ साल का बच्चा भी शामिल है। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में तीनों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी रमेश (42), सुमित (50) अपने डेढ़ साल के बेटे कृष्णा को लेकर बाइक से ग्राम ककरघटा जा रहे थे। ककरघटा गांव के पास पीछे से आ रहीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री मंत्री रजनी तिवारी के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बालक सहित बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाइक सवारों को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

### टहलने निकले व्यक्ति को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**सण्डीला, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के बेगमगंज निवासी सुमन दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया है की उनके पति प्रेम नरायन दीक्षित 40 वर्ष गुरुवार की सुबह घर से टहलने निकले थे ब्लाक के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया जा रहा था और रास्ते में मौत हो गयी। कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच की जा रही है।

# प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह मिले

हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई संसदीय सीट से सपा, भाजपा व बसपा समेत 12 दावेदार चुनावी मैदान में हैं, वहीं मिश्रिख सीट पर नौ दावेदार अपनी किस्मत आजमाएंगे। सोमवार को डीएम ने चुनाव चिन्ह आवंटित किए। माना जा रहा है कि चुनाव चिन्ह आवंटन के साथ ही चुनावी घमासान और तेज होगा, जहां भाजपा, सपा और बसपा आवंटित चुनाव चिन्ह तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी बांसुरी और चक्की जैसे चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में होंगे।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन हरदोई लोकसभा से एक व मिश्रिख लोकसभा से एक नामांकन वापस लिया गया। हरदोई लोकसभा से प्रफुल्ल कुमार वर्मा ने तथा मिश्रिख लोकसभा से मनोज कुमार राजवंशी ने नामांकन वापस लिया। बाकी बचे सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हो का आवंटन किया गया। मिश्रिख से निर्दलीय प्रत्याशी ललित कुमार को बांसुरी, वंदना वर्मा को जूता, सावित्री देवी को चक्की, अवधेश को कड़ाही, नीलम सिंह को कैंची और रामपाल को आटो रिक्शा का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।



चुनाव चिन्ह आवंटित करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### अधिग्रहित वाहन समय से उपलब्ध कराएं : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए जनपद के सभी हल्के व भारी वाहन 10 मई से अधिग्रहीत करते हुए उनके अधिग्रहण आदेश वाहन स्वामियों को प्राप्त कराये जा रहे हैं। आदेश प्राप्त करने वाले समस्त वाहन स्वामी अधिग्रहीत किये गये भारी व हल्के वाहनों को अधिग्रहण आदेश में उल्लिखित दिनांक, स्थान व समय पर चालक सहित अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। वाहन नियत तिथि, समय व स्थान पर उपलब्ध न कराये जाने की दशा में सम्बन्धित वाहन स्वामी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिन वाहन स्वामियों को अब तक अधिग्रहण आदेश प्राप्त न हुए हों, वे भी अपने अधिग्रहण आदेश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर लें।

### रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत-भदैचा के आदर्श कृष्ण इण्टर कालेज के बूथ संख्या-134, 135 तथा प्राथमिक पाठशाला भदैचा के बूथ संख्या-136, 137, ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर के बूथ संख्या-98, तथा ग्राम पंचायत देवरिया के बूथ संख्या 140 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों को सम्बधित सचिव को दो दिवस में दूर कराने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत-हरदोई देहात के मजरे कन्हईपुरवा, में ग्राम विकास अधिकारी शिवओम त्रिपाठी, ग्राम पंचायत-पेंग में ग्राम विकास अधिकारी ब्रम्हादीन, ग्राम पंचायत-हुसियापुर में ग्राम विकास अधिकारी प्रेमपाल अरूण, ग्राम पंचायत-म्योनी में ग्राम विकास अधिकारी आकाश त्रिपाठी, ग्राम पंचायत-कौथेलिया व शहाबुददीनपुर में ग्राम विकास अधिकारी संजय तिवारी, ग्राम पंचायत-भदेचा व वहरैया में ग्राम विकास अधिकारी गरिमा कुशवाहा ने ग्राम प्रधान, शिक्षक, शिक्षिकाओं आदि की मौजूदगी में लोगों को जागरूक किया।

# विपक्षियों के मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होंगे : नितिन

हरदोई

**अमृत विचार।** प्रदेश के राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में जहां एक तरफ विपक्षियों को जमकर लताड़ लगाई, वहीं दूसरी तरफ दावे के साथ कहा कि देश में फिर से एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने गठबंधन को लेकर खूब खरी खोटी कही। कहा कि विपक्षियों के मंसूबे कभी भी पूरे नहीं होंगे। इससे पहले रविवार को शहर के एक धर्मशाला में हुए सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश अग्रवाल ने योगी और मोदी राम लक्ष्मण की जोड़ी बताया। कहा कि इस कलयुग में मोदी और योगी की जोड़ी भ्रष्टाचारियों, अराजक तत्वों और अपराधियों का अंत करने के लिए आई है।

पूर्व सांसद श्री अग्रवाल ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष विपक्ष में कोई नेता ही नहीं हैं। कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा विपक्षी दलों का सत्ता में आने के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। भाजपा नेता श्री अग्रवाल ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले कभी सफल नहीं होंगें।

सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, पूर्व पालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, राम प्रकाश शुक्ला, केडी शुक्ला अध्यक्ष अधिवक्तासंघ, इन्द्रेश्वर नाथ गुप्ता, डा एपी सिंह, डा अजय अस्थान आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शातिर चोर गिरफ्तार, माल-जेवर बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** आखिरकार गांव में घुसकर चोरी करने वाले शातिर चोर पुलिस के हत्थे पड़ ही गए। इसी साल आठ फरवरी को बघौली के महरी गांव में अलमारी तोड़ कर हुई माल–जेवर की चोरी करने वाले चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके पास से माल–जेवर बरामद किया है। बघौली थाने के महरी निवासी संतोष कुमार पुत्र मनोहर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि आठ फरवरी को उसके घर घुसे चोरों ने अलमारी तोड़ कर माल–जेवर पार कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, वहीं एसएचओ बघौली विवेक वर्मा ने सोमवार को सर्विलांस टीम की मदद से सई नदी से माधौगंज रोड पर भुलभुला खेड़ा तिराहे के पास से शिवपाल पुत्र बद्री निवासी अदिलापुर भेलावां थाना बघौली और शंकुल दीक्षित पुत्र संजय दीक्षित निवासी तेरवा कुल्ली मल्लावां को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया गया माल–जेवर बरामद किया गया। एसएचओ ने बताया कि एसआई अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सर्विलांस टीम की मदद से दोनों चोरों को गिरफ्तार किया। शिवपाल और शंकुल दीक्षित के खिलाफ पहले से कई और भी मामले दर्ज हैं।



छात्रवृत्ति परीक्षा में पास होने वाली छात्राएं। अमृत विचार

### छात्रवृत्ति परीक्षा में बेटियों ने हासिल की कामयाबी

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड सुरसा के संविलयन विद्यालय भैनामऊ की दो छात्राओं नैन्सी और संजू का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हो गया है। नैन्सी पुत्री शिव सिंह ने 110 अंकों के साथ जिले में 25 वीं रैंक तथा संजू पुत्री युगल किशोर ने 94 अंकों के साथ जिले में 41 वीं रैंक प्राप्त कर के अपने माता– पिता, विद्यालय एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। अब इन छात्राओं को सरकारी या सहायता प्राप्त विद्यालय में प्रवेश लेने पर कक्षा 12 तक 1200 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी। इस सफलता पर विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक राजेश पाठक ने दोनों छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। समस्त विद्यालय परिवार इन बच्चियों की इस सफलता पर इन दोनों को बधाई देता है एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

### जंगली जानवर के हमले में घायल किसान की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसान पर एक जंगली जानवर ने हमला कर ज़ख्मी कर दिया था। खुद की लापरवाही कहें या घरवालों की अनदेखी, किसान का सही इलाज न होने से उसे रैबीज़ हो गया। जिसके चलते उसकी घर में ही मौत हो गई। पुलिस ने दी गई तहरीर पर शव को अपने कब्ज़े मे.लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बेहटा गोकुल थाने के चन्द्रपुर खैराई कसियापुर निवासी 45 वर्षीय रामतीर्थ पुत्र रामफेरे खेती–किसानी करता था। करीब 10 दिन पहले वह खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था, उसी बीच एक जंगली जानवर ने उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे रामतीर्थ ज़ख्मी हो गया, उसका थोड़ा–बहुत इलाज हुआ, लेकिन बाद में बंद हो गया। दो दिनों से उसकी हालत खराब हो गई, पागलों जैसी हरकतें करने लगा। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे देखते ही जवाब दे दिया। उसी बीच रविवार की रात को उसकी रात में ही मौत हो गई। लोगों का कहना है कि एक तो रामतीर्थ की लापरवाही और उसके घरवालों की अनदेखी के चलते वह रैबीज़ का शिकार हो गया, उसी बीच रविवार की रात को उसकी घर में ही मौत हो गई। रामतीर्थ के परिवार में उसकी पत्नी ऊषा देवी के अलावा दो बेटी और दो बेटे है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# हरदोई रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरीं यात्री सुविधाएं

हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर भारत में इन दिनों तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। भीषण गर्मी व धूप से लोग परेशान हैं। गर्मी में यात्रियों के सफर को आसान बनाने के लिए भारतीय रेलवे लगातार समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। स्टेशनों पर यात्रियों के पेयजल की उपलब्धता के लिए वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं।

इन सब के बावजूद हरदोई स्टेशन पर कुछ कमियां यात्रियों को परेशान कर रही हैं। प्लेटफार्म नंबर तीन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्य के चलते लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 4 से होकर जा रही है, लेकिन प्लेटफार्म नंबर चार पर न ही वाटर कूलर है और न ही धूप से बचने की कोई पर्याप्त व्यवस्था। हालांकि इस बावत मंडल रेल कार्यालय के जिम्मेदार कहते हैं कि यह कार्य अमृत भारत रेलवे स्टेशन के अंतर्गत कराया जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि अप्रैल में गर्मी का यह हाल है तो मई जून में क्या होगा।

रेल प्रशासन के गर्मियों में रेल यात्रियों को राहत देने के दावे हरदोई रेलवे स्टेशन पर पूरी तरह से फेल है यदि हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ठंडक में बैठकर ट्रेन की प्रतीक्षा करनी है तो उन्हें इसके लिए अपनी जेब ढीली करनी होगी। हरदोई में प्राइवेट वेटिंग एसी वेटिंग रूम में बैठकर यात्री ट्रेन की प्रतीक्षा कर सकते हैं, बाकी जो यात्री अतिरिक्त रुपए नहीं देना चाहता है तो उसके लिए प्रतीक्षालय में कूलर तक की व्यवस्था नहीं की गई है। यात्रियों को पंखे के सहारे बैठकर ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। प्रतीक्षालय में उमस से रेल यात्री परेशान हैं, जिसके चलते प्रतीक्षालय में कम और प्लेटफार्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा करते ज्यादा यात्री दिख जाएंगे।





हरदोई स्टेशन व प्रतीक्षालय में पंखे के नीचे लेटकर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, चार पर केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। कस्बे के मोहल्ला बाजीगंज निवासी अब्दुल नफीस ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि 24 अप्रैल को समय सुबह अपनी दुकान पर चला गया। घर में उसकी पत्नी उसके बच्चे और रिश्तेदार थे, तभी ग्राम खेरवा निवासी मोहम्मद फारूक, मोहम्मद शराफत, मोहम्मद अनस, अब्दुल रउफ उसके घर के अंदर घुस आए और गालियां देते हुए सामान तोड़ने लगे। विरोध करने पर पत्नी आलिया बानो व बेटे मोहम्मद कैफ को पीटा। पुलिस को सूचना देने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### महिला को पीटकर किया घायल, दी गई तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगवा में एक महिला को गांव के दबंगों ने पुरानी रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम नौगवा निवासी शिवा देवी पुत्री द्रगपाल ने बताया वह घर के दरवाजे पर थी, तभी गांव के सुनील पुत्र जुबराज अपनी पत्नी चमेली और राम कढ़ेल ने पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज किया गाली का विरोध करने पर विपक्षियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई संजय उसे बचाने आया उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### निधन पर जताया शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** बार कौंसिल के सदस्य पूर्व चेयरमैन तथा अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता राम प्रकाश दीक्षित बार एसोसिएशन संडीला के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया। कहा कि राम प्रकाश दीक्षित बेहद नेक, कर्मठ, मिलनसार, कर्तव्यपरायण व्यक्ति थे, उनके निधन से अधिवक्ता समाज की गहरी क्षति हुई है। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी, महासचिव नरेंद्र कुमार वर्मा ने भी शोक व्यक्त किया। उधर बार एसोसिएशन अध्यक्ष केडी शुक्ला, महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में हुई शोक सभा में शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला सुलेमानी में पुलिस ने युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कस्बे के मोहल्ला सुलेमानी रोड पर तालाब के निकट संदिग्ध युवक को रोका गया। युवक ने अपना नाम राधेश्याम पुत्र अशोक निवासी मंगियावां बताया। उसके पास से तमंचा बरामद हुआ।

# सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

## शादी में शामिल होने के लिए बाइक से जाते समय हुए दुर्घटना के शिकार

हरदोई



प्रिंस व कपिल की फोटो

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी की एक शादी में शामिल होने जा रहे दो ममेरे भाई रास्ता चलते हुए सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमें उन दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार की रात हुए हादसे की खबर ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने हादसे की जांच शुरु कर दी है।

कछौना कोतवाली के कुड़री गांव निवासी हरिपाल का 18 वर्षीय पुत्र कपिल रविवार की रात 17 वर्षीय अपने ममेरे भाई प्रिंस पुत्र रामकुमार निवासी काज़ीपुर कासिमपुर को साथ ले कर अपाचे बाइक से रिश्तेदारी की एक शादी में शामिल होने कछौना कोतवाली के ही गरखड़ी गांव जा रहा था। जैसा कि बताया गया है कि कछौना-बेनीगंज रोड से प्रतापनगर को जाने वाले रास्ते पर गरखड़ी पुलिया पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मारी और वहां से भाग निकली, उसी बीच प्रिंस का भाई उमेश दूसरी बाइक से उसी शादी में शामिल होने के लिए पीछे से पहुंच गया। प्रिंस और कपिल को ज़ख्मी हालत मे.पड़ा देख कर वह मदद के लिए चिल्लाने लगा। कपिल की वहीं मौत हो चुकी थी, जबकि प्रिंस ने कछौना सीएचसी पहुंच कर वहां दम तोड़ दिया। प्रिंस तीन भाइयों में छोटा था, उसकी चार बहनें है, कपिल भी तीन भाइयों में छोटा था उसकी दो बहने है। हादसे की खबर सुनते ही वहां शादी में शामिल होने पहुंचे सारे रिश्तेदार दौड़ पड़े, शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े मे.लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया। हादसे की जांच की जा रही है। कछौना कोतवाली के कुड़री निवासी हरिपाल का सबसे छोटा पुत्र कपिल वहीं गांव में परचून की एक दुकान चलाता था।

### 9वीं कक्षा में दाखिला लेने की तैयारी कर रहा था प्रिंस

काज़ीपुर के रहने वाले रामकुमार का सबसे छोटा बेटा प्रिंस पढ़ाई कर रहा था, वह गांव के उच्च प्राथमिक स्कूल से आठवीं पास कर चुका था। वह नवीं में दाखिले के लिए अपने दोस्तों के साथ इस स्कूल से उस स्कूल की दौड़ लगा रहा था, दोस्तों के बीच राय नहीं बन पा रही थी कि कहां दाखिला कराया जाए, लेकिन उसी बीच हुए हादसे ने सब कुछ खत्म कर दिया।

# दामाद की मौत की सूचना पर पहुंचे ससुर को पीटा, तहरीर पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वासित नगर में रविवार को एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को दामाद की मृत्यु की खबर पर पहुंचे ससुराल वालों को मृतक के घरवालों ने मिलकर डंडों से पिटाई कर दी। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने पीड़ित की सूचना पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के ग्राम वासित नगर में रविवार को भट्ठे पर मजदूरी करने वाले युवक साजिद उम्र 25 वर्ष पुत्र सज्जाद ने अज्ञात कारणों के चलते घर में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत्यु की सूचना पर पहुंचे ससुर अली शेर पुत्र फकीरे निवासी मिश्रीपुर थाना रामचंद्र मिशन जनपद शाहजहांपुर ने बताया दामाद की मृत्यु की सूचना वह परिवार सहित वासित नगर मिट्टी में होने के लिए आया था, लेकिन दामाद के घर वाले उसकी पुत्री हुस्ना को साजिद के मरने का कारण मानते हुए गाली गलौज करने लगे। इसी बात को लेकर उसके पुत्र इरफान ने गाली गलौज करने से मना किया तो सज्जाद पुत्र अमर अली ने पुत्र राशिद और अन्य लड़के के साथ मिलकर उसे और परिवार वालो को डंडे से मारना शुरू कर दिया। मारपीट में उसे व उसके पुत्र इरफान बहू शबीना एहसान और नूरजहां को काफी चोटें आईं हैं। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया युवक ने आत्महत्या की है उसी बात को लेकर युवक के परिवार और ससुराल वालों में मारपीट हुई है। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू की है।

# शिक्षिका की दो-दो जगह लगा दी गई मतदान ड्यूटी

हरदोई

## सीडीओ से की गई शिकायत

**अमृत विचार।** प्रशासनिक अमले की तरफ से चूक होना मुमकिन है, लेकिन चुनाव और वह भी लोकसभा के चुनाव में हुई चूक ज़रूर चौका सकती है। आखिर चुनाव जैसी महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी संभाल रहे ज़िम्मेदार इतने लापरवाह होंगें, कि उन्हे पता तक नहीं चला और एक कार्मिक की दो-दो जगहो पर मतदान अधिकारी (प्रथम) के तौर पर ड्यूटी लग गई। इसका पता तब हुआ जब मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के पास शिकायत पहुंची।

बताया गया है कि रूबी यादव बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बघौरामल में इंचार्ज अध्यापिका है। रूबी यादव ने सीडीओ से की शिकायत में कहा है कि उसकी मतदान अधिकारी (प्रथम) के लिए दो जगहों पर ड्यूटी लगाई गई है। एक का पार्टी नंबर 880 और दूसरे का 1743 है। रूबी यादव ने पार्टी नबंर 1743 वाली ड्यूटी प्राप्त कर पार्टी नंबर 880 वाली ड्यूटी को निरस्त करने की मांग की है। रूबी यादव की शिकायत ने साबित कर दिया कि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण काम की ज़िम्मेदारी संभाल रहे ज़िम्मेदार कितने परिपक्व है। ज़िम्मेदारों की ऐसी चूक ने हर किसी को चौका कर रख दिया। इस मामले को लेकर सोमवार को विकास भवन में काफी हलचल रही।

# नकली सोना देकर जेवरात व नकदी ले गई महिला, तीन पर मुकदमा दर्ज

हरदोई,

**अमृत विचार।** पुलिस को दी गई तहरीर में सराफा बाज़ार में खलबली मचा दी है। दरअसल बिलग्राम के एक सराफा दुकानदार का कहना है कि एक महिला उसकी दुकान पर पहुंची और नकली सोना देकर बदले में कुछ ज़ेवर और नगदी लेकर निकल गई। उसने एक और दुकानदार को इसी तरह ठगी का शिकार बनाया। इसी दौरान इत्तेफाक से आरेपी महिला पुलिस को मिल गई। महिला से पूछताछ की गई तो उसने जो बताया उससे पता चला है कि सराफा बाज़ार में नकली सोने का कारोबार हो रहा है। पुलिस ने दी गई तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

### ▸▸ दो सराफा दुकानदारों को लगाया चूना, बाजार में मचा हड़कंप




बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला मलकंठ निवासी सतीश कुमार पुत्र बैजनाथ सराफा दुकानदार है। 17 अप्रैल को एक महिला उसके पास पहुंची और उसने कान के बुंदे और बाले बेंच कर बदले में एक जोड़ी बाली और कुछ नगदी (तकरीबन 11 हज़ार रुपये) लेकर चली गई। उससे पहले वही महिला सदर बाज़ार में सराफा दुकानदार कमल किशोर से 16 हज़ार की धोखाधड़ी कर चुकी थी। 25 अप्रैल को वही महिला बाज़ार में टहलती हुई दिखाई दी। पूछताछ में उसने अपना नाम मालती पत्नी अरमान निवासी अब्दुलपुरवा पिहानी चुंगी बताया। उसने बताया कि वह सोना उसे बिलग्राम कस्बे के अजय रस्तोगी ने बेंचने के लिए दिया था। पैसा भी उसी के पास है। बिलग्राम पुलिस ने सतीश कुमार की तहरीर पर मालती के अलावा अजय रस्तोगी और वहीं के छोटू नाम के युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस तरह का मामला सामने आने से बिलग्राम की सराफा बाज़ार में खलबली मची हुई है।

# रिश्तेदारों के बीच पिटाई से आहत युवक ने लगाई फांसी

हरदोई

**अमृत विचार।** साढ़ू के घर में उसी के चचेरे भाई ने युवक की रिश्तेदारों के सामने बुरी तरह पिटाई कर दी। उसके बाद युवक पत्नी और बच्चों को वहीं छोड़ कर घर वापस लौटा और कमरें के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में ले कर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

साण्डी थाने के नाऊपुरवा निवासी नन्हेलाल (28) पुत्र रामेश्वर अपनी पत्नी रिंकी और बच्चों के साथ शनिवार को साढ़ू आकाश के यहां कार्यक्रम में शामिल होने धन्सरी बिलग्राम गया हुआ था। नन्हेलाल का वहीं आकाश के चचेरे भाई से किसी बात पर झगड़ा हो गया, जिसके चलते उसने रिश्तेदारों के सामने नन्हेलाल की पिटाई कर दी। उसके बाद रविवार को वह पत्नी व बच्चों को धन्सरी में ही छोड़कर अकेले घर लौट आया और रात में अपने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इसका पता होते ही उसके घरवालों में कोहराम मच गया। खेती-बाड़ी करने वाला नन्हेलाल अपने दो भाइयों में छोटा था। माना जा रहा है कि रिश्तेदारों के सामने पीटे जाने से शर्मसार हुए नन्हेलाल ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच करने में जुट गई।

# डोर टू डोर कूड़ा संग्रह व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर

कछौना, हरदोई

**अमृत विचार :** आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में उच्चतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में समस्त सफाई कर्मचारियों, वार्ड प्रभारी, सफाई सुपरवाइजर व कार्यालय स्टाफ के साथ एक कार्यशाला का आयोजन नगर पंचायत सभागार में किया गया।

कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 व विगत सर्वेक्षण 2023 के परिणाम पर तुलनात्मक चर्चा की गई और उसमें रह गयी कमियों पर विशेष ध्यानाकर्षण करते हुए सर्वेक्षण 2024 में अधिकतम अंक प्राप्त किये जाने हेतु सभी वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किए जाने, स्रोत पर कूड़ा पृथक्करण प्रणाली लागू किये जाने, गीले कचरे से कंपोस्ट खाद व सूखे कूड़े को एमआरएफ सेंटर पर लाकर वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण कराये जाने हेतु कार्मिकों को निर्देशित किया गया। इसके लिए अधिशासी अधिकारी द्वारा 12 वार्डों पर 04 कार्मिकों को सफाई सुपरवाइजर के रूप में नामित करते हुए उन्हें प्रतिदिन संबंधित वार्डों में डोर टू डोर जाकर उपरोक्त के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ सारथी क्लब, स्वच्छ वातावरण वार्ड प्रोत्साहन समितियों, और स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एम्बेसडर के सहयोग से सर्वेक्षण में जन आंदोलन हेतु निर्धारित अधिकतम अंक प्राप्त किये जाने हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में सर्वेक्षण 2024 में जन आंदोलन के व्यापक प्रचार प्रसार व जन जागरूकता हेतु ब्रम्ह कुमार सिंह समाजसेवी को सर्वेक्षण 2024 का ब्रांड एम्बेसडर नामित किया गया, नामित ब्रांड एम्बेसडर द्वारा सर्वेक्षण 2024 में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## नहाते समय नहर में डूबे लखीमपुर के युवक का शव बहकर पहुंचा हरदोई

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** शारदा नहर में नहा रहा लखीमपुर का युवक तेज़ पानी के बहाव में बह गया था। दो दिन तक ऑपरेशन रेस्क्यू चलाया गया, लेकिन कहीं कुछ भी पता नहीं चला। लोनार पुलिस ने सोमवार को तीसरे दिन युवक की डेड बॉडी बावन-सराय के बीच नहर से बरामद की। सारे मामले की जांच की जा रही है। लखीमपुर ज़िले के मोहम्मदी के मोहल्ला



बबौरी निवासी 19 वर्षीय सोनू गुप्ता और उसके दोस्तों ने नहर में नहाने का प्लान बनाया। सभी शनिवार को बाइक से शाहजहांपुर ज़िले के महासिल थाना सिंधौली के पास से निकली शारदा नहर में नहाने पहुंचे थे। पानी के तेज़ बहाव के साथ नहा रहा सोनू बह गया। सोमवार की सुबह लोनार पुलिस को पता चला कि बावन-सराय के बीच शारदा नहर में कोई डेड बॉडी बहकर पहुंची है। छानबीन में शव की शिनाख्त सोनू गुप्ता के रूप में हुई।

## छत से गिरकर घायल युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** छत पर सो रहा युवक आधी रात को नींद से जागा और जैसे ही उठ कर खड़ा हुआ, तभी उसका पैर फिसला और नीचे गिर कर ज़ख्मी हो गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी रविवार को दूसरे दिन मौत हो गई। सुरसा थाने के पण्डित पुरवा निवासी 24 वर्षीय संदीप पुत्र श्रीपाल अपने दो भाइयों में छोटा था, मज़दूरी कर अपने घर वालों का सहारा बना हुआ था। शनिवार की रात को वह अपने मकान की छत पर सो रहा था, रात में उठने पर वह छत वह छत से नीचे गिर गया था।

## मां के लिए बेटे ने व पत्नी के लिए पति ने छोड़ा चुनावी मैदान

**हरदोई।** हरदोई और मिश्रिख लोकसभा सीट पर चुनाव के लिए 13 मई को वोट पड़ेंगे। नाम वापसी के बाद अब तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। हरदोई से सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद ऊषा वर्मा के बेटे और इसी पार्टी से मिश्रिख लोकसभा के दावेदार के पति ने अपना-अपना नाम वापस ले लिया है। बदली तस्वीर पर गौर करें तो अब बेटा अपनी मां की सियासी धुन को और लंबी तान देने के लिए पूरी तरह से तैयार है तो वहीं मिश्रिख से संगीता राजवंशी के पति ने अपनी पत्नी की खातिर चुनाव मैदान से किनारा करना ही बेहतर समझा। लोकसभा चुनाव के लिए हरदोई और मिश्रिख में 13 मई को वोट पड़ेंगे। सोमवार को नाम वापसी के बाद अब हरदोई से 12 और मिश्रिख से 9 दावेदार चुनाव मैदान में अपने-अपने दांव दिखाएंगे। सोमवार को हरदोई से सपा की दावेदार और पूर्व सांसद ऊषा वर्मा के पुत्र प्रफुल्ल वर्मा और उसी बीच मिश्रिख से सपा की संगीता राजवंशी के पति मनोज राजवंशी ने अपना-अपना पर्चा वापस ले लिया है। नाम वापसी के बाद जो तस्वीर उभर कर सामने आई है उसमें हरदोई से 12 और मिश्रिख से 9 दावेदार ही मैदान में बचें है। एक तरफ प्रफुल्ल वर्मा अपनी मां ऊषा वर्मा के साथ सियासी सफर में साथ होंगे तो वहीं मनोज राजवंशी नाम वापस लेकर अपने हम सफर के साथ सियासी सफर में उनके कदम से कदम मिलाएंगे।

**आयोजन** | हरदोई हेरिटेज कप का दूसरा मैच

# जयपुरिया इलेवन ने दर्ज की जीत

हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को हरदोई हेरिटेज कप का दूसरा मैच जयपुरिया इलेवन बनाम ओसिस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। मैच में टॉस जयपुरिया इलेवन के कप्तान आकाश त्रिपाठी ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जयपुरिया इलेवन ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। जयपुरिया इलेवन की तरफ से लक्ष्मी नारायण मिश्रा 55 रन, सक्षम गुप्ता 24 रनों का योगदान दिया। ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से मो. शाकिब ने 4 विकेट, प्रशांत मरांडी ने 2 विकेट, फैज, सोनू, सनी ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओसिस क्रिकेट अकादमी की टीम 29.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से सनी वर्मा 36, मो. शाकिब ने 13 रनों का योगदान किया। वहीं जयपुरिया इलेवन की तरफ से जय प्रकाश कश्यप ने 4 विकेट तथा देवाशीष चौहान, आकाश त्रिपाठी, कुंज बाजपेई ने 2-2 विकेट लिए। इस प्रकार इस मैच में जयपुरिया इलेवन ने 24 रनो से जीत दर्ज की। इस मैच में मैन ऑफ द मैच जयपुरिया इलेवन के जय प्रकाश कश्यप को मिला। मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो. हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। इस मैच के दौरान अर्जित मित्तल, लकी गुप्ता, कुशी अग्रवाल, राधा कृष्ण गुप्ता आदि मौजूद रहे।



मैच में बैटिंग करते क्रिकेट खिलाड़ी। अमृत विचार


VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी पकड़ा गया

**सीतापुर।** रामपुर कलां पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मछरेहटा थाना क्षेत्र के अभियुक्त मुनीम पुत्र छैलू निवासी ग्राम गढ़ी मजरा बिजुआमऊ को गिरफ्तार किया है कमलापुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में दर्ज अभियोग में अभियुक्त कई दिनों से वांछित चल रहा था पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने अभियुक्त की जल्द गिरफ्तारी के तहत दस हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। अभियुक्त मुनीम शातिर किस्म का अपराधी है पूर्व में चोरी, नकबजनी, हत्या के प्रयास जैसे जघन्य अपराधों में अभियुक्त की संलिप्तता रही है थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई पूर्ण की गई है।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**लहरपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत सोमवार को एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा 12 बोर व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जय नारायण व पुलिस टीम के द्वारा तंबौर मार्ग पर गोबरिया पुल राम रुद्रा के निकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी सूचना के आधार पर धीरज कुमार पुत्र संतराम निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना तंबौर को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ बंदी बनाने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति एक शातिर अपराधी है, जिसके ऊपर थाना तंबौर, थाना देवा जनपद बाराबंकी, थाना लहरपुर में पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं, अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया।

### राजमिस्त्री ने लगाई फांसी

**कमलापुर।** थाना क्षेत्र के गौरा मजरा बहरीमऊ में अपने बहनोई के यहां रह रहे राजमिस्त्री ने ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। हरद्वारी 60 पुत्र प्रहलाद अपने बहनोई गंगाप्रसाद के यहां विगत 30 साल से रह रहा था। वह राजमिस्त्री का काम करता था, सोमवार सुबह वह घर से बाहर निकला फिर देर तक वापस नहीं आने पर लोगों ने ढूंढना शुरू किया तो गांव के पूरब जंगल में अकोहर के पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, उसके जेब से एक कागज निकला है। जिसमें स्कूलों में काम करने, वेतन ओर तथा स्कूल अध्यापक द्वारा किसी एफआईआर की बात लिखी है।

# गेहूं खरीद में तेजी लाएं क्रय केंद्र

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** गेहूं खरीद में तेजी लाने के उद्देश्य से सोमवार को अपर जिला सहकारी अधिकारी सिद्धार्थ कुमार आर्य ने क्षेत्र के विभिन्न गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सोमवार को क्षेत्र के ग्राम लालपुर मंडी स्थल में संचालित अकबरपुर, बसंतापुर, शरीफपुर कसमंडा, क्रय विक्रय समिति डूंगरापुर गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए, उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप किसानों से संपर्क करके गेहूं खरीद करना सुनिश्चित करें, उन्होंने बताया कि लालपुर मंडी स्थल में संचालित अकबरपुर समिति में गेहूं खरीद हो रही थी, मंडी स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड लहरपुर डूंगरापुर में अब तक 1700 कुंतल गेहूं की खरीद हो चुकी है, निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को किसानों के लिए पेयजल व्यवस्था एवं चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी से बचाव के लिए किसानों के लिए बैठने व छाया की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।



क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद का निरीक्षण करते अपर जिला सहकारी अधिकारी।

# गौशाला के पास जंगल में लगी आग

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** सिधौली विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुरहाडीह में बने गौशाला के निकट जंगल में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मुराहडीह जंगल में सोमवार को किसी कारण वश आग लग गई। आग की तेज लपटें उठती देख लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए मशीन लेकर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। आग से जंगल में लगे पेड़ पौधे जल गए। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल दीपक मिश्रा ने बताया कि जरा सी देर होने पर काफी नुकसान हो सकता था। उन्होंने कहा कि जंगल में आग कैसे लगी है, इसका पता नहीं चल सका है। घटना की जानकारी होने पर सिधौली तहसील प्रशासन व ब्लाक प्रशासन के लोग भी पहुंचे और जायजा लिया।



जंगल में आग बुझाने का प्रयास करते दमकल विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

# सोशल मीडिया की नियमित जांच हो उल्लंघन करने वालों को नोटिस दें : डीएम

## बीएसए की लापरवाही उजागर, सहायक अध्यापक पर नहीं की कार्रवाई

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी को पूर्णतयः सक्रिय रखा जाए एवं प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया की सजग निगरानी की जाए।

उन्होंने कमेटी द्वारा अभी तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर आदि की नियमित रूप से जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) द्वारा संबंधित को जारी नोटिस तामिल की समीक्षा की। आराध्य शुक्ला, सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा एवं रमेश बाजपेयी, अध्यक्ष संकटा देवी मंदिर प्रबंध समिति को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में जारी नोटिस तामिल के जवाब/स्पष्टीकरण से जिलाधिकारी ने नारागजी जाहिर करते हुये प्रभारी नोडल अधिकारी एमसीएमसी को निर्देशित किया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व रमेश बाजपेयी को पुनः नोटिस तामिल कराते हुये अविलम्ब कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।



कार्यालय में अधिकारियों से बात करते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

### निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाए कंटेंट का प्रमाणन

**सीतापुर।** जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिए की प्रमाणन के लिए प्राप्त कंटेंट की गहनतापूर्वक जांच करते हुए नियमानुसार अनुमतियां समय से जारी की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जारी की गई अनुमतियों की सूचना समस्त संबंधित को प्रेषित की जाये। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला सूचना अधिकारी लाल कमल, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, अपर जिला सूचना अधिकारी प्रशान्त अवस्थी, जिला मनोरंजन अधिकारी प्रदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से हजारों का नुकसान

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना सदरपुर अंतर्गत ग्राम पड़रिया में अज्ञात कारणों से लगी आग से छप्पर समेत काफी सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके फायर बिग्रेड की गाड़ी आने से पहले आग पर काबू पा लिया था। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़रिया निवासी कल्लू राम पुत्र बसंत के अहाते में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से इंजन, साइकिल, छप्पर आदि जल गया तथा इसके नीचे बंधी भैंस भी घायल हो गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था तथा क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का मुआयना किया है।

### लहरपुर में दो बीघा गन्ने की पेड़ी जलकर राख

**लहरपुर।** कोतवाली के ग्राम पोंगलीपुर में गन्ने के खेत में आग लग जाने से दो बीघा गन्ने की पेड़ी जल कर राख हो गई। ग्राम के भुनेश्वर सिंह के खेत में आग लगने से दो बीघा गन्ने की पेड़ी जल गई। ग्राम पोंगलीपुर निवासी भुनेश्वर सिंह शिवदत्त सिंह ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार को गांव के एक किसान ने अपने खेत में पड़े भूसे की कठूरी के ढेर में आग लगाई औरघर चले गए थे, उसी दौरान आग उसके खेत में जा पहुंची जिस वजह से दो बीघा गन्ने की पेड़ी जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# दो मई को जनसभा करेंगे गृहमंत्री अमित शाह



जनसभा को लेकर तैयारी करते भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक। अमृत विचार

**लहरपुर, अमृत विचार।** आगामी दो मई को गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित दौरे को लेकर सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा को सफल बनाने के लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में भारी उत्साह व्याप्त है। भाजपा कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। लोकसभा प्रत्याशी सांसद राजेश वर्मा के समर्थन में लहरपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर में निकट तहसील स्थित मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया है जिसे गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह दोपहर दो बजे संबोधित करेंगे।

### एसडीएम ने जनसभा स्थल का लिया जायजा

आगामी 2 मई को प्रस्तावित गृहमंत्री अमित शाह की जन सभा को लेकर तहसील के निकट श्री राम लीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ के समक्ष खत्री मैदान का निरीक्षण उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी पुलिस सुशील कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता बाबूराम ने किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने साफ सफाई करने के संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए और हेलीपैड बनाने के स्थान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ब्लॉक प्रमुख एडवोकेट उमा शंकर वर्मा आदि उपस्थित थे।

# मतदान बूथों पर दुरुस्त हों व्यवस्थाएं : बीईओ



मतदान बूथों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करती बीईओ सिमी निगार। अमृत विचार

**लहरपुर, अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र में प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी लहरपुर सिमी निगार ने स्कूल चलो अभियान, छात्रों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, यू-डायस फीडिंग की प्रगति, निपुण भारत मिशन तथा मतदान बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं की विद्यालयवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने कहा कि मतदान बूथ वाले सभी विद्यालयों में निर्धारित पैरामीटर को तत्काल संतृप्त करना सुनिश्चित करें और इस का प्रमाण पत्र भी जमा करें कि सभी कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं। विद्युत व्यवस्था, रनिंग वाटर सप्लाई, क्रियाशील शौचालय, आवश्यक फर्नीचर तथा साफ सफाई आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों का आवाहन किया कि सभी शिक्षक माह दिसम्बर तक अपने विधालयों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने के लिए पूरी क्षमता और निष्ठा से कार्य करें। इस मौके पर यूं डायस फीडिंग की प्रगति तथा छात्रों के नामांकन आदि कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में संकुल शिक्षक अनवर अली, संदीप कुमार, रामचन्द्र वर्मा, प्रदीप कुमार, रेखा देवी आदि मौजूद थे।

# शत्रु संपत्तियों पर कब्जा हटा नहीं पा रहे जिम्मेदार

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में शत्रु संपत्ति पर हो रही खेती और खाली पड़े भूखंडों पर हुए अतिक्रमण को तहसील प्रशासन हटाने में गुरेज जाहिर करता दिख रहा है। तहसील के जिमीदारों के इस शिथिल रवैये से फिलवक्त आलाफसरों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल नगर के आसपास लगभग आठ सौ बीघा शत्रु संपत्तियों पर भूमाफियाओं का कब्जा है। वह धड़ल्ले से खेती और दुकान के व्यापार में दिन पर दिन इजाफा कर रहे हैं, मगर जिम्मेदारों इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

हालांकि यह दस्तूर है कि यह लोग हर वर्ष महमूदाबाद किले में बैठे राजघराने के कारखास कर्मचारियों को बतौर लगान मोटी रकम देते हैं और उसपर खेती या व्यापार जैसे अन्य माध्यमों से रोजगार करते हैं। जबकि शत्रु संपत्तियों की निगरानी का दारोमदार तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों के कंधों पर है। तहसील के जिम्मेदार शत्रु संपत्ति को कब्जा मुक्त करना तो दूर उसकी निगरानी तक में विफल साबित हो रहे हैं। यही कारण है कि अवैध कब्जे में फंसी शत्रु संपत्तियों पर अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी का कार्य भी अनवरत जारी है। गौरतलब है कि शत्रु संपत्तियों की प्रशासन ने कुछ माह पूर्व खोजबीन शुरू की थी। इन्हें कब्जा मुक्त करने की प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी थी।

वैसे इस कार्य के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर 10 में 2022 को ही शासन ने निर्देश जारी किए थे, लेकिन आदेश का अनुपालन समय रहते नहीं हो पाया। इस लापरवाही पर जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने संबंधित से नाराजगी भी जाहिर की थी और तत्काल तहसीलों से सूचना प्राप्त कर अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए थे। तत्कालीन अपर जिला अधिकारी राम भरत तिवारी ने अपर मुख्य सचिव के निर्देशों के बाद महमूदाबाद सहित तमाम सी तहसीलों के एसडीएम को पत्र लिखने के बाद चार रिमाइंडर भेजे थे। 28 मई 2022 को पहले पत्र के बाद 14 जून, 24 सितंबर, 13 अक्टूबर और फिर 20 अक्टूबर को रिमाइंडर जारी किया गया था। अगले तीन दिन के अंदर शत्रु संपत्ति से संबंधित विवरण एसडीएम से मांगा गया था। जिसके बाद मामला फिर से ठंडे बस्ते में चला गया। जानकार बताते हैं कि शत्रु संपत्ति पर खेती और अतिक्रमण का जितना खेल है। वह महमूदाबाद नगर का एक सपा नेता और उसके तीन पार्टनर मिलकर खेल रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक नगर की बरदाही बाजार जो कि शत्रु संपत्ति दर्ज अभिलेख है। उसपर मवेशियों के धंधे का ठेका लिए हुए हैं। शत्रु संपत्तियों पर भूमाफियाओं द्वारा किए गए अवैध कब्जेदारी को लेकर कुछ समाजसेवियों में खासा रोष है। वह बहुत जल्द तहसील प्रशासन के लापरवाह जिमीदारों और भूमाफियाओं की सांठगांठ की कलाई मंडलायुक्त की दहलीज पर खोल सकते हैं।



शत्रु संपति पर खेती करते कब्जाधारक। अमृत विचार

> हमारे सुनने में आया है कि शत्रु संपत्ति की भूमि पर कब्जा है, इसकी जांच को लेकर टीम गठित करवाए देती हूं। जांच कराकर जिस आधार पर रिपोर्ट आयेगी उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> -शिखा शुक्ला, एसडीएम

## सार-संक्षेप

### औषधि अधिकारी ने मतदान के लिए दिलाई शपथ





शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद दवा व्यापारी। अमृत विचार

**सीतापुर।** केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन की आगामी 13 मई व 20 मई को आम चुनाव के मतदान तिथि हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में सर्वप्रथम दवा प्रतिष्ठानों को प्रेरक बैनरो द्वारा सुसज्जित किया गया। दूसरे चरण में समस्त दवा विक्रेताओं को जिले की औषधि निरीक्षक अनीता द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। उन्होंने अपने संबोधन में मतदान का महत्व बताते हुए प्रेरक वचन कहे। सभी दवा विक्रेताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के दायित्व निर्वहन के लिए प्रेरित किया। संगठन के अध्यक्ष भोपाल टंडन द्वारा पहले मतदान फिर जलपान पर केंद्रित उद्बोधन किया। संगठन के महामंत्री बसंत गोपाल वीरेंद्र रस्तोगी द्वारा औषधि अधिकारी को स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदीप धवन शैलेंद्र महेश शफीउद्दीन ललित भट्ट संजय धवन सहित बड़ी संख्या मे दवा विक्रेता मौजूद रहे।

### दो दिन बाद नहर से बरामद हुआ युवक का शव

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर के ग्राम नवीनगर निवासी अमरजीत 18 वर्ष पुत्र नेतराम विगत शनिवार को सुबह घर से नाराज होकर बाइक से निकल गया था और उसकी बाइक शारदा नहर रेगुलेटर के निकट बीच पटरी पर खड़ी पायी गई थी। बाइक को नहर पर खड़ी पाये जाने पर ग्रामीण व परिजन उसके नहर में कूदने की आशंका लगा रहे थे, जो सोमवार को उसका शव कोतवाली तालगांव क्षेत्र के ग्राम खैरुल्लापुर के निकट शारदा नहर में उतराते हुए पाये जाने पर सच साबित हुआ। मृतक की मां लौगा श्री ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कर बताया था कि उसका पुत्र अमरजीत शनिवार सुबह दिल्ली जाने के लिए पैसे की मांग कर रहा था, उन्होंने कहा कि एक-दो दिन बाद पैसा दे देंगे, ऐसे में नाराज होकर वह बाइक से घर से कहीं चला गया था। नहर में छलांग लगाने की आशंका की वजह से परिजन नहर के किनारे किनारे उसकी तलाश कर रहे थे। सोमवार को लश्करपुर पुल के निकट उसे शारदा नहर के पानी में उतराते हुए देखने पर परिजनों ने घटना की सूचना तालगांव पुलिस को दी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बाहर निकाला। कोतवाली प्रभारी तालगांव वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### भारत फिर से विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा

**पैंतेपुर।** देश विदेश में भारत का मान सम्मान, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, समाज के हर व्यक्ति का मान सम्मान केवल भाजपा की ही बदौलत है। वह दिन दूर नहीं जब भारत पुन: विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा। कस्बा पैंतेपुर के श्री राम जानकी मंदिर मढ़ी में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्पण गुप्ता ने यह बात कही। महमूदाबाद मंडल अध्यक्ष लेखा गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध है।



बैठक को संबोधित करतीं महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्पण गुप्ता। अमृत विचार

**रोष** | हाथों में तख्तियां लेकर आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर सौंपा ज्ञापन

# आकाश आनंद पर दर्ज केस को वापस लेने की मांग

**सीतापुर, अमृत विचार।** बसपा नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन और भडकाऊ भाषण देने के मामले में केस दर्ज होने के बाद सोमवार को बसपा नेता और कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। आधा सैकड़ा से अधिक संख्या में मौजूद बसपा कार्यकर्ताओं ने मुकदमा वापस लेने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुऐ पुलिस को ज्ञापन दिया।

बताते चलें कि रविवार को बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने अग्रेसिव होकर जनसभा के दौरान केंद्र और प्रदेश की सरकार की तालिबान से तुलना करते हुए सरकार को आतंकवादी करार दिया था। इसके साथ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जूता चप्पल से मारने की भी बात का प्रयोग कर जनता को संबोधित किया। रविवार को जनसभा के बाद पुलिस ने विवादित भाषण को संज्ञान में लेकर बसपा सपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लोकसभा सीतापुर प्रत्याशी महेंद्र यादव, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी व लखीमपुर प्रत्याशी अनसय कालरा सहित मंच पर मौजूद 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। रविवार को मुकदमा दर्ज होने के बाद सोमवार को बसपा नेता और लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने मुकदमा वापस लेने की मांग को लेकर तख्तियों को हाथों में लेकर सड़कों पर नारेबाजी करते हुए नगर कोतवाली पहुंचे। इस दौरान कोतवाली गेट पर ही प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला और मंडल प्रभारी के बीच वार्ता के बाद नेशनल कोऑर्डिनेटर पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर कोतवाली प्रभारी को कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन सौंपा। मीडिया से बातचीत के दौरान मंडल प्रभारी ने कहा कि आकाश आनंद जनता के बीच मुद्दों को लेकर आम बोल चाल वाली भाषा का प्रयोग कर जनसभा को संबोधित किया था। हम मुकदमें को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौपा है। कोतवाली गेट पर नारेबाजी के दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं को आदर्श आचार संहिता के नियमों का हवाला देते हुए कानून का पाठ पढ़ाया।





हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर नारेबाजी करते बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## ससुरालीजनों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**बिसवां।** थाना क्षेत्र में लड़की को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी का प्रयास करने के मामले में लड़की के पिता ने बिसवां कोतवाली में ससुरालपक्ष वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। विजय कुमार अवस्थी पुत्र ओंकार अवस्थी निवासी तरीनपुर ने अपनी बड़ी पुत्री अमृता अवस्थी का विवाह वर्ष 2017 में अंकित मिश्रा पुत्र मुन्नू लाल मिश्रा निवासी सरावगी टोला बिसवां के साथ किया था। लड़के ने लखनऊ में मकान बनाने के लिए जमीन खरीदने के लिए अमृत के पिता से 20 लाख रुपए मांगे। अमृता के पिता ने परेशान होकर कोतवाली बिसवां में ससुरालपक्ष वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# खनिजों की खोज

आर्थिक प्रभुत्व की दौड़ में शामिल भारत में एक नया खजाना खोज शुरू हो गई है। यह है महत्वपूर्ण खनिजों की खोज। 2017 के बाद से, ऊर्जा क्षेत्र की लिथियम की आवश्यकता तीन गुना हो गई है और कोबाल्ट और निकल की मांग में 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन (आईईए) ने 2030 तक मांग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में सोमवार से आयोजित किया जा रहा खनिज शिखर सम्मेलन उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों समेत भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आठ प्रमुख खनिजों ग्लूकोनाइट (पोटाश), लिथियम-दुर्लभ पृथ्वी तत्व (लैटेराइट), क्रोमियम, प्लैटिनम समूह, ग्रेफाइट, ग्रेफाइट से जुड़े टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरई) और ग्रेफाइट से जुड़े वैनेडियम पर तकनीकी सत्र शामिल हैं। कहा जा सकता है कि स्मार्ट-फोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक हर चीज के लिए आवश्यक माने जाने वाले ये खनिज प्रगति के छिपे हुए चालक बन गए हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है, महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ती गई है। खनिजों के महत्व को पहचानते हुए भारत ने 24 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है और उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर खनन के लिए एक ढांचा स्थापित किया है। लिथियम इसके केंद्र में है क्योंकि यह बैटरी-पावरहाउस खनिज इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को बढ़ावा दे रहा है, जो भारत के जलवायु परिवर्तन शमन एजेंडे का एक महत्वपूर्ण घटक है। तांबा लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज की पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक मांग बढ़ रही है। केंद्र ने अभी तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है और उसकी 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की तैयारी है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को कहा कि जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी होगी। महत्वपूर्ण खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज को संसाधन निष्कर्षण की वैश्विक भू-राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह भारत की आर्थिक रणनीति में बदलाव का प्रतीक है, जो भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण खनिजों की शक्ति को पहचानता है। भारत द्वारा हाल ही में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी का आकलन अकेली घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के रूप में किया जाना चाहिए।

# आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है। अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने।

सामान्य निर्वाचन 2024 के अभी संपन्न दो चरणों में निरंतर गिर रहे मतदान प्रतिशत से अटकलबाजी का माहौल है। क्या भाजपा का उद्घोषित अबकी बार चार सौ पार नारा बेअसर होगा या फिर इंडिया गठबंधन की लुटिया डूबेगी? दोनों पक्षों के अपने अपने कयास हैं, तर्क और विवेचना है। किन्तु यहां चर्चा कयासबाजी से इतर इस पहलू को लेकर है कि आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है?

राजनीतिक समझ के पुरोधाओं, समाचार मीडिया ने इस पर भी बहुत कुछ लिखा है। एक प्रमुख कारण बढ़ती भीषण गरमी बताई गई है। एक यह कारण भी इंगित हुआ है कि सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों और दीगर राजनैतिक पार्टी के प्रमुख दावेदार प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पहले जैसी ताकत नहीं झोंकी।

सत्ता पक्ष पूरी तरह मुतमईन है, बेपरवाह है कि मोदी मैजिक चलेगा और आंकड़ा चार सौ पार जाना जब सुनिश्चित ही है तो फिर काहें की मगजमारी? दूसरा हताश विपक्ष की पूरी बेचारगी कि जब मोदी को फिर से, तिबारा आना ही है तो क्या मतदान करना? दोनों ही ओर गफलत के चलते मतदान प्रतिशत गिरा है।

वैसे यह सब कयास ही है मगर एकदम से उपेक्षित करने लायक भी नहीं। देखने में स्पष्ट आ रहा है कि भाजपा के कितने प्रत्याशी बस मोदी मैजिक पर आश्रित हैं। क्षेत्र में जा ही नहीं रहे हैं। सघन प्रचार नहीं कर रहे हैं। बल्कि मतदाता कहते फिर रहे हैं कि हमारे भाजपा के प्रत्याशी महानुभाव तो दर्शन दिए नहीं हम तो बस मोदी के नाम पर वोट डाल आए हैं। कोढ़ पर खाज यह कि इस बार जहां जहां भाजपा ने एलियन प्रत्याशी उतारे हैं, उन्हें क्षेत्र की समझ भी नहीं है और उनके स्थानीय भाजपा सहयोगी खुन्नस खाए बैठे हैं। दिखाने के लिये चेहरे पर रौनक और ठकुरसुहाती है। पीठ पीछे कुछ और। यह सब देख तो यही लगता है कि चार सौ पार का आंकड़ा पाना टेढ़ी खीर ही है। भाजपा समर्थकों को अब मोदी योगी मैजिक का ही आसरा है। राहत यह है कि अभी पांच चरण बाकी हैं। जब से और जितना जल्दी यह पार्टी कैडर चेत जाय उतना ही भला।

दूसरी ओर मजहबी बिरादरी पानी पी पीकर मोदी योगी को कोसती हुई कांग्रेस के पक्ष में एकजाई हो गई है और पूरी सक्रियता और विपुलता से मतदान में हिस्सा ले रही है। बस उद्घोष करते फिर रहे राष्ट्रप्रेमी मतदाता वोट देने में उतने सक्रिय नहीं है। ये फैक्टर निश्चय ही सत्तादल के लिए अनुकूल नहीं है। सारा दमखम बस दिखावे के लिए हो, एक यूफोरिया ही तारी हो जो वोट में परिणत न हो सके तो संकेत शुभ कैसे कहा जाय?



एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था – वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था – मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना।

न न करते आखिर मैंने एक राजनीतिक विश्लेषण कर ही दिया। मगर एक बात और जिस पर सयानों की नज़र नहीं जा रही है वह है मतदाता सूचियों की अशुद्धता, जिसकी वजह से भी मतदान प्रतिशत के गिरे होने की प्रतीति है। और इसकी जिम्मेदारी तो भारत निर्वाचन आयोग को ही लेनी है। हम जब राजकीय सेवा में थे निर्वाचन प्रक्रिया के लगभग सभी पहलुओं से गहरे जुड़े थे। उच्च स्तर के प्रशिक्षण भी प्राप्त किए थे और विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण देते भी थे।मतलब निर्वाचन मशीनरी से करीब से जुड़े थे। इसलिए व्यवस्था की अच्छाईयों और खामियों (लूपहोल) से भी खासे परिचित होते थे।

एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था - वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था - मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना। एक ही मतदाता का नाम दुबारा उसी सूची में आना। सभी नए मतदाताओं का नाम न जुड़ पाना। और पूरक सूची में होने पर मतदान कार्मिकों की कहीं कही अक्षमता से ऐसे मतदाताओं का नाम न ढूंढ़ पाना आदि आदि। जब तक मतदाता सूचियां इन विसंगतियों से पूर्णतया मुक्त नहीं होंगी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है।

अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने। जिले के सारे अधिकारी कर्मचारी अल्पकालिक तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और ऊपर से आयोग का चाबुक। मरता क्या न करता। एक भारी दबाव का वातावरण सृजित होता है जिसमें गुणवत्ता तो कंप्रोमाईज होनी ही है। जबकि सामान्य समझ है कि मतदान प्रक्रिया अगर सौ फीसदी सही नहीं रही तो वह दूषित हो जाती है। आज राजनीतिक दलों से लेकर, सुप्रीम कोर्ट तक और स्वयं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव सुधारों की बड़ी चर्चा होती है मगर इस पर विमर्श क्यों नहीं होता कि हर जिले में पर्याप्त स्टाफ के साथ निर्वाचन का पृथक कार्यालय हो और वर्ष भर वहां प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम आयोजित हों।

यह तो गनीमत रहती है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रायः भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होने से सामान्यतः अपनी बुद्धि और कार्यक्षमता से निर्वाचन कार्य संभाल लेता है मगर जहां अधीनस्थ पर यथेष्ट नियंत्रण और संवाद की कमी होती है विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। और ज्यादातर नए उप जिलाधिकारी जो मतदाता सूचियों के उत्तरदायी अधिकारी होते हैं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुस्तकों के पन्ने तक नहीं पलटते। और जब ऊपर की डांट फटकार से पलटने शुरु भी करते हैं चुनाव ठीक सिर पर होता है। इन बिन्दुओं को लिखने के पीछे चुनाव सुधार की ही कामना है और इसे इसी भावना से लिए जाने का अनुरोध है। ताकि लोकतंत्र का हमारा यह महापर्व पूरी शुचिता और निर्विघ्नता से संपन्न हो सके।

आशा है कि आगे के चरणों में मतदाताओं की भागेदारी बढ़ेगी। राजनीतिक दल इसे हल्के में न लें। कमर कस कर जुट जायें। अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालें।

## प्रसंगवश

# तहजीब लखनऊ की



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लखनऊ की तहज़ीब औरनफ़ासत दुनिया भर में मशहूर है। 1964 के आसपास रहा होगा; इटावा की नुमाइश में एक कार्यक्रम में दिल्ली का कमेडियन लखनऊ के नवाबों पर एक चुटकुला सुना रहा था। एक नवाब के बच्चे को दूसरे नवाब के बच्चे ने खेल खेल में पीट दिया था। बस फिर क्या था! इज्जत का सवाल था। जिनका बच्चा हार गया था, वह पूरी नवाबी पोशाक पहन कर, छड़ी लेकर बग्घी पर सवार हुए और दूसरे नवाब के दरवाज़े पर पहुंच गए। वे ऊपर दूसरी मंजिल पर थे। पहले वाले नवाब,जो लड़ने गए थे,यूं बोले,” अमां नवाब साहब! आपके साहबज़ादे ने मेरे बेटे को मारा है, जो मुझे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं हैं। आप झगड़ा करने के वास्ते नीचे तशरीफ ला रहे हैं या मैं ऊपर आ कर हाज़िर होऊं”। अब एक सही किस्सा। 1920 में लखनऊ म्युनिसपलिटी के चुनाव हुए। चौक इलाके से कारपोरेटर सीट के लिए मशहूर तवायफ दिलरुबा जान खड़ी हुईं। वे बला की खूबसूरत थीं। अब उनकी महफिलें खचाखच भरने लगीं। कोई उनके खिलाफ लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। एक हकीम थे शमशुद्दीन। उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें पानी पर चढ़ा कर पर्चा दाखिल करवा दिया। कनवेसिंग होने लगी। दिलरुबा जान की तरफ की भीड़ सरासर ज्यादा थी। हकीम साहब दोस्तों पर झल्लाए। कहा, हमें फिज़ूल में हारने के लिए खड़ा कर दिया। भला दिलरुबा को छोडकर हमें कौन वोट देगा; लेकिन हकीम साहब के दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने एक नारा दीवालों पर लिखवाया- हिदायत है ये चौक के वोटर-ए शौकीन को।/ दिल तो दिलरुबा दीजिए,वोट शमशुद्दीन को।।तवायफें भी कम होशियार नहीं थीं। जवाबी नारा दीवालों पर लिखवा दिया-’ हिदायत है ये चौक के वोटर’-ए शौकीन को।/ वोट दिलरुबा को दीजिए, नब्ज़ शमशुद्दीन को।।

खैर! वोटिंग हुई शमशुद्दीन जीत गए। अब लखनवी तहज़ीब के हिसाब से दिलरुबा हकीम साहब के घर मुबारकबाद देने गईं। बातों बातों में कहा,”इसका मतलब है लखनऊ में आशिक कम मरीज़ ज्यादा हैं’।

# कहां बसाएंगे अपने सपनों की दुनिया



डा. मनोज कुमार
प्रवक्ता, मऊ

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा है।

आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हुईं तदुपरांत पृथ्वी ठंडी हुई । बादल बने बारिश हुई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की संभावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमंडल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जाएगा।

विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सब कुछ है। परन्तु किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं। महात्मा गांधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं। इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 में क्लब ऑफ रोम ने की।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतों में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परंपरागत निर्मितियों कुआं, तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्मनीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही है और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियां पांव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चिंतिंत रहते हैं उसी तरह मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन मनन करना चाहिए। निश्चित रूप से हर इंसान को अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल बनाना चाहिए परन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि- हमारी धरती ही लहू-लुहान हो गई तो हम अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल कहां और कैसे बनाएंगे।

## सोशल फोरम

# बिल्लू का इर्रफान



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मास्टर एक्टर इर्रफ़ान को गुज़रे चार बरस हो चुके हैं। मगर आज भी वो दिल के बहुत क़रीब हैं। एक एक्स्ट्रा ‘र’ की ध्वनि के कारण इरफ़ान को इर्रफ़ान ख़ान कहलाना अच्छा लगता था। वो बाकी ख़ानों से अलग ख़ान थे, बेजोड़ ख़ान। चीखने-चिल्लाने और जगमग रोशनी में नहाई सेल्फ प्रमोशन की फ़िल्म नगरी में चुपचाप और अकेले रहे। वो पर्दे पर भी इसी रूप में दिखे। इसी एक्सप्रेसिव चेहरे की बदौलत एक अलग और ऊंचा मुकाम हासिल किया। अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाज़े गए, पद्मश्री देकर सरकार भी गौरवांवित हुई। लेकिन इरफ़ान ने सफलता को सर पर नहीं चढ़ने दिया। बनने चले थे क्रिकेटर। सुना गया कि सीके नायडू अंडर-23 में सिलेक्शन भी हो गया था मगर नियति ने उन्हें नाटक और सिनेमा के लिए बनाया था। संयोग से नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में दाख़िला मिल गया। क्रिकेट का मैदान छोड़ दिया।

मैंने उनकी कई फ़िल्में देखी हैं, मक़बूल और पान सिंह तोमर भी, जिसने उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरूस्कार दिलाया। मगर मुझे उनकी ‘बिल्लू’ बहुत पसंद आई। पूरी फ़िल्म में वो शायद ही कहीं बोले, उनका एक्सप्रेसिव फेस ही व्यथा, ख़ुशी और ग़म का अहसास करता रहा। इसमें वो एक ग़रीब नाई बिल्लू हैं, अथाह क़र्ज़ में डूबे हुए। पत्नी लारा दत्ता है और दो बच्चे। जैसे-तैसे गुज़र हो रही है। तभी कस्बे में एक फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, हीरो हैं साहिल ख़ान (शाहरुख़ ख़ान)। बिल्लू पत्नी और बच्चों को बताता है साहिल से उसका बचपन का नाता है। मगर क़िस्मत ने उसे स्टार बना दिया और उसे नाई। जाने कैसे ये बात बाहर लीक हो जाती है और नतीजा ये होता है तमाम कस्बे की निगाह में बिल्लू हीरो बन जाता है। मगर स्वयं बिल्लू को बॉडी गार्ड्स ने साहिल से मिलने नहीं दिया।

तो सबको लगा साहिल झूठ बोल रहा था। सब एकाएक उसके दुश्मन बन गए। एक स्कूल के फंक्शन में उसने बिल्लू से अपनी नज़दीकियां बयान कीं। बिल्लू ये सब चुपचाप पीछे खड़ा सुन रहा है। वो चुपचाप घर लौट आता है और उसके पीछे-पीछे साहिल भी आ जाता है। और पीछे पीछे तमाम गांववाले भी जो बिल्लू को अब तक धिक्कार रहे थे।

**-फेसबुक वॉल से**

# ओरछा में मंदिर दर्शन



अनूप शुक्ल
कानपुर

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं।

ओरछा में सभी पर्यटन स्थल आसपास ही हैं। एक दिन में पांव फिराते हुए सब देखे जा सकते हैं। वैसे भी लोग घूमते हुए इमारतों को ‘मौका मुआयना’ वाले अंदाज में देख लेते हैं। जिन इमारतों को बनने में वर्षों लगे उनको मिनटों में निपटा देते हैं।

हम भी कोई अलग थोड़ी हैं। सबसे पहले चतुर्भुज मंदिर देखा। मंदिर के निर्माण की शुरुआत बुंदेल राजा मधुकर शाह (1554 -1593 ई) ने अपनी रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर, रानी के आराध्य देव राजा राम की स्थापना के लिए शुरू की थी। पश्चिमी बुंदेलखंड पर मुगल आक्रमण और राजकुमार होरलदेव की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उस समय अकबर मुगलों का बादशाह था। रानी ने राजा राम की प्रतिमा अपने ही महल में स्थापित कर ली। मंदिर का निर्माण दूसरे चरण में महाराज वीरसिंह देव (1605-1627 ई) के शासन काल में हुआ।

मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा है। 105 मीटर ऊंचा मंदिर 4.5 मीटर नींव पर बना है। लगभग पांच सौ साल पुराने मंदिर की भव्यता देखकर अचरज और कौतूहल होता है कि कैसे इतने विशाल मंदिर बनाए गए होंगे।

मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पास बैठे पुजारी जी ने बताया कि छह पीढ़ियों से उनका परिवार यहां के पुजारी का काम देख रहा है। पीछे लगी एक महिला की फ़ोटो दिखाते हुए बताया इन्होंने (शायद पुजारी जी की मां) ने वर्षों पुजारी का काम किया। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ओरछा का राजमहल है। तकरीबन 200 मीटर की हवाई दूरी होगी। रानी ने प्रतिमा की स्थापना इस तरह कराई थी कि महल के अपने कक्ष से भगवान के दर्शन कर सकें। पूजारी जी इसे रानी के घमंड के रूप में देखते हैं कि अपने कमरे में बैठे-बैठे कोई भगवान के दर्शन करना चाहे।

बाद में महल में स्थित रानी के कक्ष के झरोखे से देखा तो वहां से मंदिर की प्रतिमा साफ दिख रही थी। पांच सौ वर्ष पहले के साधनों से इतनी उत्कृष्टता से निर्माण कार्य जिन लोगों ने किया होगा वे कितने कुशल कारीगर रहे होंगे। अफसोस उनके बारे में आज कोई जानकारी नहीं।

चतुर्भुज मंदिर से राजाराम मंदिर की तरफ आए। यह मंदिर रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर बनवाया गया। कहानी प्रचलित है कि रानी अपने आराध्य देव भगवान राम को लेने अयोध्या गई। उनको लाने के लिए वहां तपस्या की। भगवान प्रकट नहीं हुए तो सरयू में कूद गईं। इस पर भगवान राम प्रकट हुए और रानी के साथ ओरछा चलने को राजी हुए लेकिन शर्तो के साथ : रानी उनको अपने साथ ले चलेंगी, वे ओरछा के राजा होंगे, एक बार जहां उनको रख दिया गया वे वहीं स्थापित हो जाएंगे।

रानी ने अपने आराध्य की तीनों शर्तें मान लीं। उनको अयोध्या से ओरछा लाईं। तब तक मंदिर पूरा नहीं बना था तो प्रतिमा को अपने महल में रख लिया कि जब मंदिर बनेगा तो वहां स्थापना होगी। लेकिन बाद में कहते हैं कि मूर्ति इतनी भारी हो गई कि यहां से हटी नहीं। मजबूरन महल को ही मंदिर बनाना पड़ा।

रानी ने अपने आराध्य की दूसरी शर्त के अनुसार भगवान राम को ओरछा का राजा घोषित करवाया होगा। यह राम जी का अकेला मंदिर है जहां वे भगवान और राजा के रुप मे माने जाते हैं। भगवान के रूप में पूजा होती है। राजा के रूप में रोज सलामी जी जाती है।

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं। इसके बाद उनका दांपत्य जीवन आरंभ होता होगा। शायद भगवान के राजा स्वरूप के कारण इस प्रथा की शुरुआत हुई हो। हमारे देखते-देखते एक नवयुगल अपने परिवार के साथ पूजा करने आया वहां। परिवार के लोग डांस भी कर रहे थे। सबसे ज्यादा उत्साह से दुल्हन डांस कर रही थी। सर पर मुकुट और उसके नीचे लंबा घूंघट। घूंघट के अंदर होने के कारण चेहरा नहीं दिख रहा था दुल्हन का लेकिन उसका उल्लास और उत्साह उसके डांस से प्रकट हो रहा था। मंदिर में प्रांगण में भजन मंडली ढोलक की थाप पर अल्हैत वाले अंदाज में भजन गा रही थी। दूल्हा-दुल्हन उसके सामने ही डांस कर रहे थे। मंदिर परिसर में फोटोबाजी मना थी फिर भी नवयुगल और उनके परिवारी जन को डांस करते देखकर और लोगों की देखादेखी कुछ फोटो वीडियो बना लिए।

मंदिर से निकलकर राजमहल देखने के लिए आगे बढ़े। सामने एक पुरानी इमारत दिखी। उसमें लिखा था -टकसाल भवन। 17 वीं शताब्दी का टकसाल भवन आज बुजुर्ग और जर्जर हाल में है। कभी यहां कड़ा पहरा रहता होगा। आज कोई जाता नहीं।

टकसाल भवन के सामने ही तमाम तरह के सामान की भी कुछ दुकानें थी। एक में सामने नीचे तसलों में अलग-अलग आकार की चिलमें रखीं थी। पता चला कि सीकर में बनती हैं ये चिलम। पास बैठे कुछ लोग अलग-अलग अंदाज में चिलमों को टटोलते हुए मोलतोल कर रहे थे।

आगे एक जगह बोर्ड लगा था -”धीमे वाहन चलाओ, जानवरों की जान बचाओ।” हेल्प डाग सेंटर की तरफ से लगाया गया यह बोर्ड जिस सड़क के बीच लगा था वह इतनी कम चौड़ी थी कि वहां तेज गाड़ी चलाने की गुंजाइश कम ही थी। लेकिन कम से कम इसे पढ़कर ही लोग जानवरों के बारे में कुछ दयालु हो सकें।

## आपका पत्र

### हे भारत

भाजपाइयों को रहीम, रसखान, अशफाक, जाफरानी याद क्यों नहीं,/ वीर अब्दुल हमीद, शहीद उस्मान / के राष्ट्रप्रेम की कहानी याद क्यों नहीं, प्रधानमंत्री मोदीजी को इतिहास के नामों में सिर्फ औरंगजेब ही याद क्यों हैं ? हे भारत, बतलाओ, उन्हें ज्ञान नहीं है या राष्ट्र को आधे अधूरे एकांगी तथ्यों को अतिरंजना के साथ प्रस्तुत कर कोई हिडेन एजेंडा तो नहीं लागू कर रहे? उन्हें प्रभु राम और कृष्ण पर लिखने वाले रहीम व रसखान क्यों याद नहीं आते ? उन्हें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिल कर देशभक्ति अमर कहानी के महानायक अशफाक उल्ला खान याद क्यों आते ? जिसे नेताजी बोस ने आजाद हिंद फौज का और पंडित जवाहर लाल ने भारतीय सेना व पुलिस का अभिवादन बनाया , उस जय हिंद का नारा देने वाले आबिद हसन सफरानी याद क्यों नहीं आते ? भगत सिंह का मुकदमा लड़ने वाले आसफ अली याद क्यों नहीं आते ? शाहिद उस्मान और वीर अब्दुल हमीद याद क्यों नहीं आते?

कहीं जमूद तो कहीं सिर्फ इंतसार/ सा है/ जहां को अपनी तबाही का इंतजार सा है/ कोई तो सूद चुकाए कोई तो जिम्मा ले/ उस इंकलाब का जो आज भी उधार सा है

- **दीपक मिश्रा** , समाजवादी चिंतक,लखनऊ।

## एक नजर

### आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में आजमाएंगे किस्मत

सीतापुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के नामांकन प्रक्रिया और नाम वापसी प्रक्रिया के बाद 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान अपनी किस्मत आजमाएंगे। सोमवार को नाम वापसी के बाद एक निर्दलीय प्रत्याशियों सहित 8 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया है। रिटर्निंग अफसर ने चुनाव चिन्ह आवंटन करने के उपरान्त चुनाव आयोग की अनुमति के आयोग भेज दिया है। अनुमति प्रदान होते ही प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जायेगा।

### कोषागार कार्यालय से प्राप्त करें चुनाव सामग्री मूल्य दर सूची

सीतापुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। सत्तारूढ़ पार्टियों के साथ राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग की जाने वाली सामग्री को दरों को भी निर्धारित कर सूची को कोषागार कार्यालय में चस्पा कर दी गई है। जिला कोषागार अधिकारी लक्ष्मी कान्त ने बताया कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को सामग्री की मूल्य दर के लिए सूची को कोषागार कार्यालय से नि शुल्क प्राप्त कर सकता है।

### डीएम व एसएसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। अफसरों ने कारागार के पाक शाला, उच्च सुरक्षा कक्षों व महिला बैरक आदि को देखा। कैदियों से बातचीत की। उनके स्वास्थ्य सहित अन्य जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

# धौरहरा में एमवाईटी फॉर्मूले से चुनावी मंजिल पाना चाह रहे आनंद भदौरिया

## रेखा वर्मा को कुर्मी वोटर समेत अन्य जातियों का भी मिल रहा सहयोग

अभिषेक सिंह, सीतापुर


सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया।


भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा।


श्याम किशोर अवस्थी।

अमृत विचार। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे-वैसे धौरहरा लोक सभा सीट पर चुनाव दिलचस्प होता जा रहा है। जहां भाजपा प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सबका साथ, सबका विकास फार्मूला के साथ चुनाव में खुद को सबसे मजबूत साबित करने में जुटी हैं। तो वहीं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आनंद भदौरिया एमवाईटी मतलब मुस्लिम, यादव और ठाकुर मतदाताओं के बल पर चुनावी मंजिल तक पहुंचने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। वहीं बसपा उम्मीदवार श्याम किशोर अवस्थी ब्राह्मण मतों के साथ ही बहुजन समाज पार्टी के कैडर वोट के साथ खुद को सबसे मजबूत बताने में लगे हैं। फिलहाल धौरहरा का लोकसभा चुनाव काफी दिलचस्प होता हो जा रहा है।

धौरहरा लोक सभा सीट में करीब 17 लाख मतदाता हैं। जिनमें से मुस्लिम मतदाताओं की तादात सबसे अधिक है। आंकड़ों की माने तो करीब तीन लाख मुस्लिम मतदाता है। जोकि अधिकांश भाजपा के विरोध में मतदान करता है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन होने से मुस्लिम मतदाता का अधिकांश वोट गठनबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जाने की उम्मीद है। वहीं इस सीट पर करीब एक लाख पच्चीस हजार ठाकुर मतदाता है, और इतना ही यादव मतदाता है। 2019 के लोक सभा चुनाव में ठाकुर मतदाता अधिकांश भाजपा के पक्ष में था। लेकिन इस बार आनंद भदौरिया के चुनाव लड़ने से ठाकुर वोट बड़ी संख्या में उनके पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है। वहीं यादव वोटरों को सपा को कैडर वोट माना जाता है। यही कारण है कि आनंद भदौरिया एम वाई टी फार्मूला अपना कर धौरहरा से सदन जाने तक के सफर का सपना संजो चुके हैं।

**17,13,971**
कुल मतदाता

**9,14,127**
पुरुष मतदाता

**7,99,759**
महिला मतदाता

### आसान नहीं होगा भाजपा के वोटरों को काटना

धौरहरा लोक सभा सीट से दो बाद सांसद रही चुकी रेखा वर्मा पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। क्षेत्र की जनता से सीधे जुड़ने का हुनर उनमें कूट-कूट कर भरा है। कार्यकर्ताओं को खुद से सीधे जोड़े रखना और उनसे सीधा संवाद करना उनकी आदत में सुमार है। ऐसे में मोदी मैजिक और सीएम योगी की कानून व्यवस्था के मुददे पर मतदान करने वाले मतदाताओं के मन को बदलना विपक्षी नेताओं के लिए आसान नहीं होगा। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा देकर सभी जातियों के मतदाताओं को भरोसा हासिल कर रखा है।

### बसपा उम्मीदवार बिगाड़ सकते हैं चुनावी आंकड़े

धौरहरा लोक सभा सीट से इस बार बसपा ने श्याम किशोर अवस्थी को अपना उम्मीदवार बनाया है। श्याम किशोर की ब्राह्मण चेहरा होने के नाते ब्राह्मण मतों को अपने पक्ष में करने का भरकस प्रयास कर रहे है। इसके साथ ही बसपा के कैडर वोट के साथ ही अन्य जाति के मतदाताओं के में भी सेंध मारने की जुगत में लगें हुए हैं। अगर वह अन्य दलों के वोट बैंक के सेंध मारने के सफल रहे तो गठनबंधन और भाजपा दोनों के समीकरण बिगड़ जाएगें।

# गठबंधन प्रत्याशी ने रोजगार व महंगाई के मुद्दे पर की मतदान की अपील


जनसभा में अपने पक्ष में वोट की अपील करते गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर।

पहला, सीतापुर, अमृत विचार। लोकसभा सीतापुर से गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर ने महमूदाबाद तहसील के कई गांवों में दौरा कर जनसभाएं कीं और अपने पक्ष में वोट देने की अपील की।

कार्यक्रम में सपा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा भी साथ रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ लालपुर चैराहा, लोधौरी, लौना, सरैंया कादीपुर, कंचनपुर, अकबापुर व सद्दूपुर में चुनावी सभाएं कर रोजगार, संविधान और मंहगाई के मुद्दे पर मतदान करने की अपील की। उसके बाद उन्होंने शाम को महमूदाबाद में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। सरैंया कादीपुर में प्रत्याशी राकेश राठौर के अलावा जिपंस प्रीती रावत, कांग्रेस के राहुल रस्तोगी, प्रवेश वर्मा, सपा के मोहम्मद कादिर, संतोष यादव, विनय यादव, दिलीप वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा व अजय कुमार, संतोष यादव, आशीष वर्मा व प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# परिक्रमार्थियों की बिगड़ी तबीयत, नहीं मिला इलाज

अयोध्या, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद हनुमान मंडल द्वारा संचालित प्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा सोमवार को दोपहर हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीराम बाबा देवस्थान पर पहुंची। नेतृत्व कर रहे विहिप के वरिष्ठ संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने प्रशासनिक दुर्व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बीकापुर क्षेत्र में जब-तक परिक्रमा चली, कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन मिल्कीपुर पहुंचते ही दिक्कतें आनी शुरू हो गई। इसके बाद रेवती बाबा देवस्थान पर भाजपा नेता देवेन्द्रमणि त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, युवा कवि जतिन शुक्ला, बीडीसी सदस्य विकास सिंह, राजीव दूबे सहित स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा में शामिल परिक्रमार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें जलपान और भोजन की व्यवस्था कराई गई। हालांकि तेज धूप के साथ उमस, गर्मी और लू से कई परिक्रमार्थियों की तबीयत बिगड़ गई थी। लोग हैरिंग्टनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सहित सीएमओ को फोन करते रहे, लेकिन उन्हें समय से इलाज नहीं मिल पाया।

### छठे पड़ाव पर रामपुर भगन पहुंची 84 कोसी परिक्रमा यात्रा

रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार : पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा सोमवार को अपने छठे पड़ाव स्थल सूर्यकुंड रामपुर भगन पर पहुंची। यात्रा का स्वागत ग्राम प्रधान बलवंत सिंह के नेतृत्व में किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे महंत गयादास ने बताया कि चौरासी कोसी परिक्रमा करने से सभी पापों का नाश हो जाता है। यात्रा यहां रात्रि विश्राम कर अगले पड़ाव सीता कुंड के लिए मंगलवार की सुबह रवाना होगी। उनके स्वागत, जलपान व भोजन की व्यवस्था प्रधान बलवंत सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। राजित राम शर्मा, बलराम यादव, बिंटू सिंह, अजय, संतोष कुमार, रवि वर्मा, श्री राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# 15 लाख का 'काऊ कैचर' भी न पकड़ पा रहा 'निराश्रित गोवंश'

### मुश्किल

- नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही से नागरिक परेशान
- दिन भर हाई-वे आतंक मचाते हैं छुट्टा गोवंश

महोली, सीतापुर, अमृत विचार। निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला में रखे जाने के दिशा-निर्देश हवा हवाई साबित हो रहे हैं। निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशाला भेजने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा करीब 15 लाख रुपये की लागत से खरीदा गया काऊ कैचर वाहन ऑफिस में खड़ा है और निराश्रित गोवंश हाई-वे और मुख्य बाजार में आतंक मचाए हुए हैं। नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही से नगर के व्यापारी और नागरिक परेशान हैं।

सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को स्थाई तौर पर रखे जाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा करीब सवा दो करोड़ रुपए की लागत से कान्हा पशु आश्रय स्थल का निर्माण किया गया। गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने बीते वर्षों में करीब 15 लाख रुपए की लागत से श्काऊ कैचरश् वाहन भी खरीदा था। लेकिन ये श्काऊ कैचरश् गोवंश न पकड़कर नगर पंचायत कार्यालय की शोभा बढ़ा रहा है। निराश्रित गोवंश दिन भर दौड़ भाग कर नगर वासियों और व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं। निराश्रित गोवंशों के हमलावर होने के चलते न सिर्फ राहगीर चोटिल हो रहे हैं बल्कि लोगों को खाने-पीने की सामग्री लेकर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपू गुप्ता ने मामले की शिकायत डीएम से करने की बात कही है।

### करीब एक किमी में टहलते दिखे 67 गोवंश

रविवार को अमृत विचार की टीम ने नगर भ्रमण कर सरकारी दावों के विपरीत छुट्टा गोवंशों की हकीकत परखी। इस पर कोतवाली से लेकर मेला मैदान तक डिवाइडर के दोनों ओर सड़क पर टहलते और लड़ते 67 गोवंश दिखाई दिये। दो सांड़ तो डिवाइडर पर खड़े थे। छुट्टा गोवंशों की संख्या नगर पंचायत अध्यक्षा के गुजिया मोड़ के निकट निवास से मुख्य चैराहे के आस-पास और नगर पंचायत मोड़ तथा बस स्टैंड तक ज्यादा थी। हैरत की बात तो यह है कि इसी मुख्य मार्ग से अधिशासी अधिकारी श्रीष कुमार मिश्र और नगर पंचायत अध्यक्षा केतुका सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी भी गुजरते हैं लेकिन उनकी नजर कभी इन जानलेवा गोवंशों की तरफ नहीं गई। अगर जाती तो शायद ये गोवंश गोशाला में संरक्षित होते।

> छुट्टा गोवंशों को पकड़कर गोशाला में रखने का नियम है। अगर छुट्टा गोवंश सड़क पर टहल रहे हैं तो यह गलत है। इस संबंध में ईओ को निर्देशित किया जाएगा, ताकि सड़क पर राहगीर सुरक्षित रह सके।
> -अभिनव यादव, एसडीएम महोली


मुख्य मार्ग पर सड़क के बीचोंबीच घूमते छुट्टा पशु। अमृत विचार

### सांड़ की लड़ाई से राहगीर और व्यापारी परेशान

किराना व्यापारी अमन गुप्ता ने बताया कि ये गोवंश दुकान के सामने खड़ी बाइक की डिग्गी से सामान निकालकर नष्ट कर देते हैं। जब एक से अधिक गोवंश होते हैं तो बाइक गिरा देते हैं। होटल संचालक सतीश दीक्षित ने बताया कि अक्सर सांड़ आपस में लड़ जाते हैं। जिससे बाजार में भगदड़ मच जाती है। लड़ाई करते हुए सांड़ बाइक और सड़क किनारे कार को क्षतिग्रस्त कर देते हैं। कई बार तो उनके हमले से बाइक सवार और पैदल राहगीर चोटिल हो जाते हैं।

# अफसर राह देखते रहे, नहीं पहुंचे नामांकन करने वाले

अयोध्या। चुनाव में सोमवार को नामांकन कक्ष में अधिकारी राह देखते रहे, लेकिन नामांकन करने वाला कोई भी प्रत्याशी नहीं पहुंचा। नामांकन को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ कर्मचारी नामांकन कक्ष में पूरे समय डटे रहे। सुरक्षा को लेकर अफसरों के साथ सुरक्षा कर्मी कलेक्ट्रेट के बाहर से अंदर तक मौजूद रहे, लेकिन समय समाप्ति तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं दाखिल किया। अब तक केवल भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने नामांकन किया है। सोमवार को छह लोगों ने आठ सेट में नामांकन फार्म लिए। अब तक कुल 28 लोगों से 37 सेट नामांकन पत्र लिए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल शुक्रवार को शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि सोमवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया।

## सार-संक्षेप

### विद्युत विभाग का छापा, पकड़े 12 अवैध कटिया कनेक्शन

मसौधा, अमृत विचार : नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के कस्बा भदरसा में विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 12 घरों में अवैध कटिया कनेक्शन पकड़ा। वहीं दूसरी तरफ विद्युत बिल के आठ बड़े बकायदारों के कनेक्शन काट दिए गए। सोमवार दोपहर बाद करीब 3 :30 बजे विद्युत विभाग की इस छापेमारी से कस्बे में हलचल मच गई। कई लोगों ने दुकान भी बंद कर दिया। वहीं अवैध तरीके से खंबे से कटिया लगाकर घर में रोशनी कर छह से अधिक लोगों को आनन-फानन में कटिया उतारती पड़ी। 12 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अर्थ दंड भी वसूला गया। विद्युत उपकेंद्र मोती नगर मसौधा के अवरअभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि तीन लोगों ने मौके पर ही बकाया बिल जमा करा दिया।

### गिट्टी लदे ट्राला और ट्रक में टक्कर, दोनों के चालक फरार

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार : पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या -प्रयागराज हाईवे पर लंगड़ा चौकी तिराहे पर सोमवार सांयकाल 6 बजे गिट्टी लदे ट्रेलर और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हाईवे पर हुई वाहनों की भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। हाईवे पर हुई घटना के बाद दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस जाम को हटाने में जुटी हुई है। गिट्टी लदे ट्रेलर के खलासी धर्मराज निवासी अमेठी ने बताया कि वह गिट्टी लाकर दर्शन नगर गिराने जा रहा था। बिरौली तिराहे के पास पहुंचते ही अयोध्या से प्रयागराज की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद चालक फरार हो गए। वाहनों की भिड़ंत के बाद दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए। आवागमन बहाल कराया जा रहा है। दोनों वाहनों को हाईवे से हटाने के लिए क्रेन बुलाया गया है।

### समिति की युवा और महिला शाखा भंग

अयोध्या, अमृत विचार : शहीद स्मारक सेवा समिति अयोध्या के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें समिति की युवा और महिला शाखा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया।समिति कार्यालय पर आयोजित बैठक में समिति के वर्तमान के क्रियाकलापों पर विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि सक्रिय सदस्यों को प्रमुख संगठन में स्थान दिया जाएगा। समिति की मुख्य कमेटी से ही कार्यों का सम्पादन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पुलिस उपाधीक्षक अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में संस्थापक/ संयोजक ओमप्रकाश सिंह नाहर, महामंत्री कवींद्र साहनी, उपाध्यक्ष दलजीत सिंह, सचिव सचिन सरीन, रमेश चौरसिया, अभय कुमार सिंह एडवोकेट सहित अन्य लोग मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मानव मेहरोत्रा ने दी।

### धरोहरों से रूबरू हुए प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग के अंतर्गत प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को अयोध्या के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया। उन्हें भौगोलिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की गई। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह व गोरखपुर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ सर्वेश कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड ने क्वीन हो पार्क से यात्रा प्रारंभ की। इन्हें राजकुमारी हो के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह भी बताया कि यहाँ पर कोरियन पार्क कोरियन वास्तुकला स्टाइल में बना है। भ्रमण में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को राम की पैड़ी पर स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर का इतिहास और उसके आर्किटेक्चर से परिचित कराया गया। इसके उपरांत उन्हें लक्ष्मण घाट, ऋणमोचन घाट, पापमोचन घाट होते हुए लक्ष्मण किला पर जाकर गाइड का भ्रमण समाप्त हुआ। इस दौरान डॉ सर्वेश ने टूरिस्ट गाइड को सभी स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। भ्रमण प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. रामजीत यादव, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. प्रियंका सिंह सहित प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड उपस्थित रहे।

### विद्यालय में फैली गन्दगी, शिक्षकों व बच्चों को हो रही परेशानी


विद्यालय में फैली गंदगी। अमृत विचार

पहला, सीतापुर, अमृत विचार। विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत बेहमा में स्थित प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय बेहमा परिसर में काफी समय से गन्दगी फैली हुई है। कमरों के आसपास कूड़े के बड़े बड़े ढेर भी लगे हुए हैं। वहीं विद्यालय परिसर में कूड़ा इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। जिससे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को समस्या हो रही है। विद्यालय में बिखरे हुए कूड़े में से जहरीले-जंतु भी निकलने की आशंका बनी रहती है। परिसर में फैली गन्दगी को लेकर प्रधानाध्यापिका स्नेहलता समेत विद्यालय स्टॉफ से वहां पर फैली गंदगी के बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी से विद्यालय परिसर की साफ- सफाई करने के लिए कई बार मौखिक में कहा गया है, मगर सफाई कर्मचारी परिसर में साफ सफाई करने के प्रति बिल्कुल भी ध्यान ही नहीं दे रहा है। जिससे विद्यालय परिवार को परिसर में इधर उधर फैली गन्दगी से समस्या हो रही है। जानकारी के मुताबिक जब 26 अप्रैल 24 को बेहमा ग्राम पंचायत में साफ-सफाई करने के लिए रोस्टर के माध्यम से लगभग 8 सफाई कर्मचारियों को लगाया गया था। उसके बाद भी विद्यालय परिसर में गंदगी फैली है। छात्र छात्राओं समेत विद्यालय स्टॉफ ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई कराएं जाने की मांग सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से की है।

# चार घंटे अयोध्या में रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू

अयोध्या कार्यालय


द्रौपदी मूर्मू

अमृत विचार : राष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर तैयारी तेज है। सोमवार को अफसरों ने एयरपोर्ट परिसर में बैठक की। अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अफसरों से बातचीत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू एक मई को अयोध्या के दौरे पर रहेंगी। वह यहां लगभग चार घंटे बिताएंगी। रामलला का दर्शन करेंगी। हनुमान गढ़ी में माथा टेंकेंगी। सरयू आरती में शामिल होने की संभावना है।

वह विशेष विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर शाम को लगभग चार बजे उतरेंगी। यहां राज्यपाल से लेकर दूसरे वीआईपी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह अयोध्या धाम प्रस्थान करेंगी। दौरे में केवल एक दिन शेष है। हालांकि राष्ट्रपति का औपचारिक कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन वीआईपी आगमन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। सोमवार को बैठक में विमान की लैंडिंग से लेकर स्वागत, वीआईपी मूवमेंट और अयोध्या पहुंचने तक को लेकर चर्चा की गई। शाम को अपर मुख्य सचिव गृह ने भी आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैयर सहित अन्य अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग से बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति के दौरे की संवेदनशीलता के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सहित हर पहलू पर चर्चा की। हालांकि अफसर अभी तैयारी को लेकर चर्चा नहीं करते हैं।

# ट्रस्ट की अपील, दर्शनार्थी पीते रहें पानी

अयोध्या कार्यालय



- राम मंदिर में पानी के साथ इलेक्ट्राल पाउडर भी हो रहा वितरित

अमृत विचार : राम मंदिर में दर्शन करने पहुंचे दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है। अयोध्या पहुंचने वाले हर श्रद्धालु को मौसम का ध्यान रखते हुए समय-समय पर पानी और द्रव्य जैसे पदार्थ को लेते रहना चाहिए, जिससे शरीर में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

ट्रस्ट का कहना है कि गर्मी में श्रद्धालुओं को लेकर जन्मभूमि पथ से लेकर राम मंदिर तक अलग-अलग स्थान पर व्यवस्थाएं की गई हैं। जन्मभूमि पथ के मुख्य गेट के पास यात्री सेवा केंद्र तैयार किया गया है, जिसमें लगभग एक हजार यात्रियों की छांव लेने की व्यवस्था है। इसके साथ ही सेवा केंद्र में 10 बेड वाला मिनी हॉस्पिटल भी खोला गया है। कई स्थानों पर पानी पीने की सुविधा है, जहां पर यात्रियों को इलेक्ट्रॉल पाउडर भी वितरित किया जा रहा है। पथ पर राम मंदिर की तरफ बढ़ने के दौरान लगभग तीन स्थान पर पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाया गया है। परिसर में यात्री सुविधा केंद्र बनाया गया है, जहां यात्रियों के रुकने, बैठने, आराम करने के साथ सामानों को रखने की भी व्यवस्था है। वहां मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। 10 बेड वाले मिनी अस्पताल में जनरल मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही लाइफ सपोर्टिंग एंबुलेंस की भी सुविधा है। मंदिर के पास भी कुछ स्थानों पर वाटर कूलर लगाए गए।

> आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक छांव के लिए कैनोपी लगाई गई ऋहै। इसके साथ ही कई स्थान पर पानी-पीने की भी व्यवस्था है। - अनिल मिश्रा, सदस्य, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

## प्रेरणा

### बीकॉम के बाद नहीं मिली नौकरी तो थाम लिया ई-रिक्शा, बुजुर्गों से नहीं लेते किराया

# पिता की याद में बुजुर्गों के लिए चला दी श्रीराम एक्सप्रेस

अयोध्या कार्यालय



आर्येश का ई रिक्शा।



ई-रिक्शा का नाम रख रखा है श्रीराम एक्सप्रेस आठ साथियों का है ग्रुप


चालक आर्येश

ई-रिक्शे के अंदर बुकिंग के लिए नंबर भी दिया गया है।

अमृत विचार : बीकॉम करने के बाद भी ई-रिक्शा चला परिवार की गाड़ी खींचने वाले युवा आर्येश कुमार मौर्य निस्वार्थ सेवा की भी मिसाल हैं। करीब दो साल से ई-रिक्शा चला रहे आनंद ने 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों के लिए ई-रिक्शा निशुल्क कर रखा है। इतना ही नहीं जिस भी बुजुर्ग से मिलते हैं अपना नम्बर देते हैं ताकि जरूरत पर वह बुला सकें।

सोमवार को इनके ई-रिक्शे में अमृत विचार के संवाददाता बैठे तो सामने लिखी इबारत देख चौक गए। लिखा था '70 साल से अधिक बुजुर्गों के लिए निशुल्क सेवा। पूछा भाई यह काहे लिखा रखा है तो बोले बस बुजुर्गों की सेवा कर सकूं। आर्येश ने अपने ई-रिक्शे का नाम श्रीराम एक्सप्रेस रखा है। बताया पहले तीस ई-रिक्शा संचालकों का एक व्हाटसअप ग्रुप बना रखा था, लेकिन अब कई लोग नहीं हैं, आठ साथी बचे हैं। आर्येश ने बताया कि दो साल से ई-रिक्शा चला रहे हैं, तब से अब तक हर रोज तीन से चार बुजुर्गों को सेवा देते हैं। बताया सड़क पर भी कोई वृद्ध खड़ा मिल जाता है तो निःशुल्क घर तक पहुंचा देते हैं। बोले भइया इससे जो सुख मिलता है उसे कह पाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि बीकॉम के बाद कई जगह प्रयास किया, लेकिन नौकरी नहीं मिली तो कर्ज लेकर ई-रिक्शा निकलवा लिया। तब से बूढ़ी मां और पत्नी व दो बेटियों का पेट इसी से पल रहा है। उन्होंने बताया कि अक्सर बुजुर्गों और असहाय लोगों को जिला अस्पताल पहुंचा देते हैं। बोले बस दुआ और आशीर्वाद मिलता रहे यही बहुत है। आर्येश बताते हैं कि आठ दस लोगों का ग्रुप है जो इस काम को मिल जुल कर करता है। शक्ति नगर कालोनी क्षेत्र में रहने वाले आर्येश के पिता नहीं हैं, इसलिए वह और बुजुर्गों की सेवा में तल्लीन रहते हैं।

### रोजाना कमाते 400, बेटियों के लिए रख देते हैं 200

30 वर्षीय आर्येश ने बताया कि बीकाम करने के बाद भी नौकरी से ज्यादा खुद की मेहनत को तव्वजो दी। बताया पिता के गुजरने के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभाली और अब सामान्य ढंग से गृहस्थी चल रही है। दोनों बेटियों को पढ़ा लिखा कर वह अधिकारी बनाना चाहते हैं। बताया कि रोजाना चार से पांच सौ रुपए में से दो सौ रुपए दोनों बेटियों के लिए जमा करते हैं बाकी में घर का खर्च चलाते हैं।

# राम मंदिर के बाहर लॉकर भवन में हुई मारपीट

अयोध्या। राम जन्मभूमि मंदिर के बाहर दर्शन मार्ग स्थित लॉकर भवन में आपसी विवाद के बाद सोमवार को कर्मियों और श्रद्धालुओं में मारपीट हो गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन मार्ग स्थित लॉकर भवन में अपना मोबाइल और अन्य सामान जमा करने के लिए कर्मियों से एक थैला लिया और सामान रखकर वापस जमा करवा दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दूसरे थैले की मांग की। आरोप है है दूसरा थैला मांगने पर कर्मियों ने अभद्रता की तो श्रद्धालुओं ने लॉकर के दो कर्मियों की पिटाई कर दी। इसके बाद लॉकर के कर्मियों ने श्रद्धालुओं की पिटाई कर दी। चोटिल लॉकर कर्मियों का परिसर स्थित चिकित्सालय में उपचार कराया गया है। थाना रामजन्मभूमि प्रभारी देवेंद्र पांडेय का कहना है कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है। सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने बताया कि किसी पक्ष ने कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी है।

# उप चुनाव का परिणाम दोहराने को बेताब है सपा

## गोरखपुर लोकसभा सीट 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से पांच बार रह चुके हैं सांसद

## 2018 का उप चुनाव जीत चुकी है समाजवादी पार्टी

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोरखपुर पूर्वांचल ही नहीं बल्कि देश में अपनी अलग पहचान रखता है। चाहे देश की राजनीति का मामला हो या अयोध्या राम मंदिर आंदोलन का । महंत अवेद्यनाथ ने राममंदिर आंदोलन की अगुवाई गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मंदिर) से ही की थी। कांग्रेस और भाजपा की सरकार में इस सीट के सांसद की अपनी अलग धमक रही है। लोकसभा सीट पर पिछले 19 चुनाव में 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही।

वहीं, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस सीट के परिणाम पर देश-विदेश की निगाहें लगी हैं। हालांकि उपचुनाव 2018 में सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेंद्र दत्त शुक्ला को करीब 26 हजार मतों से हरा दिया। पर, इस जीत को सपा 2019 में कायम न रख सकी। भाजपा ने भोजपुरी कलाकार रवि किशन शुक्ला को प्रत्याशी बनाया। करीब तीन लाख मत से धमाकेदार तरीके से भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। उपचुनाव का परिणाम दोहराने के लिए इस बार भी इंडिया गठबंधन (समाजवादी पार्टी) ने टीवी कलाकार काजल निषाद को उम्मीदवार बनाते हुए 2018 उपचुनाव के परिणाम को दोहराने को बेताब है तो वहीं, भाजपा ने वर्तमान सांसद रविकिशन को ही प्रत्याशी बनाया है।

2019 के संसदीय चुनाव में गोरखपुर से भाजपा ने रवि किशन शुक्ला को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में बसपा और सपा गठबंधन के तहत सपा ने राम निषाद को टिकट दिया था। रवि किशन ने 7,17,122 वोट हासिल किए तो राम निषाद को 4,15,458 वोट मिले, तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस को महज 22,972 वोट ही मिले थे। रवि किशन ने 3,01,664 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। जानकार कहते हैं के इस बार का चुनाव भी रोचक हो सकता है।



### सबसे अधिक निषाद वोटर

जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर पिछड़ा वर्ग के वोटरों का दबदबा है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक निषाद जाति के वोटर हैं। यहां पर चार लाख वोटर निषाद समाज से आते हैं जबकि यादव और दलितों की संख्या भी दो-दो लाख है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर डेढ़ लाख मुस्लिम वोटर भी हैं। इसके अलावा करीब 3 लाख ब्राह्मण और ठाकुर वोट हैं। भूमिहार और वैश्य वोटरों की संख्या भी करीब डेढ़ लाख है।

### भाजपा का है कब्जा

गोरखपुर सदर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा है, जिसमें गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, सहजनवा, पिपराइच और कैंपियरगंज गोरखपुर आती है। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। गोरखपुर शहरी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैम्पियरगंज से फतेह बहादुर सिंह, पिपराइचसे महेंद्र पाल सिंह, गोरखपुर ग्रामीण से बिपिन सिंह और सहजनवा से प्रदीप शुक्ला विधायक हैं


रवि किशन


काजल निषाद


जावेद सिमनानी

### भाजपा ने रवि किशन पर फिर लगाया दांव

भाजपा ने एक बार फिर मौजूदा सांसद रवि किशन शुक्ला पर दांव लगाया है, रवि किशन राजनीति के साथ-साथ हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में भी काफी सक्रिय हैं। 2019 में भाजपा से चुनाव लड़ने से पहले जौनपुर से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### 2018 में भाजपा को लगा था झटका

इससे पहले 2018 में गोरखपुर सीट पर कराए गए उपचुनाव में भाजपा को जोर का झटका लगा था, क्योंकि यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने की वजह से खाली हुई थी। उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद ने भाजपा के उम्मीदवार उपेंद्र दत्त शुक्ला को 21,801 मतों के अंतर से हरा दिया था। जबकि 2014 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी के टिकट पर गोरखपुर सीट से जीत हासिल की थी। तब योगी आदित्यनाथ को 3,12,783 मतों के अंतर से बड़ी जीत मिली थी।

### भाजपा ने आठ बार जीता है लोक सभा चुनाव

आजादी के बाद अब तक इस सीट पर कुल 19 बार चुनाव हो चुके हैं। 10 बार प्रत्यक्ष रूप से गोरक्षपीठ के कब्जे में रही। पहली बार गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की। 1970 में उनके शिष्य महंत अवेद्यनाथ ने जीत दर्ज की। इसके बाद महंत अवेद्यनाथ ने 19 साल बाद हिंदू महासभा से इस सीट पर जीत दर्ज की तो यह सिलसिला 2014 तक जारी रहा। उनके बाद 1998 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सीट पर जीत दर्ज की। हालांकि 22 साल बाद यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में पीठ के हाथ से निकल गई। सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र शुक्ला को हरा दिया। अब तक 6 बार कांग्रेस, दो बार निर्दलीय, एक बार हिंदू महासभा, एक बार जनता पार्टी, भाजपा ने 8 और एक बार सपा ने जीत दर्ज की है।

### इंडी गठबंधन ने काजल को बनाया प्रत्याशी

इंडी गठबंधन की सपा प्रत्याशी व टीवी कलाकार काजल निषाद के राजनीतिक सफर की बात करें तो वह वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा तो 2022 में सपा के ही टिकट पर कैंपियरगंज से चुनाव लड़ चुकी है। पार्टी ने उन्हें पिछले साल हुए नगर निकाय के चुनाव में महापौर पद का भी प्रत्याशी बनाया था, मगर उन्हें वहां भी हार का सामना करना पड़ा। अभी हाल ही में उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसका उपचार चल रह है, फिलहाल इनके चुनाव लड़ने को लेकर असामंजस्य की स्थिति है।


### बसपा ने जावेद पर जताया भरोसा

बसपा सुप्रीमो मायावती ने छात्र राजनीति से बसपा का झंडा लेकर चलने वाले जावेद सिमनानी पर भरोसा जताया है ।गोरखपुर के नखास चौक के रहने वाले प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय से जुड़े जावेद सिमनानी का पूरा परिवार बसपा से जुड़ा है। 45 वर्षीय जावेद सिमनानी 25 वर्षों से वे बसपा में हैं।

### गोरखपुर का तीन बार हुआ विभाजन

गोरखपुर का इतिहास बहुत पुराना है। गोरखपुर जिले को आर्य संस्कृति और सभ्यता का एक अहम केंद्र माना जाता रहा है। ब्रिटिश राज में साल 1865 में, गोरखपुर जिले से अलग करते हुए बस्ती को नया जिला बनाया गया। आजादी से पहले साल 1946 में एक बार फिर गोरखपुर का विभाजन किया गया और प्रदेश के नक्शे पर देवरिया के रूप में नया जिला बनकर आया। 1989 में गोरखपुर का तीसरी बार विभाजन किया गया और इस बार महराजगंज नया जिला बना। गोरखपुर को गोरखनाथ मंदिर और गीताप्रेस की वजह से भी दुनियाभर में विशेष पहचान है। इस सीट पर गोरखनाथ मंदिर का खासा प्रभाव माना जाता है। महंत दिग्विजय नाथ के बाद महंत अवैधनाथ चार बार सांसद चुने गए फिर योगी आदित्यनाथ पांच बार सांसद चुने गए।

### गोरखपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रवि किशन शुक्ला | 7,17,122 |
| रामभुआल निषाद | 4,15,458 |
| मधुसूदन त्रिपाठी | 22,972 |

### उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | प्रवीण कुमार निषाद | 4,56,589 |
| भाजपा | उपेन्द्र दत्त शुक्ल | 4,34,788 |
| कांग्रेस | डॉ. सुरहीता करीम | 18,872 |







### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 व 70 | महंत दिग्विजय/ अवेद्यनाथ | निर्दल |
| 1971 | नरसिंह नारायण पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हरिकेश बहादुर | जनता पार्टी |
| 1980 | हरिकेश बहादुर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | मदन पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | महंत अवेद्यनाथ | हिंदू महासभा |
| 1991 व 96 | महंत अवेद्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98,99,04,09 | योगी आदित्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |

| 2014 नोटा | 2018 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|---|
| 8,153 | 8,331 | 7,688 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | योगी आदित्यनाथ | 5,39,127 |
| सपा | राजमती निषाद | 2,26,344 |
| बसपा | राम भुवाल निषाद | 1,76,412 |
| कांग्रेस | अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी | 45,719 |




### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 20,74,745 |
| पुरुष | - 11,12,023 |
| महिला | - 9,62,531 |
| अन्य | - 191 |

### इलेक्शन बायस्कोप



मौका विजय के लिए उत्साह भरने का हो तो वहां महिलाओं की मौजूदगी शुभ संदेश की तरह होती हैं। सोमवार को हजरतगंज में रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के नामांकन के दौरान चिलचिलाती धूप और गर्मी में भी भाजपा समर्थित महिलाएं मुस्कुराते हुए कमल का फूल लेकर रोड-शो के स्वागत में मुस्तैद दिखीं। अमृत विचार

### चौथे चरण की सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इनमें ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं, जबकि ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में धौरहरा, मिश्रिख, फर्रूखाबाद, अकबरपुर, इटावा व हरदोई में एक-एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया, जबकि कन्नौज में दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। उन्होंने बताया कि इस चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

## उज्जवल रमण समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें इलाहाबाद से कांग्रेस से उज्जवल रमण सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस से उज्ज्वल रमण सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आजमगढ़ सीट के लिए जन राज्य पार्टी से पारस यादव ने नामांकन किया। जौनपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा से कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर (अजा) सीट के लिए भाजपा से भोला नाथ सरोज (बीपी सरोज) ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बाकी लोकसभा सीटों व गैंसड़ी विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

# क्षत्रियों को लेकर धनंजय को क्यों घेर रहे अभय

## सबसे बड़ा डॉन बताते हुए क्षत्रियों की उपेक्षा करने का भी लगाया आरोप

## भाजपा एवं बसपा प्रत्याशी के बीच वोट न बटे, इसलिए शुरू हुई राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : विधायक अभय सिंह और पूर्व सांसद धनंजय सिंह के बीच लंबे समय से वर्चस्व की खबरें आती रही हैं। एक दूसरे के गुटों में झड़पों को लेकर भी सूचनाएं आती रही हैं। लेकिन इस बार यह वर्चस्व व्यक्तिगत न होकर राजनीतिक हो चुका है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद उनकी पत्नी एवं बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी को काफी बल मिला। सूचना यहां तक है कि क्षत्रियों में बड़ी संख्या में लोग धनंजय सिंह की वजह से मजबूती के साथ बसपा प्रत्याशी के साथ खड़ा हो गया है।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो अभय सिंह इसीलिए लगातार धनंजय सिंह को ओबीसी और खासकर यादवों का हितैशी बताते हुए उन्हें क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी नतीजे बताएंगे।

गौरतलब हो कि जौनपुर से भाजपा ने कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपाशंकर सिंह ने अपना नामांकन भी करा लिया है और जोर-शोर से प्रचार में जुट गए हैं। इसी बीच बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया। इस सीट पर क्षत्रिय वोटरों की संख्या काफी है, इसलिए अब भाजपा को क्षत्रियों का वोट बंटने का डर सताने लगा है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद क्षत्रियों की गोलबंदी बसपा की तरफ अधिक प्रतीत हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है अभय सिंह इसीलिए धनंजय सिंह को क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। वायरल हो रहे साक्षात्कार में अभय सिंह, धनंजय को डॉन कहने के साथ-साथ एक ही तरह का आरोप लगा रहे हैं। समस्त आरोप क्षत्रियों के इर्दगिर्द घूमता नजर आ रहा है। उन्होंने बयान दिया कि धनंजय सिंह ने हमेशा यादवों और ओबीसी जातियों को आगे बढ़ाया है, ठाकुरों को आगे बढ़ने ही नहीं दिया।

इस बयान को लेकर चुनावी विश्लेषक जौनपुर चुनाव से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि इस साक्षात्कार के माध्यम से अभय सिंह बसपा प्रत्याशी के पक्ष में क्षत्रियों की लामबंदी रोकने का प्रयास कर रहे हैं।


अभय सिंह


धनंजय सिंह

● धनंजय की पत्नी श्रीकला हैं चुनावी मैदान में

### अपनी ढपली अपना राग


राहुल बाबा और अखिलेश बाबा विदेशों में पढ़कर आये हैं, इसलिए दोनों को देश के बारे में कम समझ है। - पुष्कर सिंह धामी


राशन, किसी की जेब से नहीं मिलता, इसलिए जब भाजपा और आरएसएस के लोग आएं और नमक का कर्ज याद दिलाएं बहकावे में न आएं। - मायावती


भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना अब गायब हो गया है। बीजेपी पुलिस में भी 3 साल के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। -अखिलेश यादव


राजनाथ सिंह एक तपस्वी नेता हैं, उन्होंने हमेशा दलितों-वंचितों, पिछड़े वर्गों पर ध्यान दिया है। लखनऊ के लोग एकतरफा उनका चुनाव करते हैं। - स्वतंत्र देव सिंह

# कैडर और ब्राह्मण वोट पर चोट करने को तैयार बसपा

अरुण कुमार मिश्र,गोंडा

**अमृत विचारः** चुनावी रंगोली में खाली जगह भरने को बसपा के संभावित दावेदार मैदान में कूद गए हैं। बीते दो माह से चल रहे कयास को हकीकत में बदलने को लेकर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेर आकाश आनंद के संदेश पर गोंडा और कैसरगंज के दो ब्राह्मण चेहरे मैदान में उतरने को आतुर हैं। इसमें कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय तो गोंडा से सौरभ मिश्र ने सोमवार को बसपा का संभावित उम्मीदवार बताकर पर्चा ले लिया है। दोनों ब्राह्मण चेहरे के साथ ही श्रावस्ती से मुस्लिम चेहरा तथा बहराइच सुरक्षित सीट से पढ़े लिखे संस्कृत के विद्वान प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर बसपा दांव लगा सकती है। खासकर गोंडा और कैसरगंज में कैडर के साथ ब्राह्मण वोट पर चोट करने को बसपा तैयार दिख रही है।

गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने पहले ही सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर दांव लगाया है। वह तीसरी बार भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से श्रेया वर्मा मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में होने के नाते कांग्रेस सपा उम्मीदवार का समर्थन कर रही है, जबकि बसपा किसी भी गठबंधन में नहीं है। मनकापुर क्षेत्र के ही अवध शरन मिश्र जो भाजपा सांसद के कभी खास रहे और उनके प्रबंधकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे। लेकिन अवध शरन मिश्र को कालेज से हटवा कर उनका स्थानांतरण करवा दिया गया।

इसके विरोध में अवध शरन मिश्र ने कुंवर आनंद सिंह व उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। उनके खिलाफ पूरे जिले में पर्चे तक बंटवाए थे। विरोध स्वरूप अवध शरन मिश्र के बेटे सौरभ मिश्र बसपा में शामिल हो गए और अब संभावित उम्मीदवार के रूप में सोमवार को पर्चा भी ले लिया है। इसी तरह कैसरगंज से पयागपुर के मल निवासी नरेंद्र पांडेय जो आकाश आनंद के करीबी बताए जा रहे हैं और मौजूदा समय लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने भी बसपा से ताल ठोकने को तैयार दिख रहे हैं। इसी तरह भिनगा से 2022 में बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके दद्दन खां ने भी बसपा से पर्चा खरीद लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दद्दन खां भले ही तीसरे स्थान पर रहे परंतु इस बार वह लोकसभा में अपना भाग्य आजमाने को तैयार हैं। बहराइच सुरक्षित सीट से भाजपा ने सांसद अछैबर लाल गौड़ के पुत्र आनंद गौड़ को मैदान में उतारा है, जबकि सपा ने रमेश गौतम को मैदान में उतारा है। बसपा ने अभी कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर दांव लगाने पर मंथन कर रही है। माना जा रहा है कि एक दो दिनों में बसपा भी अपना पत्ता खोल सकती है। इसलिए सभी संभावित दावेदारों ने पर्चे खरीद लिए हैं और लड़ने को तैयार हैं। गोंडा और कैसरगंज में बसपा का कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर संगठन की नजर है। गोंडा और कैसरगंज से इन संभावितों के राजनीतिक सफर भले ही न के बराबर है परंतु बसपा के कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर नजर अवश्य है।




### देवीपाटन मंडल की चार सीटों पर 2009 से 2019 तक बसपा के वोट

| लोकसभा | वर्ष | उम्मीदवार | मिले वोट |
|---|---|---|---|
| बहराइच(सु) | 2009 | लालमनि प्रसाद | 1,21,052 |
| | 2014 | डॉ. विजय कुमार | 98,883 |
| कैसरगंज | 2009 | सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 1,23,864 |
| | 2014 | कृष्ण कुमार ओझा | 1,46,542 |
| | 2019 | चंद्रदेव राम यादव | 3,19,418 |
| श्रावस्ती | 2009 | रिजवान जहीर | 1,59,527 |
| | 2014 | लालजी वर्मा | 1,94,827 |
| | 2019 | राम शिरोमणि वर्मा | 4,41,505 |
| गोंडा | 2009 | कीर्तिवर्धन सिंह | 1,31,995 |
| | 2014 | अकबर अहमद डंपी | 1,16,051 |

नोट : 2019 में सपा और बसपा के बीच गठबंधन था। गोंडा और बहराइच में सपा और कैसरगंज व श्रावस्ती से बसपा के उम्मीदवार लड़े थे। इसमें सपा को जीत तो नहीं मिली परंतु दो में एक पर बसपा को जीत मिली थी।

### 2009 में सपा और भाजपा का बिगड़ गया था गणित

बसपा ने 2009 के चुनाव में भाजपा और सपा दोनों का गणित बिगाड़ दिया था। कैसरगंज सीट को छोड़कर मंडल की तीन सीटों पर बसपा तो जीत नहीं पाई लेकिन उसे इतने वोट जरूर मिले जिससे भाजपा व सपा दोनों को हार का मुहं देखना पड़ा और कांग्रेस जीवंत हो उठी और तीन सीटों पर कांग्रेस की सरकार बन गई थी।

## चुनावी चक्कर

● फिर नयी 'पंचायत' तो नहीं कर रहे मंत्री जी?

योगी सरकार के एक मंत्री हैं ओम प्रकाश राजभर। विधानसभा हो या जनसभा, ऐसा कम ही होता है कि उनके मुख से निकली प्रतिक्रिया चर्चा का विषय न बनती हो। हाल ही में फिर मंत्री जी ने चुनाव प्रचार के दौरान मंच से कुछ ऐसा बयान दे दिया जिसपर चर्चा हो रही है। उनके इस बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मंत्री जी घोसी में अपने बेटे और एनडीए प्रत्याशी अरुण राजभर के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि, ओमप्रकाश राजभर पंचायती राज मंत्री है।'' आगे उन्होंने यह भी जोड़ा कि वो अल्पसंख्यक वाला विभाग भी तो है पास में, ''अकलमंदों के लिए इशारा काफी है। जान लो और कुछ नहीं कहूंगा। अब ओमप्रकाश का ताजे बयान का क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब ओपी राजभर ने ऐसा कोई शिगूफा छोड़ा हो। इससे पहले मंत्री बनने के बाद उनका एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह पीला गमछा लगाकर थाने जाने को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि इस गमछे को लगाकर जब आप थाने पर जाओगे तो दरोजा जी को आपकी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर नजर आएंगे। बहरहाल, मंथन उनके ताजा बयान पर हो रहा है कहीं भाजपा को फिर धौंस दिखाने की पंचायत तो नहीं कर रहे? इस पर सभी की निगाहे हैं।





# दिग्गज छत्रप-महारथी मजबूरी में बेटी के चुनावी रथ के सारथी

## राजनीति में जोड़-तोड़ के माहिर खिलाड़ी रहे शरद पवार को अपने ही गढ़ बारामती में वोट के लिए फैलाने पड़ रहे हाथ

**मुंबई।** कहते हैं, राजनीति जो न कराए कम है। दिग्गज राजनेता मराठा छत्रप शरद पवार की इन दिनों कुछ ऐसी ही दशा है। पवार अपने राजनीतिक जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं हारे हैं। लेकिन 83 साल की उम्र में उन्हें बारामती में बेटी की सीट बचाने के लिए भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ रहा है। छह बार लोकसभा सांसद और चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे शरद पवार ने बारामती से खुद पांच बार लोकसभा का चुनाव जीता है। लेकिन इस बार बारामती लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हुई टूट के बाद भतीजे अजित पवार की चुनौती में ऐसा फंसे हैं कि लोगों को पुरानी बातें याद दिलाकर वोट के लिए झोली फैलानी पड़ रही है। बारामती लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की उम्मीदवार और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी भाभी और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो रहा है, जो राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राकांपा की उम्मीदवार हैं। शरद पवार के लिए चुनौती कठिन है क्योंकि जिस बारामती से वह स्वयं पांच बार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले तीन बार चुनाव जीत चुकी है, वहां अब उन्हें बेटी को चौथी जीत दिलाने के लिए अपने ही भतीजे की पत्नी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि बारामती सीट से चुनाव हारने के साथ ही पवार की राजनीतिक धमक का भी अंत हो जाएगा। राकांपा का चुनाव चिह्न अजीत पवार के पास है। हालांकि इसका जिम्मेदार शरद पवार को ही माना जाता है, उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे को राजग गठबंधन से तोड़कर भाजपा के हाथ में आई हुई सत्ता छीन ली थी और महाविकास आघाड़ी का गठन करके ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना दिया था। इसी के बाद उनकी पार्टी में बिखराव के बीज पनप गए थे।

### 'मैं 2004 में महाराष्ट्र का सीएम बन जाता'

- 2004 के विधानसभा चुनाव में शरद पवार की रकांपा को 71 सीटें मिली थीं और कांग्रेस को 69 सीटें। इसके बावजूद उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के बजाय केंद्र में कृषि मंत्री बनने में ज्यादा रुचि दिखाई थी। भतीजे अजीत पवार को आज तक इस बात का अफसोस है कि शरद पवार ने उस समय उनसे मुख्यमंत्री बनने का अवसर छीन लिया। वह बारामती में चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में वह लोगों को बता रहे हैं कि उनके साथ पार्टी में उस समय नाइंसाफी हुई। शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के हिस्से में आया मुख्यमंत्री का पद कांग्रेस को दे दिया था। अगर मुख्यमंत्री पद शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के पास रखा होता तो वह या पार्टी का कोई और नेता मुख्यमंत्री बन सकता था। अगर उनके नसीब में होता तो वही मुख्यमंत्री बन जाते। शरद पवार राज्य में मुख्यमंत्री लेकर भी केंद्र में अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालय ले सकते थे। लेकिन वह जोड़-तोड़ की राजनीति का हिस्सा बनकर प्रधानमंत्री बनने का स्वप्न देख रहे थे। इसके चलते ही पार्टी को मिला राष्ट्रीय दर्जा क्षेत्रीय पार्टी पर आ गया।

### 'चार दिन सास के होते तो चार दिन बहू के भी आते हैं'

- शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को जिताने के लिए रकांपा प्रमुख अजित पवार बारामती में चुनावी सभाओं में लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस बार बहू यानी सुनेत्रा पवार को चुनें ना कि बेटी सुप्रिया सुले को। चार दिन सास के होते हैं, तो चार दिन बहू के भी आते हैं, यही समय चक्र है। बारामती और राज्य के सामने तमाम समस्याएं हैं। केंद्र में जिसकी सत्ता आनी है, अगर उसका समर्थक सांसद चुनकर नहीं भेजा तो लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पाएगा। बीते 10 साल से क्षेत्र इसी कारण उपेक्षा झेल रहा है।


**मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटों में से दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर सात मई को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ के अलावा बैतूल लोकसभा सीट पर भी चुनाव होगा। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था, लेकिन आदिवासी सुरक्षित सीट बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण दूसरे चरण में चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब बैतूल को मतदान के लिए तीसरे चरण में शामिल कर लिया गया है। तीसरे चरण के चुनाव में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक केंद्रीय मंत्री की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा।**

# मैदान में मामा, महाराजा व राजा किसका बजेगा बाजा

## अंतिम चुनाव बताकर मतदाताओं को साधने की हो रही कोशिश

### राजगढ़ का किला बचाने में दिग्गी राजा का छूट रहा पसीना

प्रदेश की सबसे हॉट सीट राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में सात मई को होने वाले मतदान पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यहां से 10 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर कर रहे हैं। इस सीट से दोनों उम्मीदवार दो-दो बार सांसद रह चुके हैं। लेकिन दोनों के बीच आपस में यह पहला मुकाबला है। दिग्विजय सिंह 33 साल बाद चुनाव लड़ने के लिए राजगढ़ के मैदान में उतरे हैं। वह वादा निभाओ पद यात्राएं करके हर विधानसभा क्षेत्र को नाप रहे हैं। वह लोगों से भावनात्मक अपील कर अंतिम चुनाव की बात कह रहे हैं। भाजपा उन्हें घेरने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी है। सूबे के सीएम के बाद प्रचार में आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तो दिग्विजय सिंह की हार तय बताकर जनसभा में चुटकी ले गए हैं कि आशिक का जनाजा है, बड़ा आदमी है, जरा धूमधाम से निकालना। जैसी दिग्गी राजा की शान है, वैसी ही बड़ी लीड से विदाई करना। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभाओं में छह पर भाजपा का कब्जा है, दो कांग्रेस के पास हैं।




| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| 65% | 31% | 59% | 36% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## 'मैं नेता नहीं, मामा और भैया हूं, बहन-बेटियां मेरे लिए देवी की मूर्तियां'

### विदिशा में शिवराज का तिलक और भेंट किया नारियल

राज्य की दूसरी हॉट सीट विदिशा से सर्वाधिक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान मैदान में है। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस के भानु प्रताप शर्मा से है। दोनों ही इस सीट से सांसद रह चुके हैं। बीते 15 चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस दो बार जीती है और दोनों बार भानु प्रताप ही प्रत्याशी थे। 1991 में अपने पहले चुनाव में शिवराज सिंह भानु प्रताप को हरा चुके हैं। वर्ष 2004 शिवराज यहां से पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री बने। अब 20 साल बाद फिर यहां चुनाव लड़ने आए हैं। वह नुक्कड़ सभाओं, यात्रा और रोड शो करके अपने कराए विकास कार्य गिना रहे हैं। आशीर्वाद यात्रा में उनका फूलों से स्वागत कर बहनों ने कहीं तिलक लगाया, कहीं आरती उतारी और शिवराज के हाथ में नारियल और चुनाव लड़ने के लिए 10-10 रुपये भी थमा दिए। पीएम मोदी सभा में कह गए थे कि वह शिवराज सिंह को दिल्ली लेकर जा रहे हैं। इसके मुकाबले भानु प्रताप शर्मा पिछले दो दशक से महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे हैं। कोई चुनाव भी नहीं लड़े हैं। इस कारण उन्हें चुनाव खड़ा करने में दिक्कत आ रही है। 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव और 2014 में सुषमा स्वराज जीती थीं।



| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| 68% | 28% | 66% | 29% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## सिंधिया के विरुद्ध कांग्रेस का जातीय दांव बताया महाभारत का युद्ध

### भाजपा नेताओं के दौरों के साथ पत्नी-पुत्र भी प्रचार में

गुना सीट पर भाजपा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उम्मीदवार हैं। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद केपी यादव की जगह चुनाव में उतारा है। 2019 में ज्योतिरादित्य कांग्रेस से चुनाव लड़े थे, जिसमें केपी यादव के हाथों हार मिली थी। इस बार सिंधिया गुना-शिवपुरी में जमकर मेहनत कर रहे हैं। जल्दी ही गुना से हवाई सेवाएं शुरू होने का वादा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह सभा करने आए तो कई बार उन्हें राजा साहब और महाराज कहकर यह भी बता गए कि पीएम मोदी सिंधिया को बहुत पसंद करते हैं। ज्योतिरादित्य के नामांकन में सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जुटे थे। मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेता प्रचार में आ चुके हैं। ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी और पुत्र ने भी प्रचार का काम संभाल रखा है। कांग्रेस ने जातीय समीकरण ध्यान में रखते हुए यादव वोट बैंक साधने के लिए मुंगावली से तीन बार के विधायक राव यादवेंद्र सिंह यादव को उतारा है। वह इस चुनाव को महाभारत का युद्ध बता रहे हैं और भाजपा द्वारा केपी यादव का टिकट काटने पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बसपा ने शिवपुरी जिले के अध्यक्ष धनीराम चौधरी को उतार कर परेशानी बढ़ा दी है।



| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| 52% | 41% | 40% | 53% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |



भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम। अमृत विचार

## इंदौर में फुस्स हुआ कांग्रेसी बम भाजपा में शामिल हो गए अक्षय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां पार्टी प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने न सिर्फ नाम वापस लिया बल्कि भाजपा में शामिल हो गए। उनके इस कदम से कांग्रेस के रणनीतिकार परेशान हैं वहीं भाजपा इस बात से खुश है क्योंकि उसके सामने अब कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है जो टक्कर दे सके। अब इस सीट पर कांग्रेस किसी निर्दलीय या बसपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है।

भाजपा ने इंदौर संसदीय सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद शंकर लालवानी को मैदान में उतारा है। वैसे तो इंदौर भाजपा का मजबूत किला है। 1989 से 2014 तक लगातार आठ बार सुमित्रा महाजन इस सीट पर जीतीं। 2019 में पार्टी ने शंकर लालवानी को टिकट दिया तो वे भी जीतने में कामयाब रहे। इस क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा के रणनीतिकार एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां चुनाव की कमान संभाल रखी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के उम्मीदवार की नाम वापसी में कैलाश विजयवर्गीय की भूमिका अहम है। इस सीट से नौ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है। अब यहां मैदान में भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## सागर में हो सकता तगड़ा मंथन, किसे मिलेगा जीत का कलश

### बीते सात चुनावों से लगातार यहां खिल रहा कमल

सागर लोकसभा सीट पर भाजपा बीते सात लोकसभा चुनावों से लगातार कमल खिलाती आ रही है। पार्टी ने इस बार यहां मौजूदा सांसद राजबहादुर सिंह के स्थान पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता वानखेड़े को चुनाव मैदान में उतारा है। वह कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं कांग्रेस ने उनके मुकाबले के लिए ललितपुर के चंद्र भूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले वर्ष ही बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। सागर की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा के विधायक हैं। भाजपा ने अपने सभी विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जुटा रखा है। शहर की सूरत तो पिछले कुछ सालों में बदली है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन स्वास्थ्य सुविधाएं और पानी की समस्या का समाधान प्रमुख मुद्दे हैं। यहां जैन समाज के साथ ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में है। बसपा यहां तीसरे नंबर पर रहती है, इस बार पार्टी ने भगवती प्रसाद जाटव पर दांव लगाया है। जानकार मुकाबला टक्कर का मान रहे हैं।



| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| 62% | 33% | 54% | 40% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## भोपाल में चटख होता नजर आ रहा भगवा प्रचार

### कांग्रेस को धीमा चुनावी अभियान पड़ सकता भारी

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद माहौल भगवामय नजर आता है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह की जगह पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। भोपाल लोकसभा सीट भाजपा वर्ष 1989 के चुनाव से लगातार जीतती चली आ रही है। 2019 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को साध्वी प्रज्ञा सिंह ने साढे तीन लाख वोटो से मात दी थी। कांग्रेस ने इस बार यहां पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार कर भाजपा की चुनौती के सामना जातीय समीकरण के सहारे करने की रणनीति बनाई है। लेकिन भाजपा जिसके प्रचार में मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक मोर्चा संभाले हैं, के मुकाबले कांग्रेस का प्रचार काफी सुस्त है। कोई बड़ा नेता वोट मांगने नहीं आया है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्र पर जरूर जोर देता नजर आ रहा है। लेकिन पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आता है। लोकसभा क्षेत्र की सात में पांच विधानसभाओं पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।




| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| 61% | 36% | 63% | 30% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## मुरैना में उलझे जातीय समीकरणों ने बनाई त्रिकोणीय लड़ाई

### भाजपा-कांग्रेस के संघर्ष में बसपा ने टांग फंसाई

बीते तीन दशक में सात लोकसभा चुनाव से भाजपा मुरैना में अजेय है, लेकिन इस बार यहां उसके सामने कांग्रेस के साथ ही बसपा भी कड़ी चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर के मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार को उतारा है। इन दो क्षत्रिय प्रत्याशियों की लड़ाई में बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बसपा में शामिल हो गए थे। मुरैना में ब्राह्मण प्रभावशली वोटर माने जाते हैं, लेकिन ब्राह्मण नेता बलबीर दंडोतिया के बसपा छोड़कर भाजपा में जाने से ब्राह्मण समाज बंटा नजर आ रहा है, तो दूसरी जातियों में भी सेंधमारी चल रही है। इससे जातिगत समीकरण उलझ गए हैं। कुल मिलाकर मुकाबला रोचक माना जा रहा है। 2019 में यहां से भाजपा से केंद्र में कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर को जीत हासिल हुई थी।




| 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|
| 48% | 38% | 45% | 31% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

### मांगा समर्थन



गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर हमला बोला।

## पहले सात फिर नौ की गिरावट अबकी पारा होगा 43 से ऊपर



**भोपाल।** प्रदेश में दोनों चरणों में कम मतदान और बढ़ते तापमान के साथ 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान में वोट पर्याप्त संख्या में पड़ें, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग के साथ-साथ राजनीतिक दलों के लिए भी बड़ी चुनौती है। 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में इस बार 7% की गिरावट आई थी, तो दूसरे चरण में यह गिरावट 9% पहुंच गई। दोनों चरणों में मतदान के दिन टीकमगढ़ और खजुराहो को छोड़कर अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे था। अब तीसरे चरण में जिन जगहों पर वोटिंग होनी है, वहां के बारे में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 43 से 45 डिग्री तक तापमान रह सकता है। इसके साथ ही राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस अभी तक दोनों चरणों में कोई उत्साह नहीं दिखा पाई है। पार्टी के स्टार प्रचारक चुनावी अभियान से गायब जैसे रहे। कांग्रेस का कोई ऐसा बड़ा नेता प्रचार में नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार को घेर सकता। इसकी एक वजह कमलनाथ का छिंदवाड़ा और दिग्विजय का राजगढ़ में फंसना भी माना जा रहा है। इसी के चलते भाजपा की चुनावी मशीनरी ने भी सामने कड़ी चुनौती नहीं होने से ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। यह भी गर्मी के साथ कम मतदान का एक कारण माना जा रहा है।

## भिंड में दलित वोट बंटने से बदल सकता चुनाव का परिणाम

भिंड लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी सांसद संध्या राय को दूसरी बार टिकट दिया है। मुकाबले में कांग्रेस ने बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे और भांडेर से अपने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां पिछले पांच चुनावों से लगातार जीत रही है। 2019 में चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण हाथ का साथ छोड़कर बसपा से मैदान में उतर गए हैं। जानकार मान रहे हैं कि अब यहां दलित वोट तीन भागों में बंट सकता है। ऐसे में सवर्ण और ओबीसी वोट निर्णायक हो सकते हैं। कुल मिलाकर जातीय समीकरणों ने मुकाबला रोचक बना दिया है।



| 2019 | |
|---|---|
| 54% | 34% |
| भाजपा | कांग्रेस |
| **2014** | |
| 45% | 31% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## तानसेन की नगरी ग्वालियर में इस बार किसका सधेगा सुर-संगीत

ग्वालियर में भाजपा और कांग्रेस ने दोनों ने विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक प्रवीण पाठक को टिकट देकर मुकाबला को जातीय आधार पर कर दिया है। इन दोनों के संघर्ष में कांग्रेस छोड़कर आए कारोबारी कल्याण सिंह कंसाना बसपा से मैदान आकर लड़ाई तिकोनी बनाने में लगे हैं। डबरा विधानसभा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे कुर्ते की झोली फैलाकर लोगों से हाथ के लिए वोट मांग रहे हैं। यहां प्रत्याशी चयन में देरी के कारण कांग्रेस प्रचार में पिछड़ी नजर आती है। क्षत्रिय और ब्राह्मण बाहुल्य कही जाने वाली इस सीट पर ओबीसी वोटर यहां सबसे अधिक हैं।



| 2019 | |
|---|---|
| 52% | 40% |
| भाजपा | कांग्रेस |
| **2014** | |
| 44% | 41% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## एक नजर


सुभाष चंद्र


आनंद कुमार

### आज सेवानिवृत्त होंगे डीजी सुभाष चंद्र और आनंद कुमार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लंबे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद दो आईपीएस अफसर आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सेवानिवृत्ति के दौरान आज पुलिस मुख्यालय में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार समेत समस्त वरिष्ठ अफसर मौजूद रहेंगे। 1990 बैच के आईपीएस आफिसर सुभाष चंद्र वर्तमान में महानिदेशक साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं। मूल रूप से हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले सुभाष चंद्र ने यूपी में पुलिस विभाग के कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां निभाई। उधर, 1988 बैच के आईपीएस आनंद कुमार वर्तमान में महानिदेशक सीबीसीआईडी हैं। मूल रूप से पटना के रहने वाले आनंद कुमार को 2021 में अति उत्कृष्ट सेवा मेडल भी मिल चुका है।

### ईपीएफओ ने शिविर लगाकर सुनी समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से सोमवार को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक भविष्य निधि आयुक्त प्रतीश सिंह ने बताया कि लखनऊ कार्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सभी छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली में शिविर लगाए गए। जिसमें ईपीएफओ द्वारा नामित जिला नोडल अधिकारियों ने सदस्यों, पेंशनरों, नियोक्तायों की समस्याओं को सुनकर तत्काल मौके पर ही निस्तारण कराया।

### 182.07 लाख की पकड़ी गई शराब, ड्रग्स व नकदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव-2024 को प्रदेश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को प्रदेश में 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई। एक मार्च से अब तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित 90.42 लाख रुपये की 36,1700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग व आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

# पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह फिर भाजपा में, निष्कासन वापस

## दो साल पहले पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए किया था बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▶▶ एमएलसी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों पर शामिल होने का लगा था आरोप

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने एमएलसी और पूर्व मंत्री यशवंत सिंह का निष्कासन रद करते हुए उन्हें अपना लिया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को यशवंत सिंह को पत्र जारी कर उनका निष्कासन समाप्त कर दिया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वह फिर से पार्टी के विचारों के प्रति समर्पण व निष्ठा के साथ पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।

भाजपा ने अप्रैल 2022 में एमएलसी यशवंत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। उस वक्त यशवंत सिंह को आजमगढ़-मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपने बेटे विक्रांत सिंह रिशू को निर्दलीय चुनाव लड़ाने व प्रचार प्रसार करने का आरोपित पाया गया था।

**योगी के लिए ही खाली की थी परिषद की सीट :** योगी आदित्यनाथ के साल 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उस समय यशवंत सिंह सपा से विधान परिषद के सदस्य थे और जब योगी ने 2017 में उप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तब वह विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं थे। नियमानुसार छह माह के भीतर ही योगी को विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी था। उस समय सबसे पहले यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र देकर योगी के लिए विधान परिषद की राह आसान की थी।

योगी 2017-2022 के अपने पहले कार्यकाल में विधान परिषद सदस्य रहे और इस बार विधानसभा चुनाव में गोरखपुर शहर क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं। यशवंत सिंह को बाद में भाजपा ने विधान परिषद में भेजा। उनका कार्यकाल पांच मई 2024 तक है।

### घोसी से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे यशवंत

इस बीच सूत्रों के मुताबिक, यशवंत सिंह घोसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। घोसी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। भाजपा ने अपने सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर को गठबंधन के तहत यह सीट दी है।

## बसपा ने अमेठी में तीन उम्मीदवार घोषित किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी ने एक दिन बाद ही सोमवार को अमेठी में प्रत्याशी बदलते हुए तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवा लाल गौतम ने 10वीं सूची जारी करते हुए अमेठी से नन्हें सिंह चौहान, प्रतापगढ़ से प्रथमेश मिश्रा और झांसी से रवि प्रकाश कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने रविवार को अमेठी में रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया था। प्रत्याशित घोषित किये 24 घंटे भी नहीं बीतें, पार्टी ने प्रत्याशी बदलकर सभी को चौका दिया है। 5वें चरण की सीटों में अमेठी व रायबरेली सीट पर अभी तक कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है।

## कांग्रेस ने राजनाथ व स्मृति इरानी से पूछे सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को केंद्रीय मंत्रियों भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह व स्मृति इरानी से सवाल पूछे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि नामांकन करने वाले इन नेताओं को जनता के सवालों का जवाब देना जरूरी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राजनाथ सिंह ने देश के रक्षा मंत्री रहते हुए देश की भूभागीय अखंडता और अस्मिता से समझौता क्यों किया? उन्होंने कहा कि चीन की सेना लद्दाख में भारत की सीमा में घुसकर बैठी है। 52 पेट्रोलिंग प्वाइंट में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर हमारी सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दिया जा रहा है। विश्व की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलत बैंग ओल्डी के नीचे वाई जंक्शन पर पेट्रोलिंग प्वाइंट 10 से 13 तक चीन की सेना बैठी है। हमारे फिंगर एरिया 4 से 8 तक नया बफर जोन बना दिया गया है, जहां हमारी सेना को जाने की इजाजत नहीं है। नेताओं ने कहा कि अमेठी की सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी में अपनी आलीशान कोठी का निर्माण कराया, जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी अमेठी की जनता को बतौर सांसद अपने पांच काम बताएं फिर चुनाव में जायं। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, एडवोकेट प्रदीप सिंह, सचिन रावत, डॉ सुधा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय।

## साइबर क्राइम थानों में कार्मिकों का चयन प्रस्ताव चुनाव तक स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के 56 जिलों के साइबर क्राइम थानों में कार्मिकों की चयन प्रक्रिया चुनाव तक के लिए स्थगित कर दी गई है। प्रस्ताव की सूचना मिलने के बाद आयोग ने आपत्ति जताई थी। अपर मुख्य सचिव गृह ने तत्काल इस प्रस्ताव को स्थगित कर दिया है।

गौरतलब हो कि प्रदेश के 56 जिलों के साइबर क्राइम थानों में 25-25 कार्मिकों के चयन का प्रस्ताव तैयार किया गया था। चयन प्रक्रिया शुरू होनी थी। ऐसे में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रस्ताव को स्थगित रखा जाए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने तत्काल आदेश जारी करते हुए प्रस्ताव को स्थगित कर दिया है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर नीदरलैंड की राजदूत मैरी लुईसा जेराड्र्स ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ने प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। अमृत विचार

## परिवारवादी पार्टी बनकर रह गई हैं कांग्रेस, सपा, बसपा और राजद : नंदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा और राजद परिवारवादी पार्टी बनकर गई हैं। उन्हें भाई-भतीजा, पत्नी, बेटा-बेटी और अपने रिश्तेदारों के अलावा और किसी की सुधि नहीं है जबकि भाजपा सबका का साथ, सबका विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार व्यापारियों के हितों के लिए काम कर रही है। नंदी सोमवार को हाथरस के श्रीराम गार्डेन में भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान बाल्मीकि के समर्थन में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए जिस तरह से अपराधियों पर शिकंजा कसा है, उससे व्यापारियों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है। प्रदेश में व्यापारी आज बिना किसी भय या दबाव के कारोबार कर सकते हैं। कोई उन्हें परेशान नहीं कर सकता।

## बिजली कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन दिए गए पेंशन प्रपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन सोमवार को पेंशन प्रपत्र दिये गये। शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने इन कर्मियों को प्रपत्र सौंपे। कॉरपोरेशन की ओर से पिछले माह से इस तरह की नई शुरुआत हुई है, जिसके तहत कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन व अन्य प्रपत्र सौंपे जाते हैं।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पहले ऊर्जा निगमों में सेवानिवृत्ति के बाद कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिये परेशान होते थे। उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में पेंशन के 600 मामले लम्बित थे, जो तीन महीने में मात्र 92 रह गये हैं। पेंशन अदालतें चालू की गई हैं जो प्रत्येक तीन महीने पर लगाई जाती हैं।

सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों अध्यक्ष ने साधना भटनागर (प्रमुख निजी सचिव), रामनरेश पाल (सहायक अभियंता), लक्ष्मी नारायण पांडे (अवर अभियंता), रागिनी शर्मा (स्टेनोग्राफर) व अरुण कुमार पांडे (स्टेनो-ग्रेड-2) शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सोमवार को शक्ति भवन में सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन प्रपत्र सौंपते पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल व अन्य। अमृत विचार

## बिना मानक बने 100 से अधिक भवन दो जोनल अधिकारियों से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ जोन चार और पांच का अपर सचिव ने किया था सर्वे

**अमृत विचार :** बिना पार्किंग 100 से अधिक अवैध बिल्डिंग बनवाने के मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने दो जोनल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें जोन चार के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह और जोन पांच के जोनल अधिकारी राजकुमार शामिल हैं। जोन में बिना पार्किंग अवैध तरीके से बिल्डिंग बनवाने वाले अभियंताओं के भी नाम मांगे हैं।

शहर में अवैध तरीके से बन रही बिल्डिंगों की शिकायत आने के बाद एलडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को जोनवार सर्वे करके रिपोर्ट मांगी थी। सर्वे में अधिकारियों को कई जगह अवैध निर्माण होते मिले। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने जोन चार और पांच में बिल्डिगों की जांच की थी। उन्हें महानगर, अलीगंज, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, बीकेटी और सीतापुर रोड आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण होते मिले थे। एलडीए उपाध्यक्ष को अपर सचिव ने रिपोर्ट सौंप दी है। उपाध्यक्ष ने दोनों जोनल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

## पदोन्नति में आरक्षण पर अपना रुख साफ करें राजनीतिक दल

अमृत विचार, लखनऊ : आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने देश के सभी राजनीतिक दलों से पदोन्नति में आरक्षण पर अपना रुख साफ करने को कहा है। समिति के संयोजक अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण पर संशोधित बिल राज्यसभा से पारित होने के बाद लोकसभा में लंबित है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में कांग्रेस की सरकार में लोकसभा में सपा के सांसद ने बिल फाड़ दिया था, इसके बाद पदोन्नति बिल पारित कराने का कोई प्रयास अभी तक नहीं हुआ है। पिछले दस वर्षों से केंद्र में मोदी सरकार लंबित पदोन्नतियों में आरक्षण का बिल पास करने की बात तो दूर इस पर एक बार गंभीरता से चर्चा भी नहीं हुई।

## वर्ग पहेली-55

**बाएं से दाएं**

2. 1. चमड़े का काम करने वाला 2. जूते सीलने तथा बनाने वाला कारीगर।

5. 1. लेख आदि की प्रतिलिपि करने वाला व्यक्ति 2. लिखने वाला, लेखक 3. मुंशी, मुहर्रिर 4. लीथो प्रेस पर छपने के लिए एक विशेष कागज़ पर विशेष स्याही से लिखने का काम करने वाला व्यक्ति।

7. 1. हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी 2. खजांची।

8. 1. सीढ़ी 2. देहरी, चौखट, दहलीज़।

9. दम घोंटने वाला, सांस फुला देने वाला।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. घूंसा, मुष्टिकाप्रहार 2. वह प्रहार या चोट जिसके पड़ने से 'धम' शब्द हो; घमका।

3. एक औषधीय वनस्पति, यष्टिमधु, मुलेठी।

4. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाला एक शासक

6. तीन पहिए या चक्केवाला।

7. 1. अनुचर, हमेशा साथ-साथ रहने वाला 2. सेवक, नौकर, सेवा में रहने वाला 3. कर्मचारी।




### वर्ग पहेली-54 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ख | नि | 2 ज | ते | ल | |
| | | | मा | | | |
| | 3 तु | 4 क | मा | | 5 लि | |
| 6 हं | | 7 सा | र | भा | टा | |
| भा | | व | | | 8 ना | की |
| | 9 ठा | ट | बा | ट | | |

## उपलब्धि

### प्रदेश में सब्जी, फल व मसाले की 14 नई प्रजाति विकसित, अनुमोदन का इंतजार

# जल्द खाने को मिलेगी सरसों, आम व बेल की नई किस्म

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** सब्जी में सरसों, तरोई तो फल में आम, अमरूद, बेल व मसाले में खड़ी हल्दी की कुल 14 नई प्रजाति जल्द खाने को मिलेंगी। जिन्हें प्रदेश के कृषि और उद्यान विज्ञानियों ने पांच से छह साल के शोध के बाद विकसित किया है। इनमें सभी प्रजाति विशेष हैं लेकिन, सरसों सबसे अलग सिर्फ सब्जी के लिए पैदावार की जाएगी। यह फसल तेल के लिए नहीं होगी।

इसी तरह तरोई बुंदेलखंड के लिए विकसित की गई है। जो कम पानी और लागत में आसानी से वहां के किसान उगा सकेंगे। जबकि आम लाल, पीला और रंगीन, अमरूद अंदर से लाल और अधिक सफेद होगा। बेल में पोषकतत्व अधिक होंगे जो इम्यूनिटी बढ़ाएगा। आवंला भी चमकदार, आकार में बड़ा और किसी भी सीजन में किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों ने हल्दी की पैदावार बढ़ाने के लिए रोगमुक्त प्रजाति विकसित की है। इसकी गांठ बड़ी और अधिक औषधीय गुण वाली है। जो हर क्षेत्र में की जा सकेगी।



▶▶ बांदा, अयोध्या के कृषि विश्वविद्यालय व केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान ने किया शोध

> कृषि व उद्यान विज्ञानियों ने फल, सब्जी और मसाला की 14 प्रजाति विकसित की हैं। जिन्हें केंद्रीय बीज समिति को अधिसूचित होने के लिए भेजेंगे। इन प्रजाति की अलग-अलग खूबियां हैं। इनका स्वाद, रंग और आकार अलग है। सभी रोगमुक्त प्रजाति हैं। जो कहीं पर आसानी से पैदावार की जा सकेगी।
>
> -डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक, खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग

**अयोध्या, बांदा ने सब्जी, लखनऊ ने फल विकसित किया :** फल, सब्जी व मसाला में आम की दो, अमरूद चार, बेल तीन, आवंला दो, हल्दी, सरसों व तरोई की एक-एक नई प्रजाति है। इसमें केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) लखनऊ ने विज्ञानियों ने आम व अमरूद, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या ने सरसों, बेल, हल्दी, आवंला व कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा ने तरोई की प्रजाति विकसित की है। सभी पर राज्य बीज उप समिति (औषधीय फसलें) ने सहमति जताई है। अगले क्रम में इन प्रजाति को अधिसूचित होने के लिए खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग केंद्रीय बीज समिति को प्रस्ताव भेजने की तैयारी में है। केंद्र से स्वीकृति मिलने पर बीज तैयार नए नामों से किसानों को दिए जाएंगे।

## लोहिया के कर्मचारियों को नहीं मिला बोनस

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत तीन हजार से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अभी तक बोनस नहीं मिल पाया है। यह हाल तब है जब लोहिया संस्थान के संकाय प्रभारी मानव संसाधन की तरफ से संबंधित एजेंसी को तीन बार बोनस देने के लिए पत्र भेजा जा चुका है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। कर्मचारियों का कहना है कि होली और ईद जैसे बड़े त्यौहार बीत जाने के बाद भी अभी तक कर्मचारियों को बोनस नहीं मिला है। कुछ दिन पूर्व दो दर्जन से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बोनस न मिलने पर एक बैठक भी की थी। कर्मचारियों का कहना है कि कम वेतन होने के चलते बोनस उनके लिए बहुत जरूरी है। संस्थान के निदेशक डॉक्टर सीएम सिंह ने इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

## सुडोकू-134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

### सुडोकू-133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07.05 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** - आज विवाहित लोगों को अपने लिए कुछ नया करने का विचार मन में आएगा तथा आपका पार्टनर उसमे भरपूर साथ देगा जो आपको आनंदित करेगा। दोनों के बीच आपसी स्नेह में बढ़ोत्तरी होगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे।

**वृष** - आज अपने प्रतिद्वंद्वियों पर नजर बनाकर रखें क्योंकि वे आपका नुकसान कर सकते हैं। व्यापार में आपके पास ऐसे समझौते आएंगे जो दिखने में तो आकर्षित होंगे लेकिन यह आपके लिए अनुचित सिद्ध हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज नौकरी कर रहे लोगों का मन अपने काम से उब सकता है तथा वे अपने लिए नई नौकरी की तलाश कर सकते हैं। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे। आपको अपने मित्रों की ओर से कुछ अच्छा अवसर भी मिल सकता है।

**कर्क** - आज आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे जो व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। आपके मित्र भी आपका सहयोग करेंगे लेकिन आप किसी चीज़ को लेकर संशय में रहेंगे। भूमि संबंधी निवेश में लाभ मिलेगा। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे।

**सिंह** - आज आपके मृदु स्वभाव के कारण घर में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा सभी के मन में आपके प्रति सम्मान और बढ़ेगा। ऐसे में आपको अपने मित्रों का सहयोग भी मिलेगा जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी। मन में काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या** - आज उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे तथा आपके सहपाठी भी आपसे प्रसन्न होंगे। परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हो सकती है जिससे आपका मन आशंकित रहने की भी संभावना है।

**तुला** - आज प्रेम जीवन के लिए दिन उत्तम है। विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के प्रति कुछ यादगार अनुभव रहने की संभावना है जिससे आप दोनों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। आप किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** - आज स्कूल के छात्र अपना समय रचनात्मक कार्यों में देंगे जिसमें उन्हें आनंद की अनुभूति होगी। किसी भी कार्य को शुरू करते समय आप संशय में रहेंगे लेकिन अंत में उसमें सफलता मिलेगी। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे।


**धनु** - आज इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे लोगों को किसी का सहयोग मिल सकता है जिससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा तथा भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन मिलेगा। आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है।

**मकर** - आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम से संतुष्टि मिलेगी तथा ऑफिस में उनके काम की प्रशंसा होगी। सहकर्मी आपके काम से प्रसन्न होंगे तथा आपके साथ मिलकर कुछ नया प्लान भी करेंगे। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है तथा आपका अपने परिवार वालों के साथ संबंध और मधुर बनेगा। घर में कोई नई खुशी आ सकती है जिसमे सभी सम्मिलित होंगे। किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे तो उसमे असफलता मिलेगी।

**मीन** - आज श्वास की बीमारी से जुड़े रोगी अपना विशेष ध्यान रखें तथा प्रदुषण वाले क्षेत्रों से दूरी बनाकर रखें। अस्थमा के रोगियों को यदि कहीं बाहर जाना है तो हमेशा अपने साथ इनहेलर रखें। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 1 मई 04.09 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

B4U Movies
स्वीकार किया मैने
सुबह : 08.26
यमला पगला दीवाना
शाम : 05.52

Sony Max
अशिकी
सुबह : 11.00
हिट द फर्स्ट केस
रात : 09.00

Sony Pix
रेडी प्लेयर वन
दोपहर : 12.48
क्लैश ऑफ़ द टाइटन्स
शाम : 06.58

Zee Cinema
प्रेम
सुबह : 11.40
तमाशा
शाम : 06.00

Colors Cineplex
चिराग
सुबह : 09.23
अग्निपथ
रात : 09.33

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम :06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति – जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज– पर क्यों?
पति–जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज– एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से– तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड– मेरे पापा चीन के थे।
सोनू– तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड– वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू– हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72200 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 53800-54000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,650 |
| सोना रवा | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,100 |
| चांदी आभूषण | 82,000 |


## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000

# तगड़ी खरीदारी से लौटी रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

## अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया नतीजों और बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट से बाजारों में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**



- आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई पांच प्रतिशत की तेजी
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिरावट

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में पांच प्रतिशत की तेजी ली। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित लाभ 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ होने से शेयरों को रफ्तार मिली। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त में सफल रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से घरेलू स्तर पर बाजारों में उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया। पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97% और स्मालकैप सूचकांक में 0.07% की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंक खंड में 2.70% और वित्तीय सेवा खंड में 1.81% की तेजी रही जबकि रियल्टी एवं सेवा खंड में गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कारोबारी सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और बाजार एक प्रतिशत चढ़ गया। अनुकूल वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से कारोबार को समर्थन मिला।

### नियामक शुल्क पर सेबी के निर्देश के बाद बीएसई का शेयर 19% टूटा

**नई दिल्ली।** सेबी ने प्रीमियम मूल्य के बजाय अपने विकल्प अनुबंधों के कुल मूल्य के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे बीएसई के शेयर में सोमवार को 19 फीसदी की गिरावट आई। इसका कारण उसे अब अधिक नियामक शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। एनएसई पर शेयर 18.63 फीसदी गिरकर 2,612.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर 103.10 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। बीएसई ने शुक्रवार को एनएसई को बताया कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के मामले में कुल मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही उसे पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त विनियामक शुल्क का भुगतान ब्याज सहित करने को कहा गया है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक पत्र मिलने के एक महीने में उक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीएसई ने कहा था कि वह सेबी के पत्र के अनुसार दावे की वैधता का मूल्यांकन कर रहा है। सभी अनुबंधों के खरीद/बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि प्रीमियम टर्नओवर सभी अनुबंधों पर भुगतान किए गए प्रीमियम का योग है।

# बैंकों पर लुकआउट आदेश का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बंबई हाईकोर्ट ने कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट या एलओसी जारी करने से बैंक को रोका है

वित्त मंत्रालय बंबई हाईकोर्ट के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का मूल्यांकन करेगा। अध्ययन के बाद फैसला होगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

# ब्लूपाइन एनर्जी ने सौर परियोजना के लिए 418 करोड़ का लिया ऋण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र से सालाना 3.23 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

परियोजना से सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7 लाख मकानों को बिजली मुहैया कराई जा सकेगी। ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बताया कि गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एचडीएफसी बैंक के ऋण से संभव हुआ है। बयान में कहा गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 418 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।

## टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक से समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक से समझौता किया है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन उपाध्यक्ष राजेश कौल ने कहा कि हमारे ग्राहकों को उनके वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्तपोषण समाधान तक आसान पहुंच उनके संचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

# सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

**गुरुग्राम, एजेंसी**



- स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का लगाया था आरोप

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है। महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा कि इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा कि नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने कहा था कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु आहार की बिक्री की। इन आरोपों पर नेस्ले इंडिया के प्रमुख ने कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के भोजन के लिए हर उत्पाद वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा, "पोषण संबंधी पर्याप्तता का अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है।



## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 48 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किग्रा हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार और अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था। उनका नेटवर्क पांच देशों ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला था।, यह गिरोह जम्मू-कश्मीर और गुजरात में भी सक्रिय था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से नकदी गिनने की मशीन और तीन आलीशान गाड़ियों के साथ कुल 21 लाख रुपये की अवैध धनराशि भी जब्त की गई है। यादव ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के खेल को मिजोरम का बताया गया

**इंफाल।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के लोकप्रिय खेल को मिज़ोरम का बताए जाने के कुछ दिनों बाद भाजपा विधायक ने तत्काल इसमें सुधार की मांग की है। मणिपुर से भाजपा विधायक आर के इमो सिंह ने एक्स पर कहा, मुकना-कांगजेई मणिपुर का पारंपरिक खेल है। यह हॉकी का एक प्रकार है और इसमें कुश्ती भी शामिल है, इसलिए इसे कुश्ती-हॉकी के नाम से जाना जाता है। एनसीईआरटी ने इस खेल का मिज़ोरम से संबंध प्रकाशित कर बड़ी गलती की है। एनसीईआरटी को इस गलती को तुरंत सुधारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने शिक्षा संबंधी सामग्रियों में सटीकता के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय खेलों के संबंध में। शिक्षक संघ ने अधिकारियों से त्रुटि को जल्दी से ठीक करने का आग्रह किया।

### नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

**कोटा (राजस्थान)।** कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यार्थी ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा संदिग्ध आत्महत्या करने का यह सातवां मामला है। मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था, और एक साल से यहां कोचिंग संस्थान में एनईईटी की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है। सुकमा एसपी एसपी किरन के अनुसार सुरक्षाबल को मुखबिर से किस्टाराम थाना क्षेत्र के पेसेलपाड़ और उसके आसपास के पहाड़ों और जंगल में नक्सलियों की सूचना मिली थी। डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ 208 कोबरा बटालियन की टीम को मौके के लिए रवाना हुई। सुरक्षाबल के जवान जैसे ही मौके पर पहुंचे तभी नक्सलियों ने उन पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग गए। सर्च ऑपरेशन में जवानों ने घटनास्थल से हथियार समेत एक नक्सली का शव बरामद किया है।

### मलबे की चपेट में आई जीप, दो लोगों की मौत्

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जुब्बल उपमंडल के तहत सनेल में रविवार देर रात जीप के ऊपर भारी मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल राजीव संख्यान ने सोमवार यह जानकारी दी। सतीश मृतकों की पहचान रोहड़ू निवासी सतीश कुमार और बिशम्बर शर्मा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में क्रमश 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

# सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने किया कई याचिकाओं को खारिज

## धन शोधन में निलंबित आईएएस पूजा और यौन उत्पीड़न में संत शरणारू की जमानत याचिका की रद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- असाधारण मामला बताकर झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की याचिका रद कर दी

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए रद कर दी कि यह एक असाधारण मामला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से ईडी ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि मामले में सुनवाई जल्द पूरी होगी। आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार किए। यह कोई सामान्य नहीं बल्कि असाधारण मामला है। इस मामले में कुछ तो गलत है। हम याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। न्यायालय ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध किया और कहा कि हिरासत की कुल अवधि में से उन्होंने ज्यादातर वक्त रांची के अस्पताल में बिताया है। न्यायालय ने 10 फरवरी 2023 को सिंघल को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी ताकि वह अपनी बीमार बेटी की देखभाल कर सकें।

### यौन उत्पीड़न के आरोपी संत शरणारू की नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कई नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी संत शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू को कर्नाटक हाईकोर्ट से मिली जमानत रद करते हुए सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह उसे एक सप्ताह में हिरासत में ले। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने पीड़ितों में से एक लड़की के पिता की याचिका पर यह आदेश दिया। पीठ ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत गिरफ्तार आरोपी शरणारू को जमानत देने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आठ नवंबर 2023 के आदेश को पलट दिया और पुलिस से कहा कि उसे (संत) एक सप्ताह के भीतर हिरासत में ले लिया जाए।

### सेंथिल बालाजी की जमानत पर सुनवाई छह मई तक स्थगित

कोर्ट ने धन शोधन मामले में पिछले साल ईडी द्वारा गिरफ्तार किए तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत पर सुनवाई सोमवार को छह मई तक के लिए स्थगित कर दी। निदेशालय के वकील ने इस आधार पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपलब्ध नहीं हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। वकील ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

### अन्नामलाई के खिलाफ घृणा भाषण में सुनवाई पर रोक बढ़ाई

न्यायालय ने अक्टूबर 2022 में यूट्यूब चैनल पर साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ नफरती भाषण देने के आरोप में भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के विरुद्ध दर्ज मामले की सुनवाई पर लगाई रोक सोमवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शिकायतकर्ता को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश जारी रहेगा। नौ सितंबर से शुरू हो रहे सप्ताह में मामले को पुन: सूचीबद्ध करें। पीठ ने कहा कि यह एक निजी शिकायत है और मामले में राज्य को पक्षकार नहीं बनाया गया है।

# डॉ. कीर्ति काले को मिला निराला श्री सम्मान




नई दिल्ली के हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के आयोजित समारोह में निराला श्री सम्मान लेतीं डॉ. कीर्ति काले।

**नई दिल्ली**

- पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से किए गए सम्मानित

नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. कीर्ति काले को निराला श्री सम्मान और भोपाल के मदन मोहन समर को साहित्य भारतीय सम्मान दिया गया। पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, सम्मान ट्रॉफी, 21 हजार नकद आदि दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया रहे। जटिया ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने काव्य पाठ किया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी मंडल ने 39 वर्ष पूर्ण करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुंवर रायजादा, डॉ. शुभ्रा सिंह, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज,सरोज शर्मा,सरिता जैन, राकेश मेहरा, रमेश कुमार गंगेले, सुनीता पूनिया, एसएस डोगरा, बलजीत कौर तन्हा, विकास यश कीर्ति, शिव कुमार दाधीच (बीकानेर) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन और हरि प्रकाश आदि अनेक कवि और साहित्यकार उपस्थिति रहे।

मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता का जन्मदिवस भी मनाया गया। कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ : सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत, 22 घायल

**बेमेतरा, एजेंसी**



- कठिया गांव के पास पिकअप और मालवाहक की हई टक्कर, मृतकों में छह महिलाएं और तीन बच्चे शामिल

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई तथा 22 घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए।

पुलिस सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास पिकअप एक मालवाहक वाहन से टकरा गया, जिससे मौके पर ही पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना में 22 लोग घायल हो गए। पथर्रा गांव के लोग पिकअप से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने तिरैया गांव गए थे। जब वे लौट रहे थे तब पिकअप सड़क किनारे खड़े छोटे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अग्निया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (पांच), रिकेश निषाद (छह) और ट्विंकल निषाद (छह) के रूप में की गई है। इस दुर्घटना में 23 अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के बाद घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को दो अस्पतालों-बेमेतरा जिला अस्पताल और सिमगा सीएचसी में भर्ती कराया गया। चार की हालत गंभीर होने पर रायपुर भेजा गया, उनमें से रत्ना साहू (50) ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## सेक्स स्कैंडल विवाद: दोषी साबित होने पर राजग उम्मीदवार प्रज्वल पर होगी कार्रवाई: कुमारस्वामी

**शिवमोग्गा, एजेंसी**

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने हासन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल विवाद पर टिप्पणी करते हुए जद (एस) की जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

कुमारस्वामी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत है। उन्होंने कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एक कथित पेन ड्राइव साक्ष्य जारी करने के बारे में उन्होंने कहा कि इसका खुलासा उचित समय पर किया जाएगा। कुमारस्वामी ने पिछले जुलाई में यह मामला उठाया था, जिसमें सिद्दारमैया सरकार में एक कैबिनेट मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आरोप काफी बड़े हैं।

# रेवंत से शाह के फर्जी वीडियो मामले में जांच में शामिल होने के लिए दिल्ली पुलिस ने कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैलाए गए गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सिलसिले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने को कहा है।

पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया था। रेड्डी को पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन साथ लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल फर्जी वीडियो साझा करने में किया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सोशल मीडिया मंचों पर शाह का फर्जी वीडियो फैलाने के सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शिकायत के बाद रविवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। वीडियो में तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है जैसे कि आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों।

## सारण : हत्या मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

**छपरा।** सारण व्यवहार न्यायालय के सांसद विधायक न्यायालय ने हत्या के मामले में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम- सह- सांसद, विधायक के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने सुनवाई की। 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव के शत्रुघ्न गुप्ता की दुकान पर तारकेश्वर सिंह एवं संजीव सिंह और देवनाथ राय पहुंचे। तारकेश्वर ने शत्रुघ्न को गोली मार दी और उसे साथ ले गए। शत्रुघ्न का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के पास मिला था।

# मालदीव में भी एमडीएच मसाले प्रतिबंधित

- जांच में मिला एथिलीन ऑक्साइड भारत और अमेरिका में भी जांच कर रहीं एजेंसियां

माले, एजेंसी

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर के बाद मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी (एमएफडीए) ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी।

एमएफडीए ने कहा कि ये मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में आयात किए जाते हैं। बता दें, इस महीने की शुरुआत में हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में 'कीटनाशक' बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया, एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है। बता दें कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

### भारतीय कंपनी बोली-झूठे और निराधार आरोप




एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को खारिज किया करते हुए कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं और इनके कोई ठोस सबूत नहीं है। एमडीएच ने कहा, 'हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है। इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है।

# जयपुर, गोवा में हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर और गोवा हावाई अड्डों पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# सूर्य की तपिश से ऑक्सीजन निगल रही है वनाग्नि

**575** आग लगने की घटनाएं हुईं नवंबर से अब तक उत्तराखंड में

**690** हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए इससे, 14 लाख से ज्यादा का नुकसान

*भारत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी आम है। अधिकतर जंगलों में आग लगने की घटनाएं नवंबर से जून के बीच अधिक सामने आती है। तापमान, वर्षा, वनस्पति और नमी जैसे कई कारक आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदार हो सकते है। विशेषज्ञें के अनुसार, तीन कारक जंगल की आग के फैलने का कारण बनते हैं- ईंधन भार, ऑक्सीजन और तापमान। सूखी पत्तियां जंगल की आग का ईंधन होती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वेबसाइट बताती है कि भारत के लगभग 36 प्रतिशत जंगलों में अक्सर आग लगने का खतरा रहता है।*

- उत्तराखंड में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के जंगल में लगी आग चौथे दिन रविवार को भी जारी रही। वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाई। इस अभियान में अब एनडीआरएफ भी मदद कर रही है। रविवार को कई इलाकों में आग बुझा दी गई। हालांकि नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़ व बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। पिछले 24 घंटों में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुई हैं।



### क्यों भड़की आग

लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन की तरह हैं। चीड़ के जंगल इसमें पेट्रोल का काम कर रहे हैं। यों तो नैनीताल में चार दिनों से जंगलों में आग लगी हुई थी, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई।

### कहां-कहां फैली

नैनीताल जिले के भूमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के जंगलों में आग बुरी तरह भड़की, जहां वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने पानी की बौछारें छोड़ीं। पहले हेलिकॉप्टर को नैनी झील से पानी लेना था, इसके लिए थोड़ी देर के लिए इस झील में नौकायन रोकना पड़ा, लेकिन बाद में हेलिकॉप्टर ने भीम ताल से पानी लेने का फैसला किया।

## एक नजर

### केंद्र ने सूखा प्रबंधन को लेकर कर्नाटक को दिए 3 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार को लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ कर्नाटक सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से पूछा, कुछ राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### रूस के खिलाफ अब तेज होगी हथियारों की आपूर्ति: नाटो प्रमुख

**कीव।** नाटो प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग इस समय यूक्रेन यात्रा पर हैं। उन्होंने सोमवार को यूक्रेन से कहा कि हाल के महीनों में गठबंधन सदस्य सैन्य सहायता देने का अपना वादा पूरा करने में विफल रहे हैं, लेकिन अब हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति बढ़ेगी। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति तेज करने का अनुरोध किया है, जिससे रूस का मुकाबला किया जा सके। यूक्रेन की अघोषित यात्रा पर पहुंचे नाटो महासचिव स्टोलटेनबर्ग ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात कर युद्ध के हालात पर चर्चा की।

### स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा

**स्कॉटलैंड।** मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले



पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी। 39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

### केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटा, 40 की मौत, कई लोग लापता

**नाकुरु (केन्या)** केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक बांध टूट गया, जिससे करीब 40 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 40 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, जो कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## 26 हजार नियुक्ति रद करने पर हाईकोर्ट के फैसले को ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

# शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

कलकत्ता हाईर्ट के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

### संदेशखालि: आरोपी का बचाव क्यो कर रही है सरकार



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल से जुड़े एक और मामले में सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखालि मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे। पीठ के सवाल का जवाब देते हुए राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। वकील ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी (ईडी) को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 मई को होगी। हाई कोर्ट द्वारा ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए जाने में देरी को लेकर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। उन पर रांची के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। अपनी गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद यानी कि 16 अप्रैल को हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका दायर की थी। फिलहाल वह रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

### सीए परीक्षाएं स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा चुनावों के कारण मई में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षाओं के कुछ पेपर स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चुनाव की तारीखों पर परीक्षा तय नहीं की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव 7 और 13 मई को होने हैं और 6 मई और 12 मई को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने से परीक्षा के संचालन के लिए पहले से मौजूद व्यापक व्यवस्थाएं बाधित होंगी।

# रवांडा भेजने के लिए प्रवासियों को पकड़ने में लगी ब्रिटेन सरकार

- शरणार्थियों को हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में सोमवार से अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय दो हफ्ते तक चलाए जाने वाले इस अभियान में अवैध शरणार्थियों को देशभर से हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा है। देशभर में ऐसे सेंटरों की संख्या बढ़ाकर दो हजार से अधिक हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ शरणार्थी पहले से ही डिटेंशन सेंटर में हैं और उन्हें रवांडा भेजने के लिए चिह्नित भी किया जा चुका है। बता दें, इंग्लैंड में स्थानीय काउंसिल चुनाव के चलते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जल्दी में कार्रवाई की है। पिछले सप्ताह सुनक ने कहा था कि रवांडा के लिए पहली उड़ानें 10 से 12 हफ्ते में रवाना होंगी। ब्रिटेन से रवांडा भेजे जाने वाले लोगों में 5 हजार भारतीय भी शामिल हैं। ये लोग 1 जनवरी 2022 अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी की निदेशक डेनिसा डेलिक ने कहा कि, रवांडा में शरणार्थियों को भेजना क्रूर और महंगा है।

### बाइडन ने प्यूर्टो रिको में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को प्यूअर्टो रिको में डेमोक्रेट पार्टी के आंतरिक चुनाव में जीत हासिल की। रविवार को प्यूअर्टो रिको के डेमोक्रेटिक ने 65 में से 36 प्रतिनिधियों का चयन किया, जिसे उन्हें (प्यूअर्टो रिको) अगस्त के अंत में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सम्मेलन में भेजना है। बता दें कि प्यूअर्टो रिको के अमेरिकी नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं है। इस साल की शुरुआत में प्यूअर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रॉड्रिग्ज ने बताया था कि वह यहां के नागरिकों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

### बर्फ ने किया चक्का जाम



अनंतनाग : पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से वाहन फंसे रहे। मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से सैलानी पहाड़ी हिस्सा का रुख कर रहे हैं। ● एजेंसी

# अरब सागर में नौका से 173 किलोग्राम ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ दो दिनों तक चले संयुक्त अभियान में रविवार को अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 173 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया। रविवार को तटरक्षक बल का यह दूसरा अभियान था।

तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड (एटीएस) से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अपने जहाजों और विमानों को समुद्र में तैनात किया। संदिग्ध नौका की पहचान करने के बाद उसे तुरंत रोका गया। जांच में मछली पकड़ने वाली नाव लगभग 173 किलोग्राम ड्रग्स की तस्करी में शामिल पाई गई। नौका के चालक दल की जांच जारी है।

# खालसा दिवस पर ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तानी नारे

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में खालसा दिवस मनाया गया, जिसमें काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उनको संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकारों की रक्षा के लिए हम मौजूद हैं। इस बीच उपस्थित लोगों ने खालिस्तान के नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा कि कनाड़ा विविधता के कारण ही मजबूत है।

टोरंटो में रविवार को खालसा दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के साथ समझौता करने सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कनाड़ा की सबसे बड़ी शक्ति यहां की विविधता है, लेकिन यही मतभेदों के कारण ही मजबूत भी हैं।

### नारेबाजी को लेकर भारत ने किया सख्त विरोध

आयोजन में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी को जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार की तरफ से गहरी चिंता जताई गई और इसका कड़ा विरोध किया गया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह दर्शाता है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इस तरह की अभिव्यक्तियां एक तरफ भारत और कनाडा के बीच संबंधों को प्रभावित करती हैं, तो दूसरी तरफ कनाडा में हिंसा और अपराध के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

# रूस में आतंकी हमला 2 पुलिसकर्मी समेत 5 हमलावरों की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि 5 हमलावर भी मारे गए हैं।

रूस के आंतरिक मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा के अनुसार, रविवार देर रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में हुई गोलीबारी में चार अन्य अधिकारी घायल हो गए और सभी पांच हमलावर मारे गए। देश की शीर्ष राज्य आपराधिक जांच एजेंसी और जांच समिति ने इस हमले को लेकर कहा कि इन बंदूकधारियों ने एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र में एक अन्य पुलिस चौकी पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक अन्य घायल हो गया था।

# लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल

सना, एजेंसी

गाजा में इजराइल के हमले पर बढ़ते तनाव के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर से जहाज पर हमला किया है। इस मिसाइल हमले में एक तेल टैंकर और अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यमन के सादा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों का संचालन करते समय हमला किया गया और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया।

अल जजीरा के अनुसार, अमेरिकी सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन यमन के अंदर एक एमक्यू-9 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है। जिसकी जांच शुरू हो गई है। बता दें, गाजा में संघर्ष की शुरुआत के बाद से हूती द्वारा मार गिराया गया यह तीसरा अमेरिकी ड्रोन है, पिछली घटनाएं नवंबर और फरवरी में हुई थीं। इसके बावजूद, हूती पास के जलक्षेत्र में जहाजों के खिलाफ आगे के हमलों पर चुप्पी बनाए हुए हैं।

### बाइडन-नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत

**तेल अवीव।** व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

## विज्ञान


## यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने घटना के एक साल बाद किया खुलासा

# पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने दूर की आकाशगंगा में पहली बार दुर्लभ विशाल मैग्नेटार विस्फोट की खोज की है। इस तरह के महाविस्फोट हमारी आकाशगंगा में सिर्फ तीन बार ही देखे गए हैं। मैग्नेटार बहुत अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले तारे होते हैं।

यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने की खोज में बताया है कि, इस महा विस्फोट को 15 मई 2023 को देखा गया था। करीब एक साल बाद इस घटना का खुलासा हो पाया है। यह मैग्नेटार विस्फोट आकाशगंगा एम 82 में हुआ है। जब पहली बार इस घटना को देखा तो वैज्ञानिकों के लिए इस विस्फोट का रहस्य समझ से परे था। वैज्ञानिक इतना संमझ पाए थे कि सुदूर की आकाशगंगा में उत्पन्न यह विस्फोट का प्रकाश दुर्लभ है। इससे पहले कभी इस तरह की घटना नही देखी गई थी। जिसे समझने के लिए खगोल वैज्ञानिकों को गहन शोध करना पड़ा। यह विशाल मैग्नेटर विस्फोट पृथ्वी से केवल 12 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ था। इस विस्फोट की सच्चाई जानने के लिए यूरोपीय देशों के कई वैज्ञानिकों जुटे। तब पता चला कि यह मैग्नेटार का विस्फोट है। मैग्नेटार अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले युवा न्यूट्रॉन तारे हैं। इनका चुंबकीय क्षेत्र सामान्य न्यूट्रॉन तारे से लगभग 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली होता है और पृथ्वी से लगभग एक खरब गुना अधिक माना जाता है। पिछले 50 वर्षों में हमारी अपनी आकाशगंगा में केवल तीन ऐसी विशाल खगोलीय घटनाओं की पहचान की गई है और अब हमारे पास हमारी आकाशगंगा के बाहर से पुष्टि की गई ये पहली घटना है। इटली के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ-आईएएसएफ) के वैज्ञानिक सैंड्रो मेरेगेटी के नेतृत्व में यह खोज हुई।



मैग्नेटार तारे के चुम्बकीय क्षेत्र की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### 2004 में देखा गया था मैग्नेटार विस्फोट

हमारी अपनी आकाशगंगा में 2004 में मैग्नेटार विस्फोट देखा गया था। यह विस्फोट पृथ्वी से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। यह इतना शक्तिशाली था कि इसका प्रभाव पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर भी पड़ा था। मैग्नेटार विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो अपने नजदीकी तारों समेत ग्रहों को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं।

# भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूटा

- जयशंकर बोले-राजनीतिक बाधाओं से विकास पर पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गए हैं। इसके साथ ही राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों की वजह से इस क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। दिल्ली विवि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहा कि, दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण: आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना बहुत जरूरी हो गया है।

जयशंकर ने विश्वविद्यालय के छात्रों से बात करते हुए कहा, भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था या अभी होता। इसकी वजह से पूर्वोत्तर को जो विकास का स्तर देखना चाहिए था वह धीमा हो गया। इसके बाद पहले कुछ दशकों में विभाजन



के बाद राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों की वजह से पूर्वोत्तर को वह फायदा नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिला। केंद्रीय मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम अभी जो विकास देख रहे हैं, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं भारत सरकार को पहले की पूर्व दिशा की ओर देखना चाहिए और फिर उत्तर-पूर्वी राज्यों को देखना चाहिए।